सुविचार
जब आप प्रशंसा करते हैं, पर इसे पाने की इच्छा नहीं रखते, तो सच्ची खुशी मिलती है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹ 6.00 | वर्ष 19, अंक 14

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,891.02 | ↓ | -572.07 |
| डॉलर | 86.67 | ↑ | +0.15 |

देश में मानसून औसत बारिश 447.8 मिमी
आपके शहर में अब तक 174.3 मिमी | कम/ज्यादा -61.3 मिमी

नई दिल्ली, मंगलवार 29 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-पंचमी, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

**पॉजिटिव न्यूज**

### तिरुपतिः प्रॉपर्टी रजिस्ट्री होते ही ऑटो म्यूटेशन

तिरुपति | आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 1 अगस्त से ऑटो म्यूटेशन प्रणाली शुरू हो जाएगी। नई व्यवस्था के तहत, प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन होते ही स्वामित्व का विवरण नगर निगम के रिकॉर्ड में टैक्स से जुड़ी जानकारी के साथ खुद अपडेट हो जाएगा। रियल टाइम में बदलाव से समय बचता है, बिचौलियों की जरूरत खत्म होती है और कानूनी विवादों की आशंका कम हो जाती है। आमतौर पर शहरी स्थानीय निकायों में म्यूटेशन में दो सप्ताह से एक महीने-या उससे अधिक समय लग सकता है।

### अफसरों ने कुपोषित बच्चों को गोद लिया

गरियाबंद | छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए नई पहल शुरू की गई है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिह्नित बच्चों को जनप्रतिनिधि और अफसर गोद लेंगे। वे छह माह तक इन बच्चों की पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखेंगे। कलेक्टर, अपर कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी बच्चों को गोद लिया है। जिले में 920 बच्चे गंभीर कुपोषित हैं। इनमें से अब तक 680 को गोद लिया जा चुका है।

**आमने-सामने** • पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा

# सैन्य टारगेट पूरे होने पर ऑपरेशन सिंदूर रोका, दबाव में नहींः राजनाथ

### पाक घुटने टेकने को तैयार था तो क्यों रुकेः गोगोई

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चर्चा शुरू करते हुए कहा कि सशस्त्र बलों ने राजनीतिक-सैन्य लक्ष्य प्राप्त कर लिए थे। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर को विराम दिया। पाकिस्तानी डीजीएमओ ने हमले बंद करने का अनुरोध किया था। इसे रोकने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि अब डोजियर्स की जगह निर्णायक कार्रवाई ले चुकी है। आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए नया भारत किसी भी हद तक जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि चीन के साथ 1962 की जंग में हमने नहीं पूछा कि कितने टैंक, मशीने या बंदूकें ध्वस्त हुईं। हमने देश की जमीन और सैनिकों की चिंता की। 1971 की जंग में भी नहीं पूछा कितने प्लेन गिरे। दूसरी तरफ, विपक्षी सदस्यों ने पहलगाम हमले में सुरक्षा चूक के लिए गृह मंत्री अमित शाह से जिम्मेदारी लेने की मांग की। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा, गृह मंत्री एलजी के पीछे न छिपें। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान घुटने टेकने को तैयार था तो रुके क्यों? पीओके वापस कब लेंगे? चर्चा देर रात तक चली। गृह मंत्री शाह मंगलवार दोपहर 12 बजे और पीएम मोदी शाम को बोलेंगे।

-देश-विदेश पेज भी पढ़ें

### मार्क्स अच्छे हों तो ये नहीं देखते कितनी पेंसिल टूटी या पेन खोए



रक्षा मंत्री ने कहा- पहलगाम का बदला लेने 9 आतंकी ठिकानों पर हमले किए। 7 ठिकाने पूरी तरह नष्ट हुए। ऑपरेशन 22 मिनट चला। पाक हमारी किसी अहम संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। विपक्ष पूछता है कि कितने विमान गिरे। ये क्यों नहीं पूछते कि दुश्मन के कितने गिराए। ऑपरेशन सफल रहा। किसी सैनिक की क्षति नहीं हुई। परीक्षा में अच्छे मार्क्स आएं तो यह नहीं देखते कि एग्जाम में कितनी पेंसिल टूटी या पेन खो गए।

VS

### देश में सिर्फ 35 रफाल... इनमें से कुछ गिर गए, तो बड़ा नुकसान है



गोगोई ने कहा- ट्रम्प ने 26 बार कहा है कि उन्होंने युद्धविराम करवाया। पीएम ने किसके सामने आत्मसमर्पण किया? पीएम ने उरी और पुलवामा के बाद कहा था कि आतंकी ढांचा नष्ट कर दिया। अब भी वही कह रहे हैं। 5-6 जेट गिरने का दावा है। देश में 35 रफाल हैं। कुछ गिरे हैं, तो बड़ा नुकसान है। देश में सच सुनने का साहस है। रक्षा मंत्री बताएं कितने जेट गिरे? जनता ही नहीं, जवानों को भी बताना होगा। उनसे भी झूठ बोला जा रहा है।

### जयशंकर... 22 अप्रैल से 17 जून तक ट्रम्प-मोदी की बात नहीं हुई

विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्रम्प के दावे पर कहा- 22 अप्रैल से 17 जून तक ट्रम्प और पीएम मोदी की बात नहीं हुई। किसी मंच पर अमेरिका से ट्रेड पर बात नहीं हुई। यूएन के 190 देशों में से पाक के अलावा सिर्फ 3 ने ऑपरेशन का विरोध किया। यह ऑपरेशन क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद पर 'न्यू नॉर्मल' प्रतीक है।

### शाह... विपक्ष को अपने विदेश मंत्री पर नहीं, दूसरे देश पर भरोसा

विदेश मंत्री जयशंकर के भाषण में विपक्ष हंगामा करने लगा। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष को भारत के विदेश मंत्री पर नहीं, किसी और देश पर भरोसा है। इसलिए वहां बैठे हैं और 20 साल वहीं बैठेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा, 'मैं समझ सकता हूं आपकी पार्टी में विदेश का क्या महत्व है।'

### औवेसी... खून और पानी साथ नहीं बहेंगे तो क्रिकेट मैच क्यों खेल रहे?

एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी कौन लेगा? चार चूहे देश में कैसे घुसे? जब पाकिस्तानी विमान और नाव हमारे क्षेत्र में नहीं आ सकते, ट्रेड बंद है, तो क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं? आप कहते हैं कि खून और पानी साथ नहीं बहेंगे, फिर क्रिकेट क्यों खेल रहे हैं?

### शिवसेना... पहलगाम में पुलिस जवान तैनात क्यों नहीं किए थे

शिवसेना (उद्धव) के सांसद अरविंद गणपत सावंत ने कहा, 'पहले जब मैं कश्मीर गया था, तो चप्पे-चप्पे पर जवान खड़े रहते थे। उस दिन पहलगाम में जवान-पुलिस नहीं थे। किसने आदेश दिया था कि वहां पुलिस नहीं होगी। उस दिन सारे जवान कहां थे। क्या आतंकी नेपाल से वहां आए?

**घाटी में ऑपरेशन महादेव** • सेना के पैरा कमांडोज को बड़ी सफलता

# श्रीनगर में 3 आतंकी ढेर; इनमें एक पहलगाम हमले में थाः सूत्र

### तीनों आतंकी विदेशी, महादेव पर्वत पर छिपे थे

भास्कर न्यूज | श्रीनगर

आतंकवाद के खिलाफ सेना को बड़ी सफलता मिली है। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के बाहरी इलाके में सोमवार को सेना के विशिष्ट 4-पैरा कमांडोज ने तीन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। आतंकी श्रीनगर के हारवन इलाके की महादेव पर्वत की तलहटी में बसे मुलनार गांव में छिपे थे। इसलिए सेना ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन महादेव नाम दिया।

आईजीपी कश्मीर विधि कुमार बिर्दी ने बताया कि तीनों शवों की पहचान में कुछ समय लगेगा। वहीं, सैन्य सूत्रों ने बताया कि मारे गए आतंकियों में 22 अप्रैल को पहलगाम हमले का कथित मास्टरमाइंड सुलेमान उर्फ हासिम मूसा भी है। 26 पर्यटकों की हत्या का प्लान इसी ने बनाया था। दूसरा आतंकी जिब्रान है, जो पिछले साल अक्टूबर में हुए सोनमर्ग टनल हमले में था। जबकि तीसरा आतंकी हमजा अफगानी है। एक तकनीकी संकेत मिलने के बाद तीनों आतंकियों की घेराबंदी शुरू की गई थी। फिलहाल ऑपरेशन खत्म हो गया है। आतंकियों से एक एम4 कार्बाइन, दो एके राइफल और 8 ग्रेनेड समेत कई हथियार मिले हैं। सैन्य सूत्रों ने बताया कि मूसा पाकिस्तान की स्पेशल फोर्स का प्रशिक्षित पैरा कमांडो और गुप्त अभियानों का एक्सपर्ट था। बाद में वह आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा। इसकी पहचान पहलगाम हमले के बाद गिरफ्तार 14 कश्मीरी ओवर ग्राउंड वर्कर्स में से एक ने की थी।

**भास्कर इनसाइट**

### एक चीनी सैटेलाइट फोन 2 दिन पहले सक्रिय हुआ, इसी से मिला पहला सुराग



मारे गए तीनों आतंकियों की फोटो। इनके पास कई हथियार मिले हैं।

मुदस्सिर कुलू | श्रीनगर

सेना के पैरा कमांडोज ने ऑपरेशन महादेव किसी मुखबिर की सूचना पर नहीं, बल्कि एक चाइनीज सैटेलाइट फोन के फिर से एक्टिव होने पर शुरू किया था। सैन्य सूत्रों ने बताया कि यह वही फोन था, जो 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के वक्त सक्रिय था। लेकिन, हमले के बाद बंद हो गया था। दो दिन पहले फिर से एक्टिव हुआ और इसकी लोकेशन महादेव पर्वत के पास मिली। यह पर्वत दाचीगाम वन्यजीव अभ्यारण्य में है। यहां गाड़ियां नहीं जातीं। आतंकियों तक पहुंचने के लिए खड़ी चढ़ाई, नाले, घनी झाड़ियों से होते हुए 3 घंटे की पैदल ट्रैकिंग करनी थी। इसलिए पैरा स्पेशल कमांडोज की टीम को चिनार के पेड़ों से भरे जंगल में उतारा गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के कमांडोज और सीआरपीएफ जवान बैकअप में थे। आतंकियों तक धीरे-धीरे पहुंचने की रणनीति बनी। लगभग एक दिन पैदल चलने के बाद सोमवार सुबह 11 बजे आतंकियों से पहला संपर्क हुआ। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद मूसा पर 20 लाख रुपए का इनाम रखा गया था।

### जहां मारे गए, वहां से 38 किमी दूर है पहलगाम

जहां आतंकियों से मुठभेड़ हुई, वो इलाका श्रीनगर को पहलगाम की बैसरन घाटी से जोड़ने वाला ट्रैकिंग मार्ग भी है। इस पर 35 किमी चलकर और 4 पर्वत पारकर दो दिन में पहलगाम पहुंचा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह रास्ता मानचित्रों पर चिह्नित नहीं है। लेकिन, इसका उपयोग चरवाहे करते हैं। हमें पूरी आशंका है कि आतंकियों ने पहलगाम हमले के लिए भी इसी रास्ते का उपयोग किया था।

देश की पहली वुमन चेस वर्ल्ड कप विजेता बनीं **दिव्या देशमुख** • 38 साल की हम्पी को हराया

# शतरंज का दिव्य शिखर

भास्कर न्यूज | बटुमी (जॉर्जिया)

19 साल की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख देश की पहली महिला वर्ल्ड कप चैंपियन बन गई हैं। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी में खेले गए फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल (फिडे) चेस वुमन वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की ही ग्रैंडमास्टर 38 वर्षीय कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक में हरा दिया। फाइनल के दो क्लासिकल मुकाबले शनिवार-रविवार को खेले गए, जो ड्रॉ रहे थे। अगले दिन टाईब्रेक हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मार ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने दिव्या को बधाई दी।

- दिव्या देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर हैं। जबकि हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली चौथी भारतीय महिला हैं।
- हम्पी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनी थीं, तब दिव्या पैदा भी नहीं हुई थीं। फिडे रेटिंग में हम्पी 5वें तो दिव्या 18वें नंबर पर हैं।
- दिव्या पिछले साल विश्व जूनियर चैंपियन बनी थीं। इसके 13 महीने बाद उन्होंने दूसरा सबसे बड़ा खिताब जीता है।
- दिव्या ने कहा कि 24 दिन पहले जब टूर्नामेंट शुरू हुआ, मेरे पास ग्रैंडमास्टर बनने के तीन में से एक भी नॉर्म नहीं थे। इस जीत से मुझे वो नाम भी मिल गया।



जीत के बाद दिव्या अपने आंसू नहीं रोक पाईं। बाद में मुस्कुराईं।

### आप विधायक अमानतुल्लाह व 10 अन्य के खिलाफ आरोप तय

नई दिल्ली | आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को सोमवार को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली वक्फ बोर्ड में सीईओ और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों में अनियमितताओं से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवन्यू कोर्ट ने अमानतुल्लाह और 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने सोमवार को अमानतुल्लाह और महबूब आलम पर साजिश रचने और भ्रष्टाचार के, जबकि बाकी 9 लोगों पर साजिश रचने के आरोप तय किए हैं। ओखला विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ बीते कई सालों से कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं का मामला लंबित है।

### यूपीः छांगुर पांच दिन की ईडी रिमांड पर



भास्कर न्यूज | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण रैकेट के सरगना जलालुद्दीन उर्फ छांगुर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5 दिन की रिमांड पर लिया है। सोमवार को उसे कड़ी सुरक्षा में लखनऊ में एनआईए स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी। अब वह 1 अगस्त तक ईडी की रिमांड पर रहेगा। ईडी उससे हवाला, विदेशी फंडिंग और प्रॉपर्टी से जुड़े तमाम लेनदेन और तमाम आर्थिक सूचनाओं पर पूछताछ करेगी। वहीं, उसकी कोर्ट में पेशी के दौरान छांगुर 17 दिन बाद कैमरे के सामने दिखा। पहली बार वह बिना चश्मे के नजर आया। 10 जुलाई को एटीएस ने छांगुर और नसरीन को 7 दिन की रिमांड पर लिया था। उस दौरान छांगुर ने मोटे ग्लास का चश्मा लगा रखा था। एटीएस प्रमुख अमिताभ यश ने कहा था कि छांगुर के खिलाफ दर्ज एफआईआर की कॉपी ईडी को सौंपी गई है। छांगुर और नसरीन से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** यहां हर 5 मिनट में बदलता मौसम, बारिश बंद ही नहीं होती

# भीमाशंकर... दर्शन अप्रतिम, रास्ता अविस्मरणीय



भगवान भीमाशंकर का अभिषेक करते श्रद्धालु।

भीमाशंकर (महाराष्ट्र) से नवनीत गुर्जर

श्रावणी सोमवार। गुजरात और महाराष्ट्र के लिए पहला। शेष देश के लिए तीसरा। पाइए ज्योतिर्लिंग भीमाशंकर के दर्शन। नासिक से 200 और पुणे से 125 किलोमीटर। नाम सुनते ही पहला सवाल। भीम तो यहां आए नहीं होंगे। क्योंकि उन्होंने तो केदारनाथ में भगवान शंकर को पीछे से पकड़ लिया था। पांडवों को दर्शन फिर भी नहीं दिए थे। पिछला भाग केदारनाथ में रह गया और खुद अपना मुंह लेकर काठमांडू में जा विराजे थे, जहां पशुपतिनाथ कहलाते हैं। जवाब मिला- कि भगवान शंकर के पसीने से जो नदी निकली उसका नाम भीमा पड़ा इसलिए इस ज्योतिर्लिंग का नाम भीमाशंकर पड़ा।

खैर, दर्शन तो अप्रतिम रहे लेकिन यहां पहुंचने का रास्ता भी खूब छान। यानी और भी अविस्मरणीय। हर पांच मिनट में यहां मौसम बदलता है। थोड़ी बहुत धूप निकल आए तो अगल- बगल के पहाड़ किसी बूढ़े ऋषि की तरह नजर आते हैं। दूसरे ही मिनट जब बारिश होती है तो इन्हीं पहाड़ों से बहते असंख्य झरने कभी भोले शंकर की जटाओं जैसे लगते हैं तो कभी उनकी जटा से बहती गंगा की मानिंद। गड्ढों से भरी सड़क वैसी ही है जैसे भुज से धोलावीरा का रास्ता। वहां आसपास नमक का समुद्र है। यहां कोहरे की सफेद चादर। सड़क के सिवाय न वहां कुछ दिखता, न यहां। वो सदियों पुरानी सभ्यता का सबूत है। ये श्रद्धा का समुद्र। मंदिर की ओर चलें तो पांच किमी पहले ही पार्किंग करनी होती है। यहां से बसें मंदिर तक छोड़ती हैं। करीब चार किमी लंबी दोहरी कतार। कोई चार घंटे से लगा था, कोई पांच घंटे से और आधा रास्ता ही तय कर पाया था। हालांकि भीड़ इतनी भी नहीं है कि अपनी खाल भी दूसरे की कमीज लगे। जैसी महाशिवरात्रि पर काशी में लगती है। करीब एक सवा किमी तक सीढ़ियां हैं। वैसी ही जैसी पावागढ़ में हैं। वहां सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां उतरनी पड़ती हैं। दर्शन की व्यवस्था त्र्यंबक से बहुत अच्छी। - शेष पेज 10 पर





**खतरे के निशान से नीचे पहुंचा यमुना का पानी**

दिल्ली में यमुना का पानी खतरे के निशान से नीचे पहुंच गया है। सोमवार को शाम को 4 बजे यमुना के पुराने पुल के पास 202.6 दर्ज किया है। जबकि यमुना में खतरे का निशान 205.33 है। हिमाचल में लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ का ख़तरा बना हुआ था। हालांकि अभी तक यमुना का पानी सबसे ज्यादा 208.66 रहा।

एलजी के आदेश पर डॉ. गौरव प्रधान और 28 एमएस-एमडी के ट्रांसफर का मामला

# नियम ताक पर रख डॉक्टरों के ट्रांसफर, कैट ने रद्द किए

शेखर घोष | नई दिल्ली

सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) की प्रिंसिपल बेंच ने सोमवार को दिल्ली सरकार को बड़ा झटका दिया। कैट की प्रिंसिपल बेंच ने एलजी वीके सक्सेना के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसके तहत 28 अप्रैल को इंदिरा गांधी अस्पताल में ट्रांसफर कर डॉ. गौरव प्रधान की नियुक्ति की गई थी। साथ ही, नियमों को ताक पर रखकर दिल्ली सरकार के द्वारा किए गए 28 एमएस और एमडी के ट्रांसफर के आदेश को कैट ने रद्द कर दिया है।

दैनिक भास्कर ने 1 मई को 'नियमों -वरिष्ठता को ताक पर रख जूनियर डॉक्टरों को बना दिया एमएस और एमडी' शीर्षक से प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित कर बताया था कि दिल्ली सरकार के फैसले से सीनियर डॉक्टरों में नाराजगी है और उनके बीच इस फैसले को लेकर विरोध शुरू हो गया है। दरअसल, 28 अप्रैल को हुए ट्रांसफर को लेकर कैट के द्वारा दिए गए आदेश को नियमों के अनुसार नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी (एनसीसीएसए) से पास नहीं करवाया गया, जबकि एक्ट के अनुसार एनसीसीएसए से आदेश को पास करवाना आवश्यक था। इसलिए इस ट्रांसफर के ऑर्डर पर सवाल खड़ा हो गया। कैट ने अपने आदेश के पैरा 8.3 में साफ-साफ लिखा है कि एनसीसीएसए एक्ट के अनुसार एलजी को ग्रुप 'ए' के ऑफिसर के ट्रांसफर का अधिकार तो है, लेकिन किसी भी ग्रुप 'ए' के सर्विस कंडिशन और नेचर ऑफ द सर्विस को बदलने का अधिकार नहीं है। यह पावर को केवल केंद्र के डीओपीटी को है, जो मिनिस्ट्री होम डिपार्टमेंट के अंतर्गत आता है। कैट के इस आदेश के बाद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में पीड़ित डॉक्टर काफी खुश हैं। चर्चा है कि अब 28 एमएस और एमडी डॉक्टर आदेश को कैट में चुनौती देंगे, क्योंकि कैट के आदेश से खुलासा हो गया है कि 'ए' रैंक के कई डॉक्टरों के ट्रांसफर के लिए एनसीसीएसए की मंजूरी नहीं ली गई थी।

### चर्चा- एलजी से सही तथ्य क्यों छिपाए

कैट के आदेश के बाद दिल्ली सरकार के दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन, डीजीएसएच और अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों में चर्चा शुरू हो गई है कि डॉ. गौरव प्रधान के ट्रांसफर के मामले में सही तथ्य एलजी वीके सक्सेना से क्यों छुपाए गए। एलजी वीके सक्सेना से डॉ. गौरव प्रधान के सही तथ्य छुपाने में सीएम रेखा गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार, पूर्व हेल्थ सेक्रेटरी डॉ. एसबी दीपक या फिर स्पेशल हेल्थ सेक्रेटरी दानिश अशरफ जिम्मेदार हैं। बता दें कि डॉ. गौरव प्रधान का इंदिरा गांधी अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया था, जबकि वहां टीचिंग कैडर की पोस्ट ही नहीं थी और डॉ. गौरव प्रधान सेंट्रल हेल्थ सर्विसेस टीचिंग कैडर के हैं। कुछ डॉक्टरों ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि उन्हें एलएनजेपी अस्पताल से इसलिए हटाया गया, क्योंकि सीनियॉरिटी के हिसाब से उनका नाम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के लिए माना जा रहा था, जबकि सरकार एक महिला अधिकारी को वहां तैनात करना चाह रही थी।

### पुनर्विचार वाला पत्र सरकार के पास भेजा

डॉ. गौरव प्रधान के पुनर्विचार के अनुरोध वाले पत्र को एलजी सचिवालय ने दिल्ली सरकार के पास भेज दिया था, लेकिन इस अनुरोध पर दिल्ली सरकार ने कोई विचार नहीं किया। इसके विपरीत दिल्ली सरकार के हेल्थ सेक्रेटेरिएट के आदेश का अमल नहीं करने पर डॉ. गौरव प्रधान को 11 जुलाई को मेमो और 22 जुलाई को डिप्टी सेक्रेटरी एचआर मेडिकल शरद कुमार ने मेमोरेंडम जारी कर प्रेशराइज्ड करने की कोशिश की और उन्हें धमकी दी गई थी कि ड्यूटी पर जॉइन नहीं करने पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कैट ने सरकारी आदेश को गैरकानूनी माना

*कैट ने अपने आदेश में डॉ. गौरव प्रधान के बारे में दिए गए दिल्ली सरकार के आदेश को गैरकानूनी माना है। सेंट्रल हेल्थ सर्विस टीचिंग पोस्ट को दिल्ली हेल्थ सर्विस के नॉन टीचिंग पोस्ट पर ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। कैट ने अपने आदेश में कहा है कि ग्रुप 'ए'के अधिकारियों के ट्रांसफर का अधिकार एलजी को है। नियमों के अनुसार, सेंट्रल हेल्थ सर्विस टीचिंग पोस्ट को दिल्ली हेल्थ सर्विस के नॉन टीचिंग पोस्ट पर ट्रांसफर का अधिकार नहीं है।*
**-नीलांश गौड़,** अधिवक्ता

एनजीटी की रिपोर्ट • नजफगढ़ ड्रेन के बाद सबसे अधिक प्रदूषित कर रहा है साहिबाबाद ड्रेन

# यमुना में यूपी की 1700 फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एनजीटी की एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश के 1700 से अधिक फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी रोज साहिबाबाद ड्रेन के द्वारा यमुना नदी में बहाया जा रहा है। वहीं दिल्ली की रेखा सरकार यमुना को साफ करने के लिए करोड़ों रुपए की योजना बना रही है।

गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से निकलकर शाहदरा ड्रेन फैक्टरियों से दूषित जल को यमुना में गिरता है। एनजीटी ने अपने रिपोर्ट में कहा है कि गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से निकलकर टीला मोड़, पसौंडा, शालीमार गार्डन, शहीद नगर, रामप्रस्थ ग्रीन, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4, वैशाली व गाजीपुर होते हुए शाहदरा ड्रेन से यमुना में गिरता है। दिल्ली व गाजियाबाद के कई घनी आबादी वाले इलाकों और करीब 1700 फैक्ट्रियों का अपशिष्ट इसी नाले के जरिए यमुना में पहुंच रहा है। इतना ही नहीं प्रदूषित नाले में घरेलू सीवेज के साथ-साथ साहिबाबाद साइट-4 की सैकड़ों फैक्ट्रियों का औद्योगिक अपशिष्ट भी पहुंचता है। इससे यह न केवल यमुना को प्रदूषित कर रहा है बल्कि इसके किनारे बसे इलाकों का भूजल भी तेजी से दूषित हो रहा है। पर्यावरणविदों के अनुसार इस पानी का उपयोग किसी भी रूप में मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक है।

### दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की रिपोर्ट से खुली पोल

एनजीटी को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के द्वारा दी गई हलफनामों से करीब 1700 फैक्ट्रियों के द्वारा यमुना को प्रदूषित की जा रही हालिया रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि यमुना में गिरने वाले 27 प्रमुख नालों में से साहिबाबाद ड्रेन सबसे प्रदूषित है। डीपीसीसी के रिपोर्ट के मुताबिक बीओडी व सीओडी के स्तर कई गुना ज्यादा पाए गए हैं, जो न केवल जलीय जीवों के लिए खतरनाक हैं बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी चिंताजनक विषय हैं।

### नाले के किनारे से अतिक्रमण हटाने व सफाई के दिए थे आदेश

सामाजिक कार्यकर्ता सुशील राघव के अनुसार एनजीटी ने उनके याचिका पर सरकारों को सख्त निर्देश दिए थे कि नाले के किनारे से अतिक्रमण हटाया जाए, नाले की सफाई हो और नाले को प्रदूषण मुक्त किया जाए, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का कोई असर नहीं हुआ। अब तक न तो फैक्ट्रियों का अपशिष्ट रोकने के लिए ठोस उपाय किए गए हैं और न ही नाले के उपचार की कोई प्रभावी व्यवस्था लागू की गई। पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सुशील राघव ने मांग की है कि सरकार को इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

### तापमान / मौसम

दिन 29.0° अधिकतम | रात 23.0° न्यूनतम

आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। गरज/बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

### शहर में आज

• **फिल्मः ...महापात्रा को श्रद्धांजलि**
कहांः सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, 6.30 बजे से
• **संगीत : आयुष गुरुंग की जोड़ी**
कहांः द पियानो मैन जैज क्लब, 8.30 बजे से

### डीयू यूजी दाखिलाः दूसरी आवंटन सूची जारी, कल तक सीट करनी होगी स्वीकार

**नई दिल्ली** | दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने सोमवार को कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के तहत स्नातक (यूजी) प्रवेश 2025 के लिए दूसरी सीट आवंटन सूची आधिकारिक तौर पर जारी कर दी है। जिन उम्मीदवारों को दूसरे राउंड में सीट आवंटित की गई है, उन्हें 30 जुलाई शाम 4.59 बजे के बीच अपनी सीट की पेशकश स्वीकार करनी होगी। यदि किसी उम्मीदवार को एक से अधिक सीट मिली है, तो उन्हें किसी एक सीट को स्वीकार कर आगे की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद, संबंधित कॉलेज 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन और अनुमोदन करेंगे। छात्रों के लिए की अंतिम तिथि 1 अगस्त है।

### आईपी यूनिवर्सिटी एमबीबीएस दाखिलाः बाद में भी दे सकेंगे 11वीं की मार्क्सशीट

**नई दिल्ली** | आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के एमबीबीएस प्रोग्राम में दाखिले के लिए जिन्होंने 11वीं की मार्क्सशीट अपलोड नहीं की वे बाद में भी कर सकते हैं। उन्हें दाखिला प्रक्रिया से बाहर नहीं किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि यूनिवर्सिटी से संबद्ध 3 मेडिकल कॉलेजों में दाखिले में दिल्ली राज्य का 85 प्रतिशत कोटे के लिए आवेदक का दिल्ली के किसी स्कूल से 11वीं और 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके लिए 11वीं और 12वीं की मार्क्सशीट एक ही पीडीएफ में अपलोड करनी होती है। यूनिवर्सिटी ने साफ किया है, आवेदकों से दस्तावेज सत्यापन के समय 11वीं की मार्क्सशीट अपलोड करा ली जाएगी।

आप सरकार ने 175 करोड़ ठेकेदार को दिए

# बारापूला ऐलिवेटेड परियोजना की जांच करेगी एसीबीः सीएम

**बचा कार्य शीघ्र शुरू होगा, तय समय में दौड़ेगा यातायातः गुप्ता**



भास्कर न्यूज|नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने आम आदमी पार्टी पर सोमवार को बारापूला ऐलिवेटेड परियोजना में 175 करोड़ रुपये का ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा(एसीबी) को जांच का काम दे दिया है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को वित्त व्यय समिति की बैठक में निर्माणाधीन बारापूला ऐलिवेटेड रोड, फेज-III की समीक्षा की गई और निर्माण में बरती गई अनियमितताओं और ठेकेदार कंपनी को 175 करोड़ का भुगतान करने की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा से कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में इस परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही पर भी चर्चा हुई और विभिन्न कारणों से इस परियोजना में देरी होने पर चिंता जताई गई। सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उनका कहना है कि धनराशि का भुगतान इसलिए किया गया, क्योंकि पूर्व सरकार ने कंपनी को कार्य नहीं करने दिया था। परियोजना का यह ऐलिवेटेड रोड बारापूला नाले से शुरू होगा और सराय काले खां होते हुए मयूर विहार फेज-III तक पहुंचेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अलावा संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सीएम रेखा गुप्ता को जानकारी दी गई कि इस परियोजना शीघ्र ही गति पकड़ लेगी, क्योंकि परियोजना के मार्ग के आने वाले पेड़ों को हटाने का अनुमति जल्द मिलने वाली है। इसके बाद यह परियोजना समय पर पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इस प्रोजेक्ट में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। सरकार इस परियोजना के लिए बजट की कमी नहीं आने देगी।

### भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक और उदाहरण

बैठक में बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि यह प्रोजेक्ट भी पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही का एक और उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को अक्तूबर 2017 में पूरा हो जाना था। लेकिन विभिन्न कारणों से यह परियोजना पिछड़ती गई। मामला आब्रिट्रेशन (मध्यस्थता) में चला गया, जहां से ठेकेदार कंपनी के पक्ष में फैसला आया और उसे 120 करोड़ रुपये अदा करने का आदेश दिया गया। लेकिन जब कंपनी को यह राशि अदा नहीं की गई तो वह हाई कोर्ट में चली गई।






# दिल्ली में जलभराव पर हाईकोर्ट सख्तः एजेंसियों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को राजधानी में जलभराव और बारिश के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या पर सुनवाई करते हुए कहा कि नगर निगम (एमसीडी), जल बोर्ड (डीजेबी), पीडब्ल्यूडी और अन्य एजेंसियों के बीच जिम्मेदारियों को लेकर भारी भ्रम है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा है कि वह राजधानी में प्रशासन और प्रबंधन को केंद्रीकृत करने पर फैसला ले।

कोर्ट ने कहा कि तूफानी पानी की निकासी की नालियां एमसीडी के अधीन हैं, जबकि सीवेज लाइनें डीजेबी के पास हैं। इस वजह से दोनों एजेंसियां अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रही हैं और नतीजा यह है कि नालियों की सफाई नहीं हो रही, जिससे दिल्ली में भारी जलभराव हो रहा है। सुनवाई के दौरान महारानी बाग की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने एक नई याचिका दाखिल की। इसमें कहा गया कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्रवाई से एक नई समस्या खड़ी हो गई है। कोर्ट को बताया गया कि रिंग रोड की दीवारों में कुछ छेद या वेल मार्क्स हैं, जिनसे पानी महारानी बाग कॉलोनी में घुस रहा है और वहां जलभराव हो रहा है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत पी.एस. अरोड़ा की बेंच ने कहा कि दिल्ली में कई एजेंसियों के काम करने से समन्वय की भारी कमी है। कोर्ट ने कहा कि उसे एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीजेबी, डीडीए, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसी एजेंसियों को बुलाकर एक राय बनानी पड़ रही है ताकि उसके निर्देशों को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके।

## विधानसभा का मानसून सत्र 4 से, पेपरलेस होगा कामकाज

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का मानसून सत्र 4 अगस्त अगले सप्ताह सोमवार को बुलाया गया है। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना से प्राप्त आदेश के बाद विधानसभा के सचिव रंजीत कुमार ने सोमवार को 4 अगस्त से सत्र शुरू होने की जानकारी दी है। दिल्ली में रेखा सरकार बनने के बाद यह तीसरा मानसून सत्र होगा। इस बार विधानसभा का सत्र कई मायनों में खास होगा। सत्र में पेपरलेस कामकाज हो इसके लिए नए सॉफ्टवेयर से लेकर सभी विधायकों को पिछले दिनों आईपैड और मोबाइल पर काम करने की ट्रेनिंग भी दी गई थी। इसके साथ ही दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा ) को लागू करने की प्रक्रिया तेजी से होने और आगामी मानसून सत्र से पहले इसके पूर्ण होने की संभावना जताई है। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित होगा। विधानसभा परिसर में 500 किलोवाट क्षमता वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसका संचालन सत्र शुरू होने के दौरान किया जाएगा। दिल्ली विधानसभा पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित बन जाएगी।

## जवानों के लिए फुट ओवर ब्रिज 10 महीने में, टेंडर प्रक्रिया शुरू

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को बताया गया कि दिल्ली कैंट इलाके में राजपूताना राइफल्स के जवानों की आवाजाही के लिए बनने वाला फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीने में तैयार हो जाएगा। यह जानकारी दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की ओर से पेश स्टेटस रिपोर्ट में दी गई।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत पी.एस. अरोड़ा की बेंच ने इसके बाद दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को एफओबी के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के साथ-साथ पुलिया की मरम्मत का काम भी जारी रहेगा।

दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 और 24 जुलाई को हुई बैठकों में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), पीडब्ल्यूडी और राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट सेंटर समेत सभी सरकारी एजेंसियों ने 10 महीने में एफओबी का निर्माण पूरा करने पर सहमति जताई है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सेना ने अस्थायी समाधान के तौर पर एक बैली ब्रिज बनाने का फैसला किया है।

सिटी एंकर

खान-पान पर नियंत्रण की कमी ने फैटी लिवर को पहले से बना दिया आम

# फैटी लिवर सिर्फ़ लिवर के लिए ही चिंता का विषय नहीं रहा, पूरे स्वास्थ्य के लिए बन गया है बड़ा खतराः एम्स

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

फैटी लिवर अब सिर्फ़ आपके लिवर के लिए ही चिंता का विषय नहीं रह गया है, यह आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा ख़तरा बन गया है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर दिल्ली एम्स के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रो शालीमार ने कहा, दुनिया भर में लगभग 30 प्रतिशत लोग फैटी लिवर के साथ जी रहे हैं और यह समस्या यूं ही चुपचाप नहीं बैठी है। समय के साथ फैटी लिवर फाइब्रोसिस, स्टीटोहेपेटाइटिस और अंततः लिवर कैंसर का कारण बन सकता है। पिछले 10 से 15 वर्षों में, फैटी लिवर लिवर कैंसर का प्रमुख कारण बन गया है। यहां तक कि हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी से भी आगे निकल गया है। प्रो शालीमार ने कहा, हम देख रहे हैं कि फैटी लिवर में तेज़ी से वृद्धि हो रही है, जिससे लिवर कैंसर सहित गंभीर जटिलताएं पैदा हो रही हैं। यह अब सिर्फ़ पाचन संबंधी समस्या नहीं रही, यह आपके लिवर के लिए एक टाइम बम बन गया है।

### आहार, व्यायाम की कमी से बढ़ रहा फैटी लिवर

फैटी लिवर का एक बड़ा कारण आज हमारी जीवनशैली है। आहार, व्यायाम की कमी और अपने खान-पान पर नियंत्रण की कमी ने फैटी लिवर को पहले से कहीं ज़्यादा आम बना दिया है। हम ज़रूरत से ज़्यादा कैलोरी ले रहे हैं, लेकिन उसे बर्न नहीं कर पा रहे हैं, जिससे मोटापा बढ़ रहा है। मोटापा सिर्फ़ लिवर को प्रभावित करने तक ही सीमित नहीं है। यह हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों की समस्याओं और लिवर रोग का भी द्वार खोलता है। दिल्ली एम्स में गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो प्रमोद गर्ग ने कहा, लिवर आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म के नियंत्रण केंद्र की तरह है। जब यह ठीक से काम नहीं करता, तो बाकी सब कुछ बिगड़ सकता है। फैटी लिवर चाहे शराब से हो या नहीं, इन महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को बाधित करता है और जानलेवा स्थितियों को जन्म दे सकता है।

हेपेटाइटिस ए और ई रोके जा सकने वाली बीमारियां लिवर ट्रांसप्लांटेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ अभिदीप चौधरी ने कहा, हेपेटाइटिस ए और ई काफी हद तक रोके जा सकने वाली बीमारियां हैं। जागरूकता और असुरक्षित पानी के सेवन के कारण इनमें वृद्धि देखते हैं। हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं में घातक हो सकता है और लिवर रोग वाले लोगों में तीव्र लिवर फैलियर का कारण बन सकता है। कुछ मामलों में तीव्र हेपेटाइटिस ए गंभीर लिवर फैलियर का कारण बन सकता है, जिसके लिए लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है।

### फैटी लिवर से कैसे बचें

रोकथाम आपके हाथ में है। शुरुआत एक स्वस्थ आहार पर ध्यान केंद्रित करके करें। डॉ अभिदीप चौधरी ने कहा, आपकी प्लेट का आधा हिस्सा ताजी हरी सब्जियों और फलों से भरा होना चाहिए। फास्ट फूड कम करें और अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें। लेकिन आहार ही सब कुछ नहीं है। व्यायाम भी उतना ही महत्वपूर्ण है। 30 से 45 मिनट व्यायाम करने का लक्ष्य रखें। सुनिश्चित करें आप उन कैलोरी को बर्न कर रहे हैं और अपने लिवर को आवश्यक देखभाल दे रहे हैं।

### स्थायी समिति की अध्यक्ष ने भजनपुरा वार्ड का दौरा कर सफाई व्यवस्था जांची

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने स्थानीय विधायक अजय महावर के साथ शाहदरा उत्तरी जोन के भजनपुरा वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने क्षेत्र में नाले और नालियों की स्थिति का जायजा लिया और साफ-सफाई की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख नालों के साथ-साथ छोटी नालियों की भी समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए उन्होंने अतिरिक्त कर्मचारियों और मशीनों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, गलियों और सड़कों पर पानी जमा न हो, इसके लिए नियमित सफाई और नालियों की निगरानी बेहद आवश्यक है। क्षेत्र की समग्र स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एमसीडी के 336 सफाई कर्मी हुए नियमित, मेयर ने सौंपे पत्र



**नई दिल्ली** | दिल्ली की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेयर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान 336 सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर डिप्टी मेयर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, पार्षद योगेश वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त (डीईएमएस) अनिल कुमार एवं एमसीडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा, सफाई कर्मचारी एमसीडी की स्वच्छता प्रणाली की रीढ़ हैं। वे दिन-रात मेहनत करके दिल्ली को स्वच्छ और रहने योग्य बनाते हैं। भाजपा शासित एमसीडी अपने सफाई कर्मचारियों को सम्मान स्थायित्व और सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नियमित हुए कर्मचारियों में 172 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, 28 करुणा मूलक आधार पर नियुक्त सफाई कर्मचारी तथा 136 (पूर्व में छूटे) सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
क्विज - 86
आज अखबार में सोने के कितने सिक्के छपे हैं?
A:5 B:6 C:8
क्विज 84 का सही जवाब A है।
विजेताओं के नाम अंदर के पेज पर देखें।
आज के सवाल का जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, मंगलवार 29 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-पंचमी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**

**अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस**

2010. दुनियाभर में बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 2022 की गणना के अनुसार देश में 3682 बाघ हैं।

**सुप्रीम कोर्ट** • बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन मामले में दो-टूक...

## ड्राफ्ट लिस्ट पर रोक नहीं, पर खामी मिली तो सब रद्द करेंगे

### आधार और वोटर कार्ड में प्रामाणिकता, इन्हें स्वीकारें

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता एडीआर ने पूरी प्रक्रिया में खामियों का हवाला देकर प्रकाशन पर अंतरिम रोक की मांग की थी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कहा, 'कोर्ट की शक्ति को कम मत आंकिए। भरोसा रखिए। अगर आपकी (एडीआर की) दलील सही लगी और कोई गैरकानूनी बात मिली, तो हम तत्काल पूरी प्रक्रिया रद्द कर देंगे।'

कोर्ट ने आयोग से आधार और वोटर आईडी को मान्य दस्तावेज के तौर पर स्वीकार करते रहने को भी कहा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, 'राशन कार्ड फर्जी हो सकते हैं, पर आधार व वोटर आईडी में प्रामाणिकता की धारणा है।' इससे पहले 10 जुलाई को जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने भी यही सलाह दी थी। ड्राफ्ट लिस्ट 1 अगस्त और अंतिम लिस्ट 30 सितंबर को प्रकाशित होनी है। एडीआर व विपक्ष का दावा है कि यह प्रक्रिया करोड़ों मतदाताओं को वोटिंग के हक से वंचित कर सकती है। एडीआर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शंकरनारायणन और आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी पेश हुए। पीठ अंतिम सुनवाई की समय-सीमा 29 जुलाई को तय करेगी।

**कोर्ट रूम लाइव**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस धरती पर कोई भी दस्तावेज फर्जी हो सकता है

**एडीआर:** निर्वाचन आयोग वोटर आईडी और आधार पर कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन कर रहा है।
**आयोग:** वोटर लिस्ट संशोधन है, पंजीकरण नहीं। आधार और वोटर कार्ड स्वीकार कर रहे हैं, पर सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के साथ।
**एडीआर:** हलफनामे के बावजूद जमीन पर स्थिति अलग है।
**आयोग:** केवल वोटर कार्ड पर निर्भर नहीं सकते, वरना इस प्रक्रिया की जरूरत नहीं है।
**जस्टिस सूर्यकांत:** इस धरती पर कोई भी दस्तावेज फर्जी हो सकता है। आयोग फर्जीवाड़े को मामले-दर-मामले के आधार पर निपटा सकता है। **व्यापक पैमाने पर निकालने (मतदाताओं को) की जगह, व्यापक पैमाने पर जोड़ा जाना चाहिए।**
**आयोग:** बिहार में 20 वर्षों से गहन पुनरीक्षण नहीं हुआ। शहरी पलायन और जनसंख्या बदलाव को देखते हुए यह जरूरी है।
**कोर्ट:** अगर कोई केवल आधार अपलोड करता है, तो उसे शामिल क्यों नहीं कर सकते?
**आयोग:** आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है। सपोर्टिंग दस्तावेज के साथ स्वीकार्य है। हम मतदाता सूची की शुद्धता चाहते हैं।
**एडीआर:** अगर आयोग का 24 जून का आदेश रद्द नहीं किया गया, तो लाखों नागरिक बिना उचित प्रक्रिया के वोटर लिस्ट से बाहर हो सकते हैं, जो संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ है।
**आयोग:** सियासी दलों ने 1.5 लाख बूथ एजेंट नियुक्त किए हैं। सभी दल प्रक्रिया में शामिल हैं।
**राजद:** बीएलओ को विशेष विवेकाधिकार देने से मनमानी की आशंका है। फर्जी हस्ताक्षर करके भी फॉर्म अपलोड किए गए हैं।
**एडीआर:** कृपया अदालत यह भी कहे कि एसआईआर प्रक्रिया इस बारे में पेश 'याचिकाओं के निर्णय के अधीन' होगी।
**कोर्ट:** कहना जरूरी नहीं, क्योंकि ऐसा समझा गया है।

### एक अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी

एसआईआर प्रक्रिया का पहला चरण पूरा हो गया है। अब निर्वाचन आयोग एक अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित करेगा। करीब 64 लाख लोगों के नाम इस लिस्ट में नहीं होंगे। आयोग ने इस पर आपत्ति और सुधार के लिए एक महीने का समय दिया है। आयोग के फैसले को राजद, एडीआर समेत कई लोगों ने कोर्ट में चुनौती दी है।

**न्यूज ब्रीफ**

### चेन्नई: नवजात की उंगलियां कटीं, 33 लाख का जुर्माना

चेन्नई | चेन्नई के एक अस्पताल में लापरवाही के कारण नवजात के हाथों में गैंगरीन हो गया। उसके दाहिने हाथ की पांचों उंगलियां काटनी पड़ीं। नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन ने अस्पताल और डॉक्टर को इसके लिए दोषी माना। साथ ही, पीड़ित परिवार को 33 लाख रु. मुआवजा देने का आदेश दिया है।

### 5 साल में देश में 1.78 लाख हेक्टेयर में नए पौधे लगाए

नई दिल्ली | देश में 2019-20 से 2023-24 के बीच 1,78,261 हेक्टेयर जमीन पर नए पौधे लगाए गए। यह कुल तय लक्ष्य 2,09,297 हेक्टेयर का 85% है। यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट में दी गई है। इसके अनुसरार, वनीकरण के लिए बनाए गए कैम्पा फंड में गुजरात, चंडीगढ़, मिजोरम और मध्यप्रदेश ने अपने-अपने लक्ष्य 100% पूरे किए।

### पाक: दिलीप कुमार-राज कपूर के घरों की मरम्मत

पेशावर | पाकिस्तान के पेशावर में दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार व राज कपूर के पुश्तैनी घरों की मरम्मत का काम सोमवार से शुरू हो गया। इस प्रोजेक्ट पर करीब 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे दो साल में पूरा किया जाएगा। इन्हें म्यूजियम में बदला जाएगा। 2014 में इन दोनों घरों को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया गया था।

### डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी में मौलाना पर केस

लखनऊ | सपा की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ एक टीवी डिबेट में आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में इसे महिला सम्मान के खिलाफ बताया गया है। साथ ही, धार्मिक वैमनस्य और सामाजिक तनाव फैलाने की कोशिश भी बताया गया है।

### दिल्ली हाई कोर्ट में उदयपुर फाइल्स पर कल सुनवाई

नई दिल्ली | दिल्ली हाई कोर्ट 30 जुलाई को 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म की रिलीज को लेकर केंद्र सरकार की मंजूरी के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा।



जैसलमेर पूनमनगर गांव में सोमवार को बालिका स्कूल का गेट और पिलर गिरने से सात साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों और परिजनों ने नाराजगी जताई और बच्चे के शव को लेकर स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। परिजनों का आरोप है कि स्कूल का मैन गेट काफी समय से जर्जर हालत में था, फिर इसे ठीक क्यों नहीं करवाया गया।?

**हमारे बच्चे मर रहे हैं और मंत्री कह रहे**

### सरकारी प्रोसेस है, टाइम लगता है, कोई घर का काम तो है नहीं कि जेब से पैसे निकाल कर दे दो



स्कूलों की मरम्मत का एक सरकारी प्रोसेस होता है। टेंडर होता है, टाइम लगता है। ये कोई घर का काम तो है नहीं कि जेब से पैसे निकाल कर दे दो। - **मदन दिलावर,** शिक्षा मंत्री (भरतपुर में एक प्रश्न के जवाब में कहा था)

**एक और मृत्युशाला...** प्रिंसिपल ने पहले ही प्रशासन को बताया था... फिर भी घटना

## राजस्थान: स्कूल में लोहे का गेट और पिलर बच्चे पर गिरा, मौत

भास्कर न्यूज | जैसलमेर

झालावाड़ में सरकारी स्कूल के ढहने से 7 बच्चों की मौत के 3 दिन बाद ही जैसलमेर में भी ऐसी घटना हो गई। पूनमनगर में बालिका स्कूल का गेट गिर गया। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई जबकि एक टीचर गंभीर रूप से घायल हो गया। मरने वालेछात्र की पहचान अरबाज (7) पुत्र तालब खान के रूप में हुई है। सिस्टम ने यह लापरवाही तब भी बरती जब कुछ दिन पहले कार्यवाहक प्रिंसिपल ने गेट के जर्जर होने की सूचना आला अफसरों को दे दी थी। सोमवार को छुट्टी के समय अरबाज बहन के इंतजार में स्कूल के गेट के पास खड़ा था। इसी दौरान पत्थर का पिलर और लोहे का गेट गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कलेक्टर ने ग्राम विकास अधिकारी को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं।

इधर, स्कूलों की जर्जर इमारतों और संसाधनों के अभाव मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्रालय, बाल विकास मंत्रालय, मुख्य सचिव, एसीएस शिक्षा, प्रमुख बाल कल्याण सचिव और राष्ट्रीय बाल आयोग से जवाब मांगा है।

### लक्ष्य सेन पर एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, उनके परिवार और कोच के खिलाफ जन्म प्रमाणपत्र में गड़बड़ी के मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में आपराधिक कार्रवाई जारी रखना न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने कहा कि जिन आरोपों की पहले जांच हो चुकी है और जिन्हें सक्षम अधिकारियों ने खारिज कर दिया था, उन्हें दोबारा उठाना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस मामले में कोई नया सबूत नहीं है, जिससे जांच दोबारा शुरू की जाए।

**कर्नल सोफिया टिप्पणी केस** • मंत्री की ऑनलाइन माफी संदिग्ध: शीर्ष कोर्ट

## मप्र के मंत्री विजय सार्वजनिक माफी मांगें, हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लें: सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक बयान के मामले में कड़ी टिप्पणी की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने वकील के. परमेश्वर से पूछा कि क्या मंत्री विजय शाह ने पूर्व में कोर्ट द्वारा दिए आदेशों के अनुसार समुचित सार्वजनिक माफी मांगी है। परमेश्वर ने कहा, मंत्री ने ऑनलाइन माफी मांग ली है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ऐसी माफी (ऑनलाइन) का क्या मतलब है, हम सार्वजनिक माफी के बारे में पूछ रहे हैं। बेंच ने कहा, मंत्री विजय शाह हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं, ऑनलाइन माफी मांगना उनकी मंशा पर संदेह पैदा करता है। परमेश्वर ने कहा, माफी को रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। एसआईटी ने बताया कि जांच रिपोर्ट को 13 अगस्त की समयसीमा से पहले पूरा कर लिया जाएगा। अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया ब्रीफिंग करने वालीं सेना की कर्नल सोफिया को मप्र के मंत्री विजय शाह ने 'आतंकियों की बहन' बताने वाला विवादित बयान दिया था।



मंत्री विजय शाह

### विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता डॉ. जया ठाकुर की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कर्नल सोफिया पर टिप्पणी के लिए विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने एसआईटी को जया की याचिका में उजागर की गई घटनाओं की जांच के आदेश दिए।

**जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट के तीखे सवाल**

## समिति के सामने पेश हो चुके तो अब सवाल क्यों उठा रहे

### पूछा-क्या पहले अनुकूल रिपोर्ट की उम्मीद में थे

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी आवास से कैश मिलने के मामले में सोमवार को जस्टिस यशवंत वर्मा से सख्त सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि जब उन्होंने खुद ही जांच समिति के सामने पेश होकर प्रक्रिया में हिस्सा लिया, तो अब वे उस रिपोर्ट को कैसे चुनौती दे सकते हैं? जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जांच समिति की रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की है। यह रिपोर्ट उनके खिलाफ अनुशासनहीनता का आरोप लगाती है।



जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने पूछा कि जस्टिस वर्मा ने जांच पूरी होने और रिपोर्ट आने तक इंतजार क्यों किया? क्या वे पहले जांच समिति से अनुकूल रिपोर्ट की उम्मीद कर रहे थे? जस्टिस वर्मा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें लगा कि समिति यह पता लगाएगी कि नकदी किसकी थी। उन्होंने कहा कि समिति के सामने पेश होना उनके खिलाफ नहीं गिना जाना चाहिए।

सिब्बल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत किसी जज के खिलाफ सार्वजनिक बहस नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर वीडियो जारी करना, मीडिया में आरोप लगाना और सार्वजनिक आक्रोश पैदा करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच समिति की रिपोर्ट को महाभियोग की प्रक्रिया का आधार नहीं बनाया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने रिकॉर्ड से बाहर की बातों को खारिज कर दिया। शेष पेज 10 पर

### याचिका में खामियों पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका में की गई प्रक्रियागत गलतियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि याचिका में पार्टी के रूप में रजिस्ट्रार जनरल को जोड़ा गया है, जबकि शिकायत सुप्रीम कोर्ट की प्रक्रिया को लेकर है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता एक पेज में बिंदुवार जानकारी दें और गलतियों को ठीक करें।




### राम रहीम केस में गवाह के परिवार को दी सुरक्षा

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

सिरसा में करीब 400 अनुयायियों को कथित तौर पर नपुंसक बनाने के मामले में सोमवार को पंचकूला सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले के शिकायतकर्ता व मुख्य गवाह को डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह से अपनी जान का खतरा है। इसलिए उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की थी जिस पर सीबीआई ने स्टेटस रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि गवाह के परिवार को सीबीआई द्वारा सुरक्षा प्रदान कर दी गई है जबकि मुख्य गवाह के वीडियो कांफ्रेंस के जरिए गवाही को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हुई। हालांकि इस पर सीबीआई कोर्ट 2 अगस्त को फैसला देगी।

**तृणमूल का भाषा आंदोलन** • पूजा पर चुनावी असर

## इस बार बंगाली भाषा थीम पर कोलकाता के बड़े दुर्गा पंडाल

प्रभाकर मणि तिवारी | कोलकाता

नवरात्रि सितंबर में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल के भव्य दुर्गा पंडालों की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। ये पंडाल अपनी थीम और सजावट के चलते दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं, लेकिन इस बार पंडालों पर बंगाली भाषा आंदोलन की झलक नजर आएगी।

कोलकाता में करीब 24 बड़े पंडालों में ज्यादातर तृणमूल समर्थित हैं। बागुईहाटी इलाके के अश्विनी नगर बंधुमहल क्लब ने बंगाली भाषा को थीम बनाया है। पिछले बार बारोवारी यानी पारंपरिक पूजा की थीम थी। समिति संयोजक स्वरूप नाग बताते हैं कि पांच कलाकार इस थीम को आकार देंगे। इसमें बंगाल की भाषाई विरासत को दर्शाएंगे। पाथुरिया घाट पांचेर पल्ली पूजा समिति ने भी बांग्ला भाषा को थीम बनाया है। समिति अध्यक्ष एलोरा साहा तृणमूल पार्षद हैं। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में जो घटनाएं बंगालियों के साथ हुईं, उसे देखते हुए हमने यह थीम चुनी है। इसमें बांग्ला शब्दों की विरासत से पंडाल सजा रहे हैं। उत्तर कोलकाता की श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब की पूजा में सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। यहां आधुनिक भवनों की थीम रही है, लेकिन इस बार बांग्ला भाषियों का इतिहास इसमें दिखाएंगे। इस पंडाल के सर्वेसर्वा सरकार के मंत्री सुजीत बोस हैं। क्लब के सचिव डीके गोस्वामी बताते हैं कि बीते साल तिरुपति मंदिर की थीम थी। शेष पेज 10 पर

### भाषा आंदोलन शुरू... ममता की रैली, 3 किमी पैदल चलीं



बंगाल में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस चीफ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाली भाषा और अस्मिता का मुद्दा जोर-शोर से उठा रही हैं। सोमवार को उन्होंने भाषा आंदोलन की शुरुआत बीरभूम जिले के बोलपुर से कर दी। उन्होंने यहां 3 किमी लंबी रैली निकाली और कहा कि बाहरी राज्यों में रहने वाले बंगाल के प्रवासी मजदूर लौट आएं। हम उन्हें ट्रेन से लाएंगे। रोजगार देंगे।

## बांके बिहारी मंदिर मामला: सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कितने मंदिरों का प्रशासन सरकारों ने अपने हाथ में लिया?

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वृंदावन स्थित ऐतिहासिक ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति से पूछा कि देश में अब तक कितने मंदिरों का प्रशासन राज्य सरकारों ने कानून बनाकर हाथ में लिया है। कोर्ट ने कहा, 'जो भी चढ़ावा या दान मिल रहा है, बेहतर होगा कि जाकर पता लगाएं कि कितने मंदिरों का प्रशासन सरकारों ने अपने अधीन किया है।' जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ मंदिर प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए 'श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025' की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि अध्यादेश मंदिर प्रशासन को राज्य सरकार के अधीन कर देता है, जो एक निजी धार्मिक संस्था के अधिकारों का उल्लंघन है। समिति ने आरोप है कि राज्य सरकार का कदम दुर्भावनापूर्ण है, क्योंकि मंदिर की जमीन खरीदने के लिए फंड के इस्तेमाल पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन 80
इस कूपन को काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं।

**भास्कर खास** भारत का फैशन मोमेंट... 4 साल में पेरिस फैशन वीक से लेकर हॉलीवुड स्टार्स तक की पहली पसंद बने कार्तिक

## भारतीय परिधान को ग्लोबल पहचान दिला रहे कार्तिक, हर डिजाइन में झलकती है गुमनाम कारीगर की कहानी; ब्रैड पिट जैसी हस्तियों की वॉर्डरोब में बना चुके हैं जगह

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | पंजाब में पले-बढ़े और अमेरिका में पढ़े कार्तिक कुमरा ने 2021 में 'कार्तिक रिसर्च' की शुरुआत की थी। एक ऐसा फैशन ब्रांड जो भारत की लोक-कलाओं और कारीगरों की अनदेखी दुनिया को ग्लोबल रैंप पर ले जाने के जुनून से पैदा हुआ। केवल चार साल में कार्तिक का नाम उन युवा डिजाइनर्स में शुमार हो गया है जिनकी डिजाइनिंग में 'ट्रेंड' नहीं, 'सच्चाई' बोलती है।



हॉलीवुड के स्टार ब्रैड पिट हों या केंड्रिक लैमर या एनबीए प्लेयर स्टीफन करी, इनके वॉर्डरोब में कार्तिक के कपड़े शामिल हैं। इस साल हुए पेरिस फैशन वीक में जब उन्होंने रैम्प डेब्यू किया, तो उनके साथ भुज, बनारस, और मालवा के दर्जनों कारीगरों की मेहनत भी दुनिया के सामने चल रही थी। वो कहते हैं हम कपड़े नहीं, कहानियां बुनते हैं।

**भारतीय शिल्प को दिखावे से पहचान तक लाने की सोच है कार्तिक रिसर्च...**

कार्तिक ने पहले इंजीनियरिंग की। इसके बाद अमेरिका से हायर स्टडीज। अमेरिका में रहकर उन्होंने महसूस किया कि भारत का परंपरागत शिल्प वैश्विक मंच पर सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गया है न कि पहचान। इसी सोच ने कार्तिक रिसर्च को जन्म दिया। उन्होंने बनारसी सिल्क, भुजोड़ी बुनाई, बाग प्रिंट और पंजाबी फुलकारी से शुरुआत की। पर इसे आधुनिक सिल्हूट और स्ट्रीटवियर अप्रोच में ढालकर पेश किया। पहला कलेक्शन अमेरिका के इंडी स्टोर्स में आया और वहीं से पहला ब्रेक मिला।

कार्तिक का लेबल, बाकी ब्रांड्स की तरह तेजी से बदलते ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागता। वे कहते हैं, मैं ट्रेंड नहीं फॉलो करता, मैं जड़ों को एक्सप्लोर करता हूं। 2025 की पेरिस फैशन वीक में, जहां लुई वीटॉन और प्राडा तक भारतीय डिजाइन और पैटर्न को आधुनिक फैशन में शामिल कर रहे थे, वहीं कार्तिक का शो भारतीयता का अपमानजनक विदेशीकरण नहीं, बल्कि सच्चा जश्न था। उनकी टीम अब भारत के अलग-अलग राज्यों में टेक्सटाइल परंपराओं को डॉक्युमेंट कर रही है। उनका सपना है हर उस कारीगर को ग्लोबल प्लैटफॉर्म देना, जो पीढ़ियों से बिना पहचान के बुनाई करता आया है।



परिधान में आप उन हाथों को महसूस कर सकते हैं जिन्होंने उन्हें बनाया है। -**जूली रैगोलियो,** स्टाइलिस्ट व कुमरा के मेंटर

### मशीन से नहीं हाथ से गढ़े जाते हैं परिधान; इसलिए हर डिजाइन में खास असमानता

कार्तिक का मानना है कि फैशन सिर्फ डिजाइनर का नहीं, समूचे इकोसिस्टम का कमाल होता है। इसीलिए उनके हर परिधान के पीछे एक गुमनाम कारीगर की कहानी जुड़ी होती है। वे सिर्फ क्रेडिट ही नहीं देते, बल्कि समान आर्थिक साझेदारी भी सुनिश्चित करते हैं। उनके यहां बने परिधान मशीनों से नहीं बल्कि हाथों से गढ़े जाते हैं। इसी वजह से हर पीस में थोड़ी-सी असमानता होती है जो उसे अनोखा बनाती है। उन्होंने गुजरात के भुज से लेकर मध्यप्रदेश के बाग गांव तक 50 से ज्यादा कारीगरों के साथ डायरेक्ट नेटवर्क बनाया है, जहां डिजाइन बनने से पहले संवाद होता है। कारीगर बताते हैं कि कैसे उनकी परंपरा में कोई पैटर्न या रंग इस्तेमाल होता है। फिर डिजाइन उसी जड़ों से उगता है।

**सोने की चमक** • गोल्ड लोन शेयर 20% हुआ

## सोने की बढ़ती कीमत, एक साल में गोल्ड लोन दोगुने हुए

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में गोल्ड ज्वैलरी पर लोन एक साल में दोगुने हो गए हैं। मई, 2024 तक देश में कुल गोल्ड लोन 1.16 लाख करोड़ रुपए के थे। मई, 2025 में यह बढ़कर 2.51 लाख करोड़ रुपए के हो चुके हैं।

यह आंकड़ा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में एक लिखित जवाब में बताया। बता दें कि कीमतों में बढ़ोतरी और फुटकर महंगाई दर में गोल्ड लोन का शेयर बढ़कर 20% हो गया है। लोन टू वैल्यू (एलटीवी) बढ़ने से लोन में बढ़ोतरी देखी जा रही है। जबकि 2021 में गोल्ड लोन करीब 70 हजार करोड़ रुपए के थे।

### कर्ज लेने वाले को कम सोने में ज्यादा राशि मिल रही

रेटगन टेक्नोलॉजी के सीईओ रजत गांधी के अनुसार सोने की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण गोल्ड लोन में यह बढ़ोतरी हुई है। कर्ज लेने वाले को कम सोने में ज्यादा राशि मिल रही है। इसके साथ ही नए फिनटेक ने गोल्ड लोन लेने की प्रक्रिया को पहले की तुलना में आसान बना दिया है।

उधर, मुथूट फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता और महंगाई के कारण लोगों को गोल्ड से तत्काल जरूरत के पैसे लेना आसान लगता है। -शेष पेज 10

हादसा • शहर में जानलेवा साबित हो रहा प्रतिबंधित पतंग उड़ाने वाला मांझा

# मांझे में उलझे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार से टकराकर ऑटो पलटा, युवक की मौत

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे स्थित पलवल फ्लाईओवर पर पतंग के मांझे में उलझे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार से टकराकर एक ऑटो पलट गया। इससे ऑटो में बैठे एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान जवाहर कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय हरीश के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार हरीश मूलरूप से उत्तरप्रदेश के मथुरा का रहने वाला था। फरीदाबाद में वह जवाहर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मार्ग पर परिवार के साथ रहता था। वह 12वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में मां और एक बड़ा भाई है। बड़ा भाई अवैध हथियार रखने के आरोप में जेल में बंद है। बताया जा रहा है हरीश रविवार सुबह करीब चार बजे अपने दोस्त अंकित, शिवम, सन्नी और इमरान के साथ ऑटो से वृंदावन गया था। शाम करीब छह बजे ऑटो से सभी दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे के पलवल फ्लाईओवर पर पहुंचे। ऑटो इमरान चला रहा था। इस दौरान फ्लाईओवर के ऊपर कई पतंगें उड़ रही थीं। कुछ किशोर और युवक फ्लाईओवर पर पतंगों को लूटने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक चालक के गले में पतंगों का मांझा फंस गया। इससे वह असंतुलित होकर डिवाइड से टकरा गया। हेमलेट पहने होने से उसे चोट नहीं लगी। लेकिन बाइक के पीछे आ रहा ऑटो बाइक को बचाने के चक्कर में कार से टकराकर पलट गया।

हरीश ऑटो चालक के बराबर वाली सीट पर बैठा था। ऐसे में वह ऑटो से उछल कर सड़क पर जा गिरा। उसे गंभीर हालत में बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। हरीश की मां ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। क्योंकि हरीश वृंदावन गया था। इसकी उसे जानकारी नहीं थी। उसके दोस्तों ने भी इस बारे में नहीं बताया था। मां के अनुसार हरीश उनका सबसे छोटा बेटा था। वह घरों में काम करके बेटे को पढ़ा रही थी।

## हरियाली तीज पर हुए थे 20 लोग घायल

हरियाली तीज के उपलक्ष्य में रविवार को पलवल समेत फरीदाबाद मंडल के तीनों जिलों में लोगों ने खूब पतंगबाजी की। सुबह से शाम तक उड़ाई गई पतंगों के मांझे के चपेट में आकर करीब 20 लोग गंभीर रूप में घायल हो गए थे। उनमें एक डॉक्टर व सात पुलिसकर्मी भी शामिल है। घायल डॉक्टर का उपचार फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पलवल थाने की पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।



फरीदाबाद. युवक की मौत के बाद पोस्टमार्टम के दौरान बीके अस्पताल में गमगीन परिजन।

### पिछले महीने एक युवक की हुई थी मौत

जानकारी के अनुसार पलवल में पिछले महीने बाइक सवार एक युवक की मांझे के चपेट में आकर मौत हो चुकी है। वह पत्नी के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। हादसे में उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सावन के महीने में पतंगबाजी बढ़ने से प्रतिबंधित चाइनीज व खतरनाक मांझे की बिक्री चोरी-छिपे बढ़ गई है। लेकिन पुलिस को इस तरह के प्रतिबंधित मांझे की रोकथाम व बेचने वालों पर कार्रवाई करने की खास योजना नहीं है।

**चाइनीज मांझा क्यों है खतरनाक...** चाइनीज मांझा को प्लास्टिक का मांझा भी कहते हैं। इसे नायलॉन और मैटेलिक पाउडर और लेड के टुकड़ों के मिश्रण से बनाया जाता है। यह मांझा प्लास्टिक की तरह लगता है और लचीला होता है। ऐसे में जब इस मांझे को खींचा जाता है तो यह टूटने के बजाय और बड़ा हो जाता है। इस मांझे को काटना काफी मुश्किल होता है। इस मांझे पर कांच या लोहे के चूरे से धार भी लगाई जाती है, जिससे यह और घातक हो जाता है। यह साधारण मांझे से काफी अलग होता है और जब इस मांझे से पतंग उड़ाई जाती है तो इसमें कुछ अलग कंपन पैदा होता है। हरियाणा में चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध है।

सीईटी के बाद अब एचटेट परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

# जिले में बनाए गए 27 केंद्रों पर 30 व 31 जुलाई को आयोजित होगी परीक्षा

भास्कर न्यूज | पलवल

जिला प्रशासन सीईटी के बाद अब हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से 30 व 31 जुलाई को जिले में होने वाली एचटेट परीक्षा की तैयारियों में जुट गया है। इसके लिए जिले में 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने एचटेट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए।

डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं व इंतजाम सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा के दिन किसी प्रकार की परेशानी न आए। एचटेट परीक्षा के तहत 30 जुलाई को दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक लेवल-3 पीजीटी परीक्षा होगी। जबकि 31 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक लेवल-2 की टीजीटी परीक्षा एवं दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक लेवल-1 पीआरटी के लिए परीक्षा होगी।

**उम्मीदवारों को यह दस्तावेज लाना जरूरीः** बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की सेंटर कॉपी और कैंडिडेट कॉपी दोनों का कलर प्रिंट आउट अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। इसके बिना परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

इसके अलावा अभ्यर्थी को अपने साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति लाना जरूरी है। पहचान की पुष्टि के लिए हाल की पासपोर्ट साइज फोटो भी मांगी जा सकती है। अगर बोर्ड की ओर से कोई अतिरिक्त निर्देश या सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म जारी किया गया तो उसे भी साथ लाना जरूरी होगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच कर लें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके। बैठक में एडीसी जयदीप कुमार, एसडीएम पलवल ज्योति, एसडीएम हथीन गुरमीत इक्षसिंह, नगराधीश अप्रतिम सिंह व जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### फ्लाइंग स्क्वाड व ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

डीसी ने प्राचार्य महेश कुमार, प्राचार्य शिवकुमार गर्ग व लेक्चरर हिमांशु शर्मा की फ्लाइंग टीम का गठन किया गया है। डीसी ने बी जनस्वास्थ्य विभाग के एसई अजय तनेजा, डीएचबीवीएन के एसई रंजन राव, डीटीसी (एक्साइज) विजय कौशिक, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपेंद्र राज को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। एक्सईएन पंचायती राज हरेंद्र सिंह और एक्सईएन एचएसवीपी मनोज कुमार को रिजर्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में रखा गया है। जबकि एडीसी को एचटेट का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डीसी ने कहा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और पहचान प्रक्रिया को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार नौ जुलाई को सेक्टर 58 थाने में दी गई शिकायत में मां ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को एक लड़का बहला फुसला कर ले गया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालाजी कालोनी, करनेरा निवासी सचिन (18) को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लड़की को भी बरामद कर लिया गया।

## ट्राला चालक के ब्रेक लगाने से कार नीचे घुसी, दो की मौत

भास्कर न्यूज | पलवल

केजीपी एक्सप्रेस-वे पर ट्राला चालक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही कार उसके नीचे घुस गई। इससे कार सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दुर्घटना छज्जूनगर टोल प्लाजा के निकट चांदहट थाना क्षेत्र में हुई। दोनों मृतक मेरठ के रहने वाले हैं। चांदहट थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार यूपी के मेरठ निवासी अमित उर्फ सोनू व अभिषेक दोनों दोस्त थे। जिला अस्पताल पहुंचे मृतकों के रिश्तेदारों ने बताया कि अभिषेक मेरठ में दुकान चलाता था। दोनों दोस्त कार से मेरठ से पलवल की तरफ जा रहे थे। चांदहट थाना क्षेत्र में केजीपी एक्सप्रेस-वे पर



छज्जूनगर टोल प्लाजा के निकट कार के आगे चल रहे ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे कार ट्राले के नीचे घुस गई। कार की स्पीड इतनी अधिक थी कि ट्राला के नीचे घुसने से उसके परखच्चे उड़ गए। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने दोनों को कार से निकालने का प्रयास किया, लेकिन कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से दोनों उसमें फंस गए।

## घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर 2.85 लाख की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद | घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर एक महिला से 2.85 लाख की ठगी के मामले में पुलिस ने रानेश व कैलाश दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में गर्ग कालोनी निवासी महिला ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 13 जून को उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। इसमें रेस्टोरेंट को प्रमोट करने के लिए कमेंट्स व रेटिंग कर घर बैठे पैसे कमाने के बारे में बताया गया था। इस दौरान उन्हें एक टेलिग्राम ग्रुप से जोड़ लिया गया। फिर टास्क के नाम पर उनसे दो बार पैसे लगवाए और लाभ के साथ उन्हें वापस कर दिए। इसके बाद ठगों ने उनसे अलग-अलग टास्क के लिए 2.85 लाख रुपए अपने खाते में डलवा लिए।

अपराध रोकने के लिए पुलिस कमिश्नर का फरमान

# जमानत या बरी होकर बाहर आए आरोपियों पर रखें निगरानी, नशा तस्करों पर ठोस कदम उठाएं

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने जिले में अपराध रोकने के लिए सोमवार को सभी डीसीपी, एसीपी, थाना इंचार्ज व सीआईए प्रभारियों के साथ की बैठक। इस दौरान उन्होंने क्राइम कंट्रोल को लेकर सभी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा जमानत या बरी होकर बाहर आए आरोपियों पर कड़ी निगरानी रखें। इसके अलावा नशा तस्करों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाएं। सीपी के सेक्टर-21 सी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी डीसीपी, एसीपी, थाना प्रबंधक व सीआईए प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था व अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निदान किया जाए। महिला विरुद्ध अपराध पर तुरंत



कार्रवाई की जाए। लड़ाई झगड़े के मामलों में जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही रंजिश के मामलों में भी निगरानी रखी जाए। पुलिस आयुक्त ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाएं। दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग को खासकर चेक किया जाए। साथ ही प्रभावी नाकाबंदी लगाई जाए।

## होटल में युवती की हत्या करने वाला आरोपी अरेस्ट

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

चार दिन पहले आईपी कालोनी स्थित एक होटल के कमरे में ले जाकर युवती की हत्या करन वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। हत्यारोपी मृतका का दोस्त है। सेक्टर-31 थाने में मोहन बाबा नगर बदरपुर दिल्ली निवासी एक महिला ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी शिबा 24 जुलाई को सुबह 10.30 बजे आईसीआईसीआई बैंक एनआईटी फरीदाबाद ड्यूटी पर गई थी। इसके बाद बेटी घर नहीं आई। 25 जुलाई को दिन के समय उन्हें पता चला कि बेटी की लाश आईपी कालोनी सेक्टर-31 के होटल के कमरे में पड़ी है। बेटी की दीपक नामक युवक ने हत्या की है।

गुरुग्राम

## आईटीआई में 30 जुलाई से शुरू होगा एडमिशन का चौथा राउंड

गुरुग्राम | निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गुरुग्राम सहित संपूर्ण हरियाणा में सत्र 2025-26 (एक वर्ष) एवं 2025-27 (दो वर्ष) के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया के तहत 30 जुलाई को संबंधित पोर्टल पर चौथे राउंड की भर्ती के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। आईटीआई गुरुग्राम के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि 31 जुलाई तक अभ्यर्थी अपनी प्राथमिकताएं भर सकते हैं। सीट अलॉटमेंट 4 अगस्त को की जाएगी। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित संस्थान स्तर पर 4 अगस्त से 8 अगस्त तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 9 अगस्त है।

## दौलताबाद में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव, डीसी का ग्रामीणों से संवाद

गुरुग्राम | जिला प्रशासन गुरुग्राम की ओर से मंगलवार, 29 जुलाई को जिला के पटौदी खंड के गांव दौलताबाद (कुणी) में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नवनीत कौर ने यह बताया कि डीसी अजय कुमार रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुन कर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## दिल्ली-रेवाड़ी रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, नहीं हुई पहचान

गुरुग्राम | दिल्ली-रेवाड़ी रेलवे ट्रैक पर सराय अलावर्दी गांव के नजदीक एक युवक का शव मिला है। अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से युवक (32 वर्ष) की मौत हुई है। मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। ट्रेन की टक्कर से युवक का सिर व मुंह फट गया और उसका पैर भी टूटा मिला है। जीआरपी थाने से जांच अधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि मृत युवक के दाएं हाथ की हथेली पर ओम और कलाई पर दिल का टैटू बना हुआ है। इसके अलावा बाएं हाथ की कलाई पर हनुमान की आकृति भी गुदवा रखी है। युवक की पहचान कराने का प्रयास किए जा रहे हैं।

## भारी मुनाफे का लालच देकर युवक से 2.75 लाख रुपए ठगे

गुरुग्राम| जालसाजों ने ट्रेडिंग में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर युवक से 2.75 लाख रुपए की ठगी कर ली। ज्यादा रुपए निवेश न करने पर जालसाजों ने युवक के अकाउंट को ब्लॉक कर दिया। पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर साइबर अपराध थाना पश्चिम में केस दर्ज कर लिया। सेक्टर-37 डी निवासी अरविंद कुमार पांडे ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मई माह में उसके पास अज्ञात नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वालों ने ट्रेंडिंग में रुपये निवेश करने के लिए कहा। जब अरविंद कुमार ने रुपये निवेश करने से मना कर दिया। इसके बाद जालसाजों ने अरविंद कुमार को रुपये निवेश करने पर 818 फीसदी लाभ देने की बात कही।

तैयारी • रविवार 4 अगस्त को बड़े स्तर पर चलाया जाएगा पौधारोपण अभियान

# बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन साइट का हो रहा कायाकल्प, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने कार्यों का किया निरीक्षण

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

इन दिनों गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी कचरा प्लांट के सौंदर्यीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। यहां पर न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सुधार किया जा रहा है, बल्कि आमजन के लिए दृश्य रूप से आकर्षक स्थल बनाने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सोमवार को बंधवाड़ी कचरा प्रबंधन साइट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम गुरुग्राम द्वारा यहां किए जा रहे सौंदर्यीकरण, व्यू कटर लगाने और अन्य सुधार कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

**4 अगस्त को बड़े स्तर पर होगा पौधारोपण अभियानः** निकाय मंत्री ने घोषणा की कि रविवार, 4 अगस्त को साइट के मुख्य सड़क और व्यू कटर के बीच के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए। इससे पहले मिट्टी डालने, क्यारियों के निर्माण और भूमि की तैयारी का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें।

## लीचेट प्रबंधन और लीगेसी कचरे के निस्तारण पर जोर



बंधवाड़ी में बनी लैंडफिल साइट पर कूड़े से रिसने वाला लीचेट पर्यावरण के लिए खतरा बना हुआ है। यह बंधवाड़ी गांव के साथ-साथ अरावली की पहाड़ियों से होकर बंधवाड़ी गांव व दिल्ली के डेरा गांव तक पहुंच गया है। बरसात में स्थिति और भी गम्भीर हो गई है। बारिश के पानी के साथ यह लीचेट तेजी से बहने लगा है। इस लीचेट से पर्यावरण को नुकसान हो ही रहा है। साथ ही जमीन के पेयजल को दूषित होने का भी खतरा बढ़ गया है। निकाय मंत्री ने कचरा प्रबंधन प्लांट में उत्पन्न लीचेट के सही निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए टेंडर प्रक्रिया तेजी से शुरू करने की बात भी कही।

### तेजी से चल रहा सौंदर्यीकरण कार्य

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि प्लांट के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य तेज गति से चल रहा है। प्लांट के सामने सड़क की ओर व्यू कटर लगाकर दृश्य को ढकने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पौधारोपण, झाड़ियां लगाने, फेंसिंग, ट्री गार्ड, सतही टर्फिंग और लैंडस्केपिंग जैसे कार्यों के लिए 96 लाख रुपए की अनुमानित लागत से टेंडर लगाया हुआ है, जो 29 जुलाई को खोला जाएगा।

### दो करोड़ रुपए की लागत से बुनियादी ढांचे में सुधार

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 14 जुलाई से 2 करोड़ रुपए की लागत से व्यू कटर, चारदीवारी और नाले के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, लीचेट को निकटतम सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक टैंकरों के माध्यम से ले जाया जा रहा है। इसकी मात्रा को देखते हुए 63 लाख रुपए की लागत का एक नया प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। इस मौके पर फरीदाबाद निगमायुक्त धीरेन्द्र खडगटा, गुरुग्राम निगमायुक्त प्रदीप दहिया, अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, एमसीएफ के एडिशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर डॉ. विजयपाल यादव, संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक व डॉ. प्रीतपाल सिंह और एमसीजी चीफ इंजीनियर विजय ढाका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाइवे किनारे खड़े रोड रोलर से टकराई कार, एक की मौत

भास्कर न्यूज | सोहना

गुरुग्राम-सोहना रोड हाईवे पर गांव महेंद्रवाड़ा के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क किनारे खड़े रोड रोलर से स्विफ्ट डिजायर कार टकरा गई। हादसे में कार सवार 22 वर्षीय कुणाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चार दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवाया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक कुणाल पालम विहार दिल्ली का रहता था। वह अपने दोस्त हरिंदर, प्रेम, इमरान और बॉबी के साथ मथुरा-वृंदावन घूमने गया था। गत रविवार की रात जब वे वापस लौट रहे थे, तब उनकी कार गांव महेंद्रवाड़ा के नजदीक सड़क पर खड़े रोड रोलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कुणाल की मौके पर ही मौत हो गई। घायल चारों दोस्तों को गुरुग्राम के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।

## किराए पर रहे होमगार्ड ने की खुदकुशी

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

फर्रुखनगर के वार्ड-6 स्थित बालाजी कॉलोनी में होमगार्ड की नौकरी करने वाले एक युवक ने मकान में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के दौरान मृत होमगार्ड की पत्नी और दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। होमगार्ड द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही फर्रुखनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। मृतक की पहचान चरखी दादरी निवासी प्रवीण (42 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रवीण वर्तमान में परिवार सहित फर्रुखनगर के वार्ड-6 स्थित बालाजी कॉलोनी में किराए पर रहता था और इमलोटा चौकी (चरखी दादरी) में होमगार्ड के रूप में तैनात था। युवक की आत्महत्या करने के समय उसकी पत्नी व बच्चे स्कूल गए हुए थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ।

## घर रिश्ते वाले करते रहे इंतजार, सड़क हादसे में गई आईटीआई छात्र की जान

भास्कर न्यूज | नूंह

दर्दनाक सड़क हादसे में आईटीआई अंतिम सैमेस्टर के छात्र की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी उसकी बहन ने छलांग लगाकर किसी तरह से जान तो बचा ली लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक छात्र घर पर रिश्तेवाले आए हुए होने की बात सुनकर बहन के साथ घर लौट रहा था। पुलिस ने पिकअप के अपने कब्जे में ले लिया है।



मृतक साहिल।

हादसा गांव चांदनकी के पास हुआ। गांव सिंगार का रहने वाला 23 वर्षीय साहिल अपनी बहन के साथ के साथ पिनगवां किसी रिश्तेदारी में गया हुआ था। इसी दौरान परिजनों ने फोन कर बताया कि घर पर रिश्ते के लिए लड़की वाले आए हुए हैं। इसके बाद शाम करीब छह बजे वह बहन को बाइक पर बैठाकर वापस सिंगार गांव के लिए निकला था। जब होडल-नगीना रोड पर गांव चांदनकी के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार आ रही एक पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार पिकअप को आते देखकर बहन ने चलती बाइक से छलांग लगा दी लेकिन साहिल बाइक का बचाव नहीं हो सका। हादसे में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने पुन्हाना सीएचसी में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक साहिल इलेक्ट्रोनिक ट्रेड से आईटीआई कर रहा था। इस बार उसका आखिरी सैमेस्टर था। मृतक के चचेरे भाई आकिब ने बताया कि बीते काफी दिनों से परिवार में उसके रिश्ते को लेकर बातचीत चल रही थी। रविवार को भी कुछ लोग उसके रिश्ते की बात करने घर आए हुए थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया जबकि हादसे में घायल उसकी बहन का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पिकअप को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

## एचटेट की परीक्षाओं के निषेधाज्ञा आदेश जारी

गुरुग्राम | जिलाधीश अजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 व 31 जुलाई को जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट के लिए करवाई जा रही परीक्षाओं के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 30 जुलाई से लेकर 31 जुलाई को परीक्षा पूर्ण होने तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत स्ट्रांग रूम तथा परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति, हथियार, आग्नेयास्त्र या चोट पहुंचाने योग्य कोई वस्तु लेकर चलना, नारेबाजी, अवैध सभा या पोस्टर/बैनर का प्रदर्शन आदि पर पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगी। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 30 जुलाई को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तथा 31 जुलाई को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर या कोई अन्य नकल उपकरणों का संचालन पर पूर्णत रोक रहेगी।

मुस्लिम संगठनों ने उठाया सवाल • एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# पवित्र बृजमंडल 84 कोस में बसे मेवात की धरती पर बेहताशा बूचड़खानों के लाईसेंस क्यों?

भास्कर न्यूज | नूंह

बूचड़खानों के कारण परेशान मेवात के लोग इनके खिलाफ एकजुट होना शुरू हो गए गए। मुस्लिम संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सवाल उठाया है कि आखिर भगवान कृष्ण की पवित्र जन्मस्थली के बृजमंडल 84 कोस में बसे मेवात की धरती पर लगातार बूचड़खानों के लाईसेंस क्यों दिए जा रहे हैं। संगठनों को स्थानीय नेताओं का भी समर्थन मिला है। मेवात कारवां नामक संगठन व इलाके के प्रबुद्धजनों ने पूर्व सरपंच फजरूद्दीन बेसर के नेतृत्व में फिरोजपुर झिरका के एसडीएम लक्ष्मीनारायण से मुलाकात कर सीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बढ़ती जा रही बूचड़खनों की तादाद रोकने, नए लाईसेंस जारी नहीं करने और ग्रामीणों के लिए आफत बने बूचड़खानों को बंद



बूचड़खानों के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग।

करवाने की गुजारिश की गई है। मुस्लिम संगठनों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मेवात की धरती बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों की तपो स्थली रही है। महाभारत काल में यहां पांडवों और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा स्थापित तीन पौराणिक मंदिर भी स्थित हैं। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थली बृजमंडल में यह इलाका शामिल है। हर साल बृजमंडल यात्रा में लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। डॉ अशफाक आलम कहते हैं, 'यहां 50 से अधिक बूचड़खाने खोलने की तैयारी है। इन्होंने सवाल उठाया कि सरकार इस भूमि को अपवित्र करने पर क्यों तुली है?' उनके अनुसार, 'बूचड़खानों से निकलने वाली दुर्गंध और फैक्ट्री से बहने वाले गंदे पानी ने क्षेत्र की हवा और भूजल को जहरीला बना दिया है। इससे क्षेत्र में त्वचा रोग, कैंसर, टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।' एसडीएम लक्ष्मीनारायण ने आश्वासन दिया कि सभी बूचड़खानों की जांच कर पता लगाया जाएगा कि ये नियमानुसार चल रहे हैं या नहीं, इनके पास सरकारी अनुमति है या नहीं।दूसरी तरफ, इस फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस एमएलए मामन खान इंजीनियर ने कहा कि यूपी से मेवात में बड़ी तादाद में बूचड़खाने शिफ्ट किए जा रहे हैं जो स्थानीय लोगों के लिए बीमारियों का कारण बन गए हैं।

# केंद्र सरकार के खिलाफ भारतीय यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन



नई दिल्ली | भारतीय युवा कांग्रेस ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया और चुनाव आयोग पर भाजपा नीत केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आईवाईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग (ईसी) ने खुद को सत्तारूढ़ पार्टी की कठपुतली बना लिया है। प्रदर्शन युवा कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ और चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर बढ़ना था लेकिन दिल्ली पुलिस ने रायसीना रोड पर बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया गया।

## दिल्ली के फुटपाथ की मरम्मत होगी, हॉर्टिकल्चर और साइनबोर्ड भी लगेंगे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी की मुख्य सड़कों के किनारे बने 200 किलोमीटर फुटपाथ की मरम्मत करने जा रही है। इसका मकसद पैदल चलने वालों की सुरक्षा बढ़ाना है। यह काम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) करेगा और इसकी शुरुआत मानसून खत्म होते ही होगी। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक, यह योजना दिल्ली को पैदल चलने वालों के लिए ज्यादा अनुकूल बनाने की बड़ी योजना का हिस्सा है। इसमें सड़कों के साथ-साथ फुटपाथ, नालियों और सेंट्रल वर्ज की मरम्मत एक ही टेंडर के तहत की जाएगी। कुछ इलाकों में टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जबकि बाकी जगहों पर खराब फुटपाथ की पहचान के लिए सर्वे चल रहा है। सभी सबडिवीजन को निर्देश दिए गए हैं कि वे सर्वे तेजी से पूरा करें और टेंडर प्रक्रिया शुरू करें ताकि मानसून के बाद काम में देरी न हो।

पीडब्ल्यूडी इस योजना के तहत सड़कों के किनारे पौधारोपण और नए रोड साइनबोर्ड भी लगाएगा। इससे सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया जाएगा। दिल्ली की करीब 1,400 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़कें 2012 में पीडब्ल्यूडी को सौंप दी गई थीं। इनकी मरम्मत और विकास का जिम्मा पीडब्ल्यूडी के पास है।

### जैतपुर में पुलिस कर्मियों की शिकायत

# एसएचओ ने जाति वालों को दी 'खास सीट', जांच शुरू

### विजिलेंस से जुड़े अफसरों ने शिकायत की पुष्टी की

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के जैतपुर पुलिस स्टेशन के एसएचओ पर अपने थाने में जातिवाद फैलाने, अपनी जाति के पुलिस कर्मियों को खास सीट देने, अपने जाति के पुलिस कर्मियों को बीट में तैनात करने का गंभीर आरोप लगा है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से लिखित रूप में की गई है। शिकायत में पुलिस कर्मी ने एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि एसएचओ पुलिस स्टेशन में जातिवाद फैला रहे हैं। हालांकि, दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी ने इस तरह की किसी भी शिकायत के होने से इनकार किया है, पर दक्षिण पूर्वी जिले की विजिलेंस शाखा से जुड़े अधिकारियों ने शिकायत की पुष्टि करते हुए कहा है कि अधिकारी से जुड़ा मामला होने के कारण एहतियात बरती जा रही है। संवेदनशील होने के कारण इस मामले की शिकायत की जांच विजिलेंस शाखा को ही गुपचुप सौंपी गई है।

जैतपुर थाने के पुलिस कर्मियों ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि एसएचओ पुलिस स्टेशन में कमाई वाली शिकायत आने पर अपने ही जाति के पुलिस कर्मी को ही देते हैं। यही नहीं, एसएचओ ने अपनी जाति के पुलिस कर्मियों को ही बीट में इंचार्ज या अधिकतर डिविजन इंचार्ज भी बना रखा है। पुलिस कर्मी ने बताया कि अगर थाने में कोई सिरदर्दी या छोटी मोटी शिकायत आती है तो अन्य जाति के पुलिस कर्मियों को वह काम सौंप दिया जाता है।

### शिकायतकर्ता पुलिस कर्मी जैतपुर थाने में ही है तैनात

विजिलेंस के सूत्रों का कहना है कि इस मामले में शिकायत करने वाला पुलिस कर्मी अभी भी जैतपुर पुलिस स्टेशन में ही तैनात है। उस पुलिस कर्मी ने सभी उपरोक्त आरोपों की लिखित शिकायत की है। विजिलेंस ने इस मामले में पुलिस कर्मी की शिकायत को आधार बनाकर अब जांच शुरू कर दी है। विजिलेंस की टीम ने पुलिस स्टेशन जैतपुर पहुंचकर शिकायतकर्ता से लेकर अन्य पुलिस कर्मियों से बयान लेना शुरू कर दिया है।

### एसएचओ पर पहले महिला एसआई ने भी लगाए आरोप

पुलिस सूत्रों का कहना है कि इसी एसएचओ पर पूर्व में एक महिला सब इंस्पेक्टर भी इसी तरह का आरोप लगा चुकी है। उस महिला सब इंस्पेक्टर का ट्रांसफर बदरपुर पुलिस स्टेशन में हो चुका है। बताया जा रहा है कि उस महिला एसआई ने ट्रांसफर से पहले एसएचओ के विरुद्ध मुखर होकर शिकायतें शुरू कर दी थीं दक्षिण जिला पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस स्टेशन में इस तरह की शिकायतें आ रही है। कालका जी पुलिस स्टेशन में भी इसी तरह की शिकायत हैं।






## एनएसजी कमांडो को घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साउथ वेस्ट दिल्ली पुलिस ने एक एनएसजी कमांडो को हिट एंड रन मामले में गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी पवन कुमार को 13 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उत्तर प्रदेश के हाथरस का रहने वाला है और कैब चालक है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त कर ली गई है।

हादसा 9 जुलाई की सुबह आरके पुरम थाना क्षेत्र में राव तुलाराम मार्ग के सर्विस रोड पर हुआ। एक कार ने एनएसजी कमांडो नरेंद्र सिंह को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और चालक मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच टीम ने घटना स्थल के एग्जिट व इंट्री रूट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें गाड़ी का नंबर मिला। गाड़ी के नंबर के आधार पर आरोपी को नोएडा सेक्टर 67 से गिरफ्तार किया। पूछताछ में पवन ने बताया कि हादसे से एक दिन पहले वह हरिद्वार से दिल्ली लौट रहा था

# दोस्त की बहन की इज्जत बचाने के लिए की थी सिर कुचलकर हत्या

### उत्तम नगर हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने उत्तम नगर थाना क्षेत्र में हुए एक हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी औराई, उत्तर प्रदेश निवासी विशाल उर्फ बउवा (23) ने अपने साथियों के साथ मिलकर विक्की टक्कर गैंग के सदस्य धमार उर्फ फिरोज खान की कंक्रीट स्लैब से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। क्योंकि वह उसकी दोस्त की बहन को परेशान और धमकी दिया करता था। हत्या के बाद वह फरार था और अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस से बच रहा था। 10 फरवरी को उत्तम नगर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10:45 बजे तीन लड़कों ने फिरोज खान पर हमला किया।

राहुल के हस्तक्षेप करने पर आरोपियों ने उसे धमकाया। इसके बाद मुख्य आरोपी सोनू ने कंक्रीट स्लैब से फिरोज के सिर पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने फिरोज को डीडीयू अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वह बच नहीं सका। इस मामले में 11 फरवरी 2025 को उत्तम नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई।

क्राइम ब्रांच की टीम, इंस्पेक्टर गुलशन यादव के नेतृत्व में, ने 100 से अधिक मोबाइल नंबरों का विश्लेषण कर विशाल को अयोध्या में ट्रेस किया। 26 जुलाई को वाराणसी में छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विशाल ने खुलासा किया कि फिरोज उसकी दोस्त की बहन को परेशान करता और धमकी दिया करता था।

विरोध करने पर इलाके में अपनी दबदबा का भय दिखाकर बदतमीजी किया किया करता था। जिसके चलते सोनू, टिंकू, गोपाल और राहुल महतो के साथ मिलकर उसकी हत्या की। विशाल 8वीं तक पढ़ा है और दिल्ली में मजदूरी करता था। उसने फर्जी पहचान के साथ वाराणसी में नौकरी शुरू की थी। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में शांति की उम्मीद जगी है।

## फर्जी एप के जरिए ठगी, दो गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने मुंबई से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी मोबाइल ऐप पीआईएनएन के जरिए लोगों को भारी मुनाफे का लालच देकर ठगी कर रहे थे। इनकी पहचान आरोपियों, राज चौहान (21) और संतोष कुमार (35) के रूप में हुई है। जिला पुलिस ने इस कार्रवाई में 1 पीओएस मशीन, 12 मोबाइल फोन, 2 फिंगरप्रिंट स्कैनर, 85 सिम कार्ड, 69 एटीएम कार्ड, 15 स्टैंप और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार, शास्त्री पार्क निवासी मनोज कुमार कासेर की शिकायत पर साइबर थाने में बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इंस्टाग्राम पर एक लिंक के जरिए उन्हें पीआईएनएन ऐप में निवेश करने का लालच दिया गया। शुरू में उनके खाते में कुछ राशि जमा हुई, लेकिन बाद में 21 लाख रुपये का निवेश कराने के बाद ठगों ने कोई जवाब नहीं दिया। इंस्पेक्टर राहुल कुमार की अगुआई में एक टीम ने तकनीकी निगरानी और अन्य स्रोतों से सुराग जुटाए।

# चोरी के शक में युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

### आरके पुरम पुलिस ने आरोपियों को दबोचा, ऑटो बरामद

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के आरके पुरम थाना क्षेत्र में ऑटो चोरी के शक में एक युवक राज कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो मुख्य आरोपियों सुशील कुमार (22) और अमित (19) को गिरफ्तार किया है। दोनों मजदूर कैंप, सेक्टर-1, आरके पुरम के निवासी हैं। पुलिस ने चोरी का ऑटो भी बरामद कर लिया है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 30 मई को सुशील ने अपने ऑटो चोरी होने की शिकायत दर्ज की थी। 1 जून की रात करीब 1:20 बजे सुशील के परिचित मंजीत चावला ने सरोजिनी नगर के सीएनजी पंप पर चोरी का ऑटो देखा, जिसे राज कुमार चला रहा था। मंजीत ने अन्य ऑटो ड्राइवरों की मदद से राज कुमार को पकड़ लिया और सुशील को सूचना दी। सुशील, अमित और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और राज कुमार को मजदूर कैंप ले जाकर लात-घूंसे व डंडों से बेरहमी से पीटा। बेहोश होने पर उसे छोड़कर फरार हो गए।

2 जून को राज कुमार की सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी की अगुआई में पुलिस ने जांच शुरू की और गुप्त सूचना के आधार पर सुशील व अमित को गिरफ्तार किया। इससे पहल मामले के अन्य आरोपी मंजीत चावला, अभिषेक शुक्ला, अनिल कुमार और अमन को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# वर्क-फ्रॉम-होम के नाम पर 3.75 लाख ठगे, दो गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साउथ वेस्ट दिल्ली पुलिस की साइबर थाना, दक्षिण-पश्चिम जिला टीम ने वर्क-फ्रॉम-होम नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले एक साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो ठगों, अहतिशाम (25) और मुकेश लूथरा (29) को लक्ष्मी नगर से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 20 जून को, पालम के एक निवासी ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की कि 18 जून को एक महिला ने व्हाट्सएप के जरिए वर्क-फ्रॉम-होम नौकरी का ऑफर दिया था। शिकायतकर्ता को वेबसाइट रिव्यू करने जैसे छोटे कार्यों के लिए शुरुआती भुगतान मिला, लेकिन बाद में बड़े रिटर्न के लिए प्री-पेड कार्यों में निवेश करने को कहा गया था। विभिन्न बहानों से उनसे 3.75 लाख रुपये ठग लिए थे। प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में एक टीम ने जांच शुरू की।

ठगे गए रुपयों के मनी ट्रेल को ट्रैक करने और तकनीकी सुरागों की जांच में पता चला कि 1 लाख रुपये अहतिशाम के आईडीएफसी बैंक खाते में जमा हुए, जिसे उसने चेक के जरिए निकाला। सह-आरोपी मुकेश लूथरा, जो पहले भी ठगी के मामलों में शामिल रहा, ने इस राशि को बिट कॉइन खरीद-फरोख्त के लिए कई खातों में स्थानांतरित किया।

कई दिनों तक लक्ष्मी नगर में छापेमारी के बाद, तकनीकी जानकारी के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से पुलिस ने अपराध में उपयोग तीन मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद की है। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं और अब यह जांच कर रही है कि इन्होंने इसके अलावा कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।






## दुर्घटना में फंसे दो लोगों को बचाया, एक की आंख निकली

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

वसंत कुंज इलाके में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में डंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल होकर फंस गए। हादसा 27-28 जुलाई की रात करीब 3.00 बजे हुआ। इसी दौरान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी (हेडक्वॉर्टर) शशांक जायसवाल अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त डंपर देखा तो तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। घायलों में से एक की हालत इतनी गंभीर थी कि उसकी बायीं आंख बाहर निकल आई थी। डीसीपी जायसवाल आईआईएम में लेक्चर देने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की सूचना पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। घायलों, जगदीश और दिनेश, को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की आंख की सफल सर्जरी की गई, जिससे उनकी जान बच गई। इस दौरान डीसीपी ने स्वयं डॉक्टरों से बात कर इलाज शुरू करवाया और सुबह 5:30 बजे तक अस्पताल में ही रहे। उन्होंने पीसीआर कॉल कर स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया। स्थानीय पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## भोपाल में 32 मामले दर्ज, दिल्ली में दे रहा था वारदातों को अंजाम

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

लाजपत नगर थाना पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो 35 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी मुकेश मूल रूप से भोपाल, मध्य प्रदेश का रहने वाला है और उस पर भोपाल में 32 मामले दर्ज हैं।

आरोपी दिल्ली में डीबीजी रोड, बारा खंभा रोड, कीर्ति नगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। 16 जुलाई को लाजपत नगर निवासी करण वढेरा ने अपनी दुकान का शटर तोड़कर कीमती सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज की थी। एडिशनल डीसीपी साउथ ईस्ट ऐश्वर्या शर्मा के मार्गदर्शन में एसएचओ निर्भय कुमार की अगुआई में टीम ने जांच शुरू की। 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने मुकेश को नोएडा से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3 मोबाइल, टैब, हेडफोन, दो घड़ियां, नकदी और चोरी की स्कूटी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने दिल्ली में कई चोरियां की थीं।




**भास्कर एक्सक्लूसिव** हरियाणा में 18 लाख से ज्यादा लाभार्थी, कई परिवार ऐसे, जिसमें पति-पत्नी दोनों ले रहे योजना का लाभ

# सालाना 3-4 लाख रु. आयकर भरने वाले ले रहे किसान निधि, 37 अपात्र मिल चुके

## प्रदेश सरकार करवा रही अपात्र किसानों की जांच

दीपक शर्मा | रोहतक

गुरुग्राम के एक क्रॉकरी कारोबारी सालाना 3 से 4 लाख रुपए टैक्स सरकार को चुकाते हैं। कुछ समय पहले 3 करोड़ रुपए में 200 गज का प्लॉट भी खरीदा। उसी प्लॉट को खेती की जमीन दर्शाकर किसान सम्मान निधि की दो किस्त ले लीं। वे ऐसे अकेले नहीं हैं, जो टैक्स चुकाने के बाद भी किसान सम्मान निधि ले रहे हैं। प्रदेश में काफी संख्या में ऐसे अपात्र किसान हैं, जो अमीर हैं और इस योजना का लाभ ले रहे हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने गरीब किसानों को सीधे राहत देने के लिए साल 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। किसान के खाते में हर 4 माह में 2 हजार रुपए की किस्त जमा होती है। अब तक 19 किस्तें जारी हो चुकी हैं। प्रदेश के 18,01,386 किसानों के खातों में करीब 3860.28 करोड़ रुपए की धनराशि जमा की गई है। सरकार अपात्र किसानों की पहचान के लिए जांच भी करा रही है। जांच में अब तक 37 अपात्र सामने आ चुके हैं।

### नियमः दपंती में से 1 ही ले सकता है लाभ

- **किसान सम्मान निधि** का लाभ दंपती और उनके उत्तराधिकारी भी ले रहे हैं, जबकि उत्तराधिकारी को दोबारा से आवेदन करके पात्रता साबित करनी होती है। दंपती (पति-पत्नी) में से कोई एक ही लाभ ले सकता है।
- **आयकर अदा करने वाले लोग** भी योजना से बाहर हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील और आर्किटेक्ट जैसे पेशेवर लोग, सरकारी कर्मचारी, संवैधानिक पदों पर बैठे लोग, महापौर, मंत्री, विधायक, सांसद रहे व्यक्ति भी इस योजना के लिए अपात्र हैं।

### कैसे अपात्र ले रहे योजना का लाभ

**केस-1: घर में दो कमाने वाले, फिर भी ले रहे लाभ**

पलवल में एक दंपती प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं। इनके नाम पर जमीन है। दोनों किसान सम्मान निधि की दो किस्त ले चुके हैं। जब विभाग ने पाया कि दोनों का घर का पता एक ही है। इस पर संदिग्ध मानकर जांच शुरू कर दी गई है।

**केस-2: डेढ़ लाख टैक्स देने वाला भी लाभार्थी**

फरीदाबाद में एक व्यक्ति की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। सालाना करीब 1.50 लाख का आयकर अदा करता है। उनके नाम आधा एकड़ पुश्तैनी जमीन है। इसी को आधार बनाकर किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले लिया है।

### अपात्रों के नाम केंद्र को भेजे

*हरियाणा में जो अपात्र किसान सम्मान निधि ले रहे हैं, उसे लेकर जांच चल रही है। अभी तक 37 लोग सामने आ चुके हैं। इसमें वे लोग भी शामिल हैं, जो हर साल टैक्स चुकाते हैं। इस बारे में केंद्र सरकार को अवगत कराया गया है। जल्द ही इनके नाम योजना से बाहर हो जाएंगे। रिकवरी के बारे में भी सरकार को चिट्ठी भेजी गई है।*

**-राजीव मिश्रा,** राज्य नोडल अधिकारी, किसान सम्मान निधि योजना

## पंजाब सरकार इस महीने लेगी 2500 करोड़ का कर्ज

**चंडीगढ़** | पंजाब सरकार ने अपनी आय और व्यय को संतुलित करने के लिए बाजार से 2500 करोड़ रुपए कर्ज लेगी। यह कर्ज 15 वर्षों के लिए होगा। सरकार ने 25 जुलाई 2025 को उधार लेने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार सरकार 30 जुलाई को बाजार में खुली नीलामी के जरिए यह कर्ज जुटाएगी। सूत्रों का कहना है कि सरकार इस उधार राशि का इस्तेमाल आने वाले महीने में कर्मचारियों के वेतन जैसे जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए करना चाहती है। यह वेतन 1 अगस्त से मिलने शुरू हो रहे हैं। इस कर्ज से अन्य देनदारियां भी पूरी होंगी। कर्ज का एक हिस्सा पहले लिए गए कर्जों पर ब्याज चुकाने में भी जाएगा।

**हिमाचल मंत्रिमंडल के फैसले** • आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज की घोषणा

# टूटे मकान के लिए ₹7 लाख और आंशिक क्षतिग्रस्त घरों के लिए ₹1 लाख का मुआवजा

भास्कर न्यूज़ | शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आपदा प्रभावित परिवारों के विशेष राहत पैकेज को मंजूरी दी गई। आपदा में जिनके घर पूरी तरह टूटे हैं, उन्हें नया मकान बनाने के लिए 7 लाख रुपए, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए मुआवजा राशि को 12,500 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया गया है। दुकान, ढाबा को हुए नुकसान पर मिलने वाले मुआवजे को 10,000 से बढ़ाकर 1 लाख रुपए, पशुशालाओं के लिए मुआवजा राशि को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000, किरायादार को उनके सामान के नुकसान पर 50,000 रुपए मुआवजा तय किया गया है। इसके अलावा मकान मालिकों को नुकसान पर 70,000 की सहायता मिलेगी। आपदा राहत पैकेज में दूध देने वाले पशु की हानि पर मुआवजा 37,500 रुपए से बढ़ाकर 55,000 प्रति पशु, भेड़-बकरी, सुअर आदि की हानि पर मुआवजा राशि को 4,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए दिए जाने का फैसला लिया है।

पूरी तरह टूटे पॉलीहाउस के लिए 25,000 रुपए और घरों की सिल्ट सफाई के लिए 50,000 की सहायता दी जाएगी। इसी तरह कृषि, बागवानी भूमि नुकसान पर मुआवजा राशि 3,900 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रति बीघा किया गया। बाढ़ के कारण खतों में भरी सिल्ट को हटाने की दर 1,500 रुपए से बढ़ाकर 6,000 रुपए प्रति बीघा और फसल हानि पर 3,000 रुपए प्रति बीघा करने को मंजूरी प्रदान की गई है।

### राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी


कैबिनेट की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

प्रदेश में ग्रीन कवर एरिया को बढ़ाने के लिए कैबिनेट ने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना को भी मंजूरी दी है। इस योजना के तहत महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह को प्रति हेक्टेयर पौधे लगाने पर 1.20 लाख रुपए सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की लागत से पांच वर्षों में सामुदायिक भागीदारी से वनों का संरक्षण और विकास किया जाएगा। महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह जैसे संगठनों को 1.20 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर सहायता मिलेगी, साथ ही पौधों के जीवित रहने पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बीएससी लेबोरेटरी टैक्निक, बीएससी रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग और बीएससी एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थियेटर कोर्स में सीटें बढ़ाने को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।
- आईजीएमसी में सीटों की संख्या 10 से बढ़ाकर 50 और टांडा मेडिकल कॉलेज में 18 से बढ़ाकर 50 करने का निर्णय लिया गया है।
- रोहड़ू तहसील के मेंहदली में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के लिए मिल्कफैड के पक्ष में भूमि आवंटन करने को मंजूरी।
- वाहनों को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से स्क्रैप करने वाले मालिकों को मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत छूट देने को मंजूरी दी है।
- रोगी देखभाल में सुधार के लिए आईजीएमसी शिमला के रेडियोथेरेपी विभाग के अन्तर्गत पैन एंड पैलिएटिव केयर सेल में विभिन्न श्रेणियों के आठ पदों को सृजित कर इन्हें भरने को मंजूरी।
- हमीरपुर जिले के धनेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्तरोन्नत करने को मंजूरी।
- शिमला जिले में पुलिस स्टेशन सुन्नी के अन्तर्गत खैरा में नई पुलिस चौकी खोलने तथा इसके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक पदों को सृजित कर भरने की स्वीकृति।
- जिला चंबा के पुलिस चौकी हतली का कार्य क्षेत्र पुलिस स्टेशन चुवाड़ी से हटाकर पुलिस स्टेशन सिहुंता करने को मंजूरी।
- जिला मंडी में रत्ती-नागचला विशेष क्षेत्र और नेरचौक योजना क्षेत्र के पुनर्गठन को स्वीकृति दी है।
- जिला कांगड़ा में नगर पंचायत जवाली को नगर परिषद में स्तरोन्नत करने को मंजूरी।
- जिला शिमला में नगर परिषद सुन्नी को नगर पंचायत के रूप में पुनवर्गीकृत करने का निर्णय लिया गया और इसके अधिकार क्षेत्र से कुछ क्षेत्रों को बाहर करने को मंजूरी।
- स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए जिला सोलन में नई खोली गई उप-तहसील लौहारघाट का कार्यक्षेत्र उप-मंडल अर्की से हटाकर उप-मंडल नालागढ़ स्थानांतरित करने को मंजूरी।
- 15 कैदियों की समय से पूर्व रिहाई को भी मंजूरी दी गई। बशर्ते उनकी रिहाई के बाद आचरण संतोषजनक रहे। ऐसा निर्णय प्रदेश में पहली बार लिया गया है।

### नगरीय निकाय चुनाव नियमों में संशोधन, डीसी नहीं राज्य चुनाव आयोग करेगा घोषणा

प्रदेश मंत्रिमंडल ने नगरपालिका चुनाव नियम, 2015 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत वॉर्डों के अंतिम प्रकाशन का एक समान प्रारूप लागू किया गया। चुनाव कार्यक्रम अधिसूचित होने के बाद मतदाता सूची में कोई बदलाव नहीं होगा। चुनाव कार्यक्रम अब राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। नामित सदस्य अब निर्वाचित सदस्यों के साथ शपथ ले सकेंगे। चुनाव कार्यक्रम अधिसूचित करने का अधिकार अब डीसी की बजाय राज्य चुनाव आयोग को दिया गया है। आयोग द्वारा नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि से कम से कम सात दिन पूर्व अधिसूचना जारी की जाएगी। नामित सदस्यों को निर्वाचित सदस्यों के साथ संविधान की शपथ लेने की अनुमति दी गई है।

## ट्रैक्टर से टकराई बाइक, मामा के साथ घर जा रहे चौदह साल के बच्चे की मौत

**फरीदाबाद** | बल्लभगढ़ में डींग-पह्लादपुर रोड पर लकड़ियों भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार 14 साल के बच्चे की मौत हो गई। मामा के साथ बच्चा बाइक पर बैठा था और घर लौट रहा था। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना पुलिस के अनुसार 14 साल का जतिन मूल रूप से प्रहलादपुर गांव का रहने वाला था। लेकिन वह मामा सतबीर के साथ डींग गांव गया हुआ था। रविवार देर रात करीब 9 बजे दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे डींग और प्रहलादपुर गांव के बीच पहुंचे तभी लकड़ियों से भरा ट्रैक्टर बिना किसी चेतावनी के अचानक आ गया। इससे वह ट्रैक्टर को देख नहीं सके और बाइक उससे टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि जतिन का सिर ट्रॉली से टकराने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** सिविल अस्पताल में 3 मौतों का मामला

# धोबी को बनाया ऑक्सीजन प्लांट का ऑपरेटर, ऑयल लीकेज से बंद हुआ कंप्रेसर, प्रेशर अलार्म भी खराब मिला

### चंडीगढ़ टीम ने की जांच शुरू सुपरवाइजर छुट्टी पर था..

कपिल कुमार | जालंधर

सिविल अस्पताल जालंधर में वेंटिलेटर पर हुई 3 मौतों के मामले में प्रारंभिक जांच में ही बड़ी लापरवाहियों के खुलासे हुए हैं। हादसे की वजह ऑक्सीजन प्लांट के कंप्रेसर में कूलिंग ऑयल लीकेज से फाल्ट होना बताया गया है। यही नहीं, ऑक्सीजन का प्रेशर कम होने पर आईसीयू का बजने वाला अलार्म भी खराब निकला। यह खुलासे चंडीगढ़ से सुबह 7.55 बजे डायरेक्टर डॉ. अनिल गोयल की टीम की प्रारंभिक जांच में हुए हैं। पाया गया कि ड्यूटी में ऑक्सीजन प्लांट का सुपरवाइजर नरिंदर अवकाश पर था। उसकी जगह दर्जा चार कर्मचारी दीपक को पिछले एक साल से रिलीवर की जिम्मेदारी सौंपी हुई थी, दीपक वहां बतौर धोबी कार्यरत है।


ट्रॉमा सेंटर की जांच करती टीम

### इसलिए ये लापरवाहियों का हादसा...

- ऑक्सीजन प्लांट का सुपरवाइजर नरिंदर अवकाश पर था
- अवकाश पर होने पर दर्जा-4 कर्मी दीपक को ट्रॉमा सेंटर में मदद को बुलाया।
- कोविड में भी दीपक ने प्लांट में सहयोगी के रूप में काम किया था।
- ट्रॉमा सेंटर में हाउस सर्जन भी ड्यूटी से नदारद मिला।

### टाइम लाइनः कब क्या हुआ...

- सुबह 7.55 बजे चंडीगढ़ से टीम पहुंची ।
- 8 बजे सेहत मंत्री डॉ. बलबीर पहुंचे ।
- 9 बजे डायरेक्टर अधिकारियों से मिले।
- 9.25 बजे स्टॉफ से रिकॉर्ड लिया।
- 9.30 बजे गेट बंद कर पूछताछ।
- 9.40 बजे ऑक्सीजन प्लांट का दौरा।
- 10 बजे स्टॉफ के लिखित ब्यान।
- 10.35 बजे प्लांट की रिपोर्ट बनाई।
- 11 बजेडॉ. अनिल ने लिए लिखित बयान।
- 12.30 बजे मंत्री मोहिंदर भगत पहुंचे।
- दोपहर 1 बजे अधिकारियो से मिले।
- 1.40 बजे विधायक परगट सिंह पहुंचे।
- दोपहर 3 बजे निदेशक डॉ. अनिल गोयल टीम समेत वापस लौट गए।

*चंडीगढ़ से गई टीम 48 घंटे में रिपोर्ट बनाएगी। एक हफ्ते में सरकार को भेजेगी। दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे।*

**डॉ. अनिल गोयल,** डायरेक्ट, पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉर्पोरेशन

## घर का ताला तोड़ तीन लाख नगद, डेढ़ किलो चांदी के जेवरात चोरी

**नूंह** | गांव बाई का डांडा में एक परिवार ने 16 दिन बाद घर से तीन लाख रुपये व चांदी के जेवरात चोरी का मामला दर्ज करवाया है। चोरी का आरोप गांव के ही तीन लोगों पर है। पुलिस ने नामजद लोगों खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में शमशुद्दीन ने बताया कि वह घर के पास ही कबाड़ का कारोबार करता है। हर रोज रात को परिवार के साथ अपनी दुकान पर ही सोता है। उसके अनुसार 10 जुलाई को भी वे लोग रात को घर में ताला लगाकर दुकान पर सोने के लिए गए थे। लेकिन सुबह 5 बजे घर पहुंचे तो मकान का ताला टूटा मिला। जब संभाल की तो घर की अलमारी का ताला भी टूटा मिला। अलमारी में रखे तीन लाख रुपये नगद और करीब डेढ़ किलोग्राम चांदी के जेवरात गायब थे। उसके अनुसार अलमारी के पास लोहे का पाइप और सरिया मिला। शमशुद्दीन ने बताया कि अपने स्तर पर जानकारी जुटाने पर पता चला कि चोरी की वारदात आरिज, नासिर और शाहिद ने की है। जब इनके परिजनों से शिकायत की तो पंचायती तौर पर इस मामले को निपटाने की बात कही।

# 3 दिन में श्री दरबार साहिब में धमाके की 3 धमकियां मिलीं

भास्कर न्यूज़ | अमृतसर

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबधक कमेटी को श्री दरबार साहिब को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। 14 जुलाई से निरंतर जारी यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मात्र 15 दिन में एसजीपीसी को कुल 13 धमकियां हासिल हो चुकी हैं। बीते दिन 26-27 जुलाई को भी एसजीपीसी को श्री दरबार साहिब को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिलचस्प बात यह है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार धमकियों का सुराग निकाल पाने में पूरी तरह विफल रही है।

श्री अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज एवं एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी भी सरकार की विफलता प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। उन्होंने साफ कहा है कि आप सरकार ने इसे गंभीरता से कभी लिया ही नहीं है, अगर सरकार चाहे तो चंद घंटों में ही धमकियों के पीछे की साजिशों का पर्दाफाश कर सकती थी। लेकिन सरकार ने 15 दिन से हासिल हो रही धमकियों के बावजूद सरकार आरोपियों को गिरफ्त में लेकर इस प्रकरण का पर्दाफाश नहीं कर पाई है, यह सरकार की नाकामी को प्रदर्शित करता है।

एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने बताया कि पिछले 3 दिन में भी 3 नई धमकियां हासिल हुई हैं। यह सिलसिला अभी भी जारी है। यह आप सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। मुख्यमंत्री मान के आश्वासन के बावजूद सुराग को लेकर सरकार के हाथ खाली हैं।

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत, परिजनों ने विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

सेक्टर-58 क्षेत्र में सोमवार सुबह बिजली निगम के 37 वर्षीय लाइनमैन सतीश कुमार की काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। सतीश कुमार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सेक्टर-58 बिजली निगम में कार्यरत थे। वह मूलरूप से पलवल जिले के रामगढ़ गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सतीश को विभाग की ओर से सेक्टर-58 की एक प्राइवेट कंपनी में बिजली लाइन को सुधारने के लिए भेजा गया था। काम के दौरान वह 11 हजार वोल्ट की लाइन पर मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बैकअप करंट आने से उन्हें जोरदार झटका लगा और वे ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिजली निगम के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजन सेक्टर-58 बिजली निगम के कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। मृतक के भाई अशोक कुमार ने बताया कि सतीश करीब 15 साल से लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। उसकी उम्र लगभग 37 साल थी। उसके दो बेटे हैं।



जिनकी उम्र 16 और 14 साल है। भाई अशोक ने कहा हादसा बिजली निगम की लापरवाही से हुआ है। इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने मांग की है कि सतीश के परिवार को उचित आर्थिक सहायता दी जाए। उधर बिजली निगम के सेक्टर-58 एरिया के एक्सईएन संजय मंगला ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि विभाग द्वारा हादसे की जांच की जा रही है। जो भी इसके लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिजली निगम की पॉलिसी के तहत परिवार को हरसंभव मदद दी जाएगी। विभाग द्वारा कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी। उधर सेक्टर-58 थाने के जांच अधिकारी तोताराम ने बताया कि अभी तक परिजनों ने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में लगी है।

## झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम गुरुग्राम पुलिस ने झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे वसूलने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चंदन झा ने अपने पड़ोसी से धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग की थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने पूछताछ में बताया कि उसके पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाले चंदन झा ने उसे सरकारी स्कूल के सामने बुलाया। वहां चंदन ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता के पिता ने उसकी बेटी के साथ गलत काम करने की कोशिश की है। इसके बाद चंदन ने शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए की मांग की। उसने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए, तो वह गांव और समाज में बदनामी करेगा। शिकायतकर्ता ने समाज में बदनामी डर के कारण उसे एक लाख रुपए दे दिए।

# तिरंगे का अपमान बिल्कुल सहन नहीं करेगी राज्य सरकार और कांग्रेसः सीएम

### कहा-राज्यपाल को हिमाचल पर टिप्पणी शोभा नहीं देती, वह संवैधानिक पद पर हैं

भास्कर न्यूज़ | शिमला



थुनाग में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ किए गए दुर्व्यवहार और तिरंगे झंडे के अपमान को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और कांग्रेस पार्टी तिरंगे का अपमान बिल्कुल सहन नहीं करेगी। जिन लोगों ने राजस्व मंत्री की तिरंगा लगी गाड़ी पर काले झंडे और जूते फेंके हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं की यह करतूत अशोभनीय है। नशाखोरी पर राज्यपाल के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा राज्यपाल संवैधानिक पद पर बैठे हैं। नशे पर हिमाचल सरकार को लेकर उनकी टिप्पणी शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा, हिमाचल सरकार ने नशे को खत्म करने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। राज्य में नशामुक्ति केंद्र खोला जा रहा है। अब राज्यपाल ने किस संदर्भ में टिप्पणी की है, इसे लेकर वह खुद राज्यपाल से मिलेंगे। शिमला में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हॉर्टिकल्चर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों की डिमांड पर थुनाग कॉलेज नाचन शिफ्ट किया। राजस्व मंत्री यही बात बार-बार जनता को कह रहे थे कि यह सरकार का फैसला है। मगर भाजपा के लोगों ने राजस्व मंत्री के साथ गलत व्यवहार किया।

**सरकार एफआईआर करने के लिए नहीं ,वन भूमि पर घर बनाने की अनुमति दे केंद्र :** मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार एफआईआर के लिए नहीं बल्कि लोगों की मदद करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनकी समझ से परे है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से क्या परेशानी है। उन्होंने कहा आपदा से जो भी परिवार प्रभावित हुए हैं, सरकार उन्हें बसाएगी। उनके लिए स्पेशल पैकेज दिया जाएगा। जिनके घर टूटे, गाय, भेड़-बकरी बह गई, उन्हें भी राहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा नेताओं को केंद्र से वन भूमि पर घर बनाने की इजाजत देने का मामला उठाना चाहिए, क्योंकि आपदा में कई लोगों की सारी जमीन बह गई है और घर बनाने को जगह नहीं बची।

## गग्गी हत्याकांड : गैंगवार की आशंका बढ़ी, एक गैंग ने उठाई जिम्मेदारी

भास्कर न्यूज़ | ऊना

रविवार को ऊना के ख्वाजा बसाल इलाके में सैलून के भीतर दिनदहाड़े गोली मारकर की गई राकेश कुमार उर्फ गग्गी जट्ट की हत्या ने जिलेभर में सनसनी फैला दी है, लेकिन इस सनसनीखेज हत्याकांड के पीछे की पृष्ठभूमि पर नजर डाली जाए, तो साफ प्रतीत होता है कि मृतक स्वयं भी पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और यह हत्याकांड गैंगवार का ही एक हिस्सा प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटना के समय मृतक के साथ और भी कई युवा मौजूद थे, लेकिन हमलावरों ने केवल मात्र राकेश उर्फ गग्गी को ही टारगेट किया और उसकी गर्दन में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गग्गी जट्ट के खिलाफ ऊना और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब तस्करी, मारपीट व धमकाने जैसे करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

**भास्कर खास** हरियाणा में बढ़कर 76 लाख 93 हजार हुए परिवार पहचान पत्र

# 2,779 परिवार पहचान पत्रों में एक पति की 2 से 4 तक पत्नियां; नूंह में 354 तो फरीदाबाद में ऐसे 269 परिवार

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में फैमिली-आईडी बढ़कर 76.93 लाख हो गई है। रोचक बात यह है कि 2,779 फैमिली ऐसी हैं, जिनमें पत्नियों की संख्या 2 या इससे अधिक दर्शाई गई हैं। ऐसी सबसे ज्यादा 354 फैमिली आईडी नूंह और 269 फरीदाबाद में है। 22.41 प्रतिशत ऐसी फैमिली मात्र नूंह व फरीदाबाद जिले में है। भिवानी जिले में तीन ऐसी फैमिली आईडी हैं, जिनमें 3 से ज्यादा पत्नियां दर्शाई गई हैं। जबकि इसी जिले में दो फैमिली आईडी में दो-दो पत्नियां हैं। इसी तरह फरीदाबाद, करनाल व सोनीपत में दो-दो फैमिली आईडी में तीन-तीन पत्नियां बताई गईं। हिसार, झज्जर, जींद, कुरुक्षेत्र, नूंह, पलवल, रेवाड़ी में भी एक-एक ऐसी फैमिली आईडी है, जिनमें तीन-तीन पत्नियां दर्शाई गईं। बाकी फैमिली आईडी में 1-1 पत्नी है।

### इन जिलों की आईडी में 2 से अधिक पत्नियां

| जिला | व्यक्ति | जिला | व्यक्ति | पलवल | 179 |
|---|---|---|---|---|---|
| अम्बाला | 87 | झज्जर | 73 | पंचकूला | 44 |
| भिवानी | 74 | जींद | 147 | पानीपत | 129 |
| चरखी दादरी | 30 | कैथल | 92 | रेवाड़ी | 81 |
| फरीदाबाद | 269 | करनाल | 173 | रोहतक | 78 |
| फतेहाबाद | 104 | कुरुक्षेत्र | 97 | सिरसा | 130 |
| गुरुग्राम | 157 | महेंद्रगढ़ | 81 | सोनीपत | 134 |
| हिसार | 153 | नूंह | 354 | यमुनानगर | 111 |

### पीपीपी में सिर्फ जाति का सत्यापनः कॉर्डिनेटर

पीपीपी प्राधिकरण के स्टेट कॉर्डिनेटर सतीश खोला ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए हर नागरिक की जाति को सत्यापित किया गया है। सदस्यों का सत्यापन नहीं किया। सबकुछ स्वयं घोषित होता है। कई प्रदेश यह मॉडल लागू कर रहे हैं।

**भास्कर एक्सपर्ट**

**ओमप्रकाश शर्मा, एडवोकेट, फैमिली कोर्ट**

### हिंदू लॉ के अनुसार व्यक्ति एक ही शादी कर सकता है

हिंदू लॉ के अनुसार व्यक्ति एक ही शादी कर सकता है। हालांकि, कई बार ऐसा देखने में आता है कि पत्नी की सहमति से व्यक्ति दूसरी पत्नी भी रख लेता है, लेकिन ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मुस्लिम लॉ में अधिकतम चार शादियों का प्रावधान है। एक से अधिक शादी करने पर संबंधित व्यक्ति को सभी पत्नियों को समान रूप से रखना पड़ेगा।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** जंगल को पर्यटन हब बनाएगा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड

# कुरुक्षेत्र में 11 हजार एकड़ में फैले स्योंसर जंगल में सफारी का ट्रायल सफल, पर्यटन केंद्र बनाने की तैयारी

विनय कुमार | कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र के गांव स्योंसर से लगते 11 हजार एकड़ में फैले जंगल में जल्द ही सफारी पार्क की शुरुआत करेगा। फरवरी में इसका ट्रायल शुरू किया गया था। ट्रायल सफल रहने के बाद अब इसे जनता के लिए शुरू करने की योजना है। इससे पहले वन विभाग जंगल में फायर लाइन तैयार करेगा। इसके लिए बोर्ड 30 जुलाई को चंडीगढ़ में वन विभाग के सामने प्रेजेंटेशन देगा। इसमें जंगल सफारी शुरू करने की प्लानिंग के सभी प्वॉइंट्स पर बात होगी। बोर्ड ऐसी तैयारी कर रहा है, जिसमें जंगल सफारी शुरू होने से जंगल व जीवों को किसी प्रकार का नुकसान न हो। जंगल का महत्व भी बना रहे और यह जनता के लिए पर्यटन हब भी बनकर उभरे, इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा।

### देहरादून से आए वैज्ञानिक यहां के पेड़-पौधों पर कर रहे रिसर्च


अभी जंगल में सड़क बनाने का काम चल रहा है।

11 हजार एकड़ में फैले स्योंसर जंगल में 100 से अधिक किस्म के पेड़-पौधे हैं। इनपर देहरादून के वैज्ञानिकों की टीम शोध कर रही है। यहां बंदर, बारहसिंगा, हिरण, लोमड़ी, जंगली सूअर, बटेर, मोर, गीदड़, काला तितर आदि हैं। यहां दीमक द्वारा बनाई मिट्टी की 6-7 फीट की बांबी हैं। स्योंसर के जंगल को 9 साल पहले पर्यटन हब बनाने की योजना बनी थी, लेकिन यह अभी तक फाइलों तक सीमित रहा। अब दोबारा फिर प्रयास शुरू किए गए हैं।

*स्योंसर जंगल में सफारी पार्क शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। फरवरी में हमने ट्रायल किया था, जो सफल रहा है। जंगल सफारी के लिए तमाम प्रबंध होने हैं। तय नियमों के तहत ही सफारी शुरू की जाएगी।* **-धुम्मन सिंह किरमिच,** उपाध्यक्ष, सरस्वती हैरिटेज बोर्ड

भास्कर इन्वेस्टिगेशन

## गुप्ताधाम की पहाड़ी पर खुलेआम बिक रही देसी-विदेशी शराब, एसपी ने कहा; पहाड़ पर पेट्रोलिंग पॉसिबल नहीं

# गुप्ताधाम : जहां भगवान शिव छुपे थे भस्मासुर से, वहां अब नशे का मेला!

मंगलेश तिवारी | पटना

शिवभक्तों के लिए गुप्ताधाम आस्था का बड़ा केंद्र है। मान्यता है कि यहीं भगवान शिव ने भस्मासुर से बचने के लिए शरण ली थी। लेकिन इस साल श्रावणी यात्रा में आस्था से ज्यादा शराब की बदबू बसी है। इस सूचना के बाद भास्कर इन्वेस्टिगेशन टीम ने दूसरी-तीसरी सोमवारी को उगहनी और पनियारी घाट से गुप्ताधाम तक 12 किमी. की दुर्गम चढ़ाई गुप्त कैमरे के साथ की। बकोल कमेटी अध्यक्ष इस दिन डेढ़ लाख लोग पहुंचे। रास्ते में जो दिखा, वो चौंकाने वाला ही नहीं, शर्मनाक था। हर 500–800 मीटर पर देसी-विदेशी शराब की दुकानें सजी थीं; कांवरियों के झूमने, झगड़ने और उल्टी करने के दुर्गंध से श्रद्धालु महिलाएं, युवतियां परेशान दिखीं। पूरी यात्रा में डर का माहौल बना है। बोली लगाकर तस्कर शराब बेच रहे हैं। बेधड़क, बेखौफ, और बेलगाम। महुआ, रम, बियर, विदेशी ब्रांड, फ्रूटी पैक... जो चाहो, जिस रूप में चाहो, सब उपलब्ध। क्योंकि कानून का पालन कराने वाला तंत्र या तो लाचार है, या लापता।

### गुप्ताधाम में छलक रहे जाम : बिहार की 'शराबबंदी' पहाड़ चढ़ नहीं पाती!



गुप्ता धाम के रास्ते में शराब बेचते युवक।



बीच रास्ते में बैठकर शराब पीते लोग।

**दुकानदार लगा रहे बोली 'बम जी महुआ चैनल'**

थकावट उतर जाएगी बम जी, महुआ पीकर जल्दी बाबा के दरबार पहुंचेंगे। चाय की दुकान पर भी विदेशी शराब मिल रही थी। एक महिला ने पूछ लिया... "कानून का डर नहीं लगता?" दुकानदार तपाक से बोला- "नीतीश कुमार से कुछ होगा?" ये दृश्य बताते हैं कि श्रद्धा के नाम पर नशे का धंधा चल रहा है।

**खतराः हर मोड़ पर नशेड़ी, हर सवाल पर शक**

नशे में चूर युवक युवतियों, महिलाओं को घूरते, छींटाकशी करते मिले। श्रद्धालु सहमे रहे। भास्कर की टीम ने गुप्त कैमरे से सबकुछ रिकॉर्ड किया। कई बार शराबियों ने पत्रकार को घूरा, सवाल किया। कैमरे की भनक लगती, तो जान का खतरा भी था। लेकिन श्रद्धा की राह में ये सच जरूरी था।

**₹700 में विदेशी 250 का फ्रूटी पैक**

पहाड़ी पर 700 रुपये में अंग्रेजी शराब की हाफ बोतल और 250 रुपये में फ्रूटी पैक बिक रहा है। 20 में महुआ व देसी शराब। एक दुकानदार ने कहा; मेले में साल भर की कमाई हो जाती है। रेहल, पनारी, उगहनी घाट हो या चेनारी, हर रास्ते पर यही हाल।

**यहां तक नहीं आ पाते जवान**

शराबबंदी में यहां न तो कोई चेकपॉइंट है न निगरानी। खुलेआम मयखाने, उल्टी, झगड़े, गाली-गलौज... सिर्फ शराबबंदी की विफलता नहीं, धार्मिक स्थल का अपमान भी है। तस्कर कहते हैं कि कठिन चढ़ाई पुलिस कर ही नहीं पाती है। जो आएगा, वो पीकर चला जाएगा।

*शराब बिक्री की सूचना है। रेगुलर मोबाइल पेट्रोलिंग करा रहे हैं। पहाड़ पर पेट्रोलिंग संभव नहीं है। शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए गश्त बढ़ा रहे हैं।*

-रोशन कुमार, एसपी रोहतास

वीडियो देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरु करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

## इनामी कुख्यात अपराधी बेचन नवगछिया से अरेस्ट

सहरसा | सहरसा पुलिस प्रिवेंटिव पुलिसिंग के तहत 25000 रुपए का इनामी कुख्यात अपराधी बेचन यादव को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को साइबर डीएसपी अजित कुमार ने यह जानकारी दी। बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। 27 जुलाई को बैजनाथपुर थाना सहरसा, भवानीपुर थाना नवगछिया एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा सहरसा के 25,000 का ईनामी कुख्यात बेचन यादव खजुरी के बैजनाथपुर निवासी को भवानीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

भास्कर एक्सक्लूसिव | रेलवे की रणनीति...मिलेगा पहचानपत्र

# ट्रेनों में मनमानी नहीं कर सकेंगे वेंडर, भर्ती से पूर्व चरित्र सत्यापन

भास्कर न्यूज़ | मुजफ्फरपुर

ट्रेनों में शराब तस्करी व यात्रियों का सामान चोरी करने वाले वेंडरों और आउटसोर्स कर्मियों पर नकेल कसना शुरू हो गया है। रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों व स्टेशन परिसरों में कार्यरत वेंडरों समेत सभी आउटसोर्स कर्मियों के चरित्र सत्यापन के लिए व्यापक रणनीति बनाई है। पुलिस सत्यापन के बाद ही वेंडर व आउटसोर्स कर्मी ट्रेनों व स्टेशनों पर बहाल होंगे। ट्रेनों में महिला यात्रियों के साथ हुई छेड़खानी की घटनाओं में कई वेंडरों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। इसके अलावा सामान चोरी करने में वेंडरों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इन घटनाओं को देखते हुए रेलवे ने सभी वेंडरों को रेल कर्मियों की तर्ज पर पहचान पत्र जारी करने का निर्देश दिया है। अनाधिकृत वेंडिंग पर रेलवे बोर्ड ने जांच की है और इसपर अंकुश लगाने के लिए दस बिंदुओं को तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिए हैं। रेलवे प्रशासन व आईआरसीटीसी सभी अधिकृत वेंडरों को उच्च मानक की पहचान पत्र जारी करेगा। स्कैनिंग क्यूआर कोड पर प्रदर्शित के साथ आईडी कार्ड जारी किया जाएगा। आईडी पर आधार नंबर पर होगा। मेडिकल प्रमाणपत्र और वैधता की तिथि अंकित होगी। पुलिस से चरित्र सत्यापन तिथि व वैधता दर्ज रहेगी। तैनाती की इकाई, लाइसेंसधारी का नाम, पहचान पत्र पर संबंधित स्टेशन के प्रबंधक या आईआरसीटीसी के अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे।

### सभी वेंडरों को क्यूआर कोड वाला पहचान पत्र मिलेगा

**स्टेशन व ट्रेन पर निर्धारित रजिस्टर में रखा जाएगा रिकॉर्ड**

बिना पहचान पत्र वाले किसी भी वेंडर को रेलवे स्टेशन पर खान-पान की वस्तुएं बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पहचान पत्र को प्रमुखता से प्रदर्शित करने पर ही स्टेशन परिसर में प्रवेश मिलेगा। यदि कोई वेंडर नौकरी छोड़ता है, तो उसे संबंधित ठेकेदार के पास अपना पहचान पत्र जमा करना होगा। इसके बाद ठेकेदार नौकरी छोड़ने वाले वेंडरों का पहचान पत्र जमा करने पर नए वेंडर व कर्मी के नाम से पहचान पत्र जारी करने के लिए रेलवे प्रशासन व आईआरसीटीसी से अनुरोध करेगा। ठेकेदार वेंडरों व कर्मियों का रिकॉर्ड संबंधित स्टेशन व ट्रेन पर एक निर्धारित रजिस्टर में रखा जाएगा। इस संबंध में बोर्ड के कार्यकारी निदेशक विक्रम सिंह ने पत्र जारी किया है।

**केस-1 :** आनंद विहार से मुजफ्फरपुर आने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस में बीते नौ अप्रैल को बगहा में पेंट्रीकार मैनेजर संतोष साह ने महिला इंजीनियर से छेड़खानी की थी। यात्रियों का आक्रोश भड़कने पर मैनेजर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। महिला इंजीनियर ने मुजफ्फरपुर रेल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वह बगहा से अकेली मुजफ्फरपुर आ रही थी।

**केस-2 :** बीते 23 अप्रैल को हावड़ा से रक्सौल जाने वाली मिथिला एक्सप्रेस में वेंडर श्रवण पासवान को गिरफ्तार किया। पूसा के श्रीरामपुर अयोध्या निवासी श्रवण पूर्वी चंपारण के पकड़ीदयाल निवासी प्रिंस कुमार का बैग चोरी कर भाग रहा था। श्रवण को जीआरपी की पेट्रोलिंग टीम ने गिरफ्तार किया। वह पूर्व में चोरी के केस में इलाहाबाद में गिरफ्तार हो चुका था।

## चोरी के संदेह में किशोर की पीट-पीट कर व गला दबाकर हत्या

भास्कर न्यूज़ | सीतामढ़ी

जिले के पुनौरा थाना क्षेत्र के रंजीतपुर गांव के वार्ड संख्या 10 में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे को खौफनाक घटना सामने आई, जहां चोरी के संदेह में 15 वर्षीय किशोर की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नंदकिशोर साह के पुत्र अभिनव कुमार के रूप में हुई है। किशोर की हत्या के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी राम सहाय प्रसाद यादव के घर में आग लगा दी और जमकर हंगामा किया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने आरोपी के घर में ताला जड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार की सुबह अभिनव घर से पूजा करने के लिए निकला था। परिजनों को लगा कि वह पास के बगही मठ गया है। लेकिन, काफी देर तक लौटकर न आने पर घरवालों को चिंता हुई।

## पंचायत सचिव ने मनेर विधायक पर एससी/एसटी थाने में कराया केस

पटना | मनेर के बलुआ पंचायत के पंचायत सचिव संदीप कुमार ने मनेर के राजद विधायक भाई बिरेंद्र पर एससी/एसटी थाना में केस दर्ज कराया है। पंचायत सचिव ने विधायक पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने, धमकी देने का आरोप लगाया है। पंचायत सचिव के लिखित आवेदन पर भाई बिरेंद्र पर केस दर्ज कर लिया गया है। थानेदार राजकुमार ने कहा कि विधायक पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई होगी।

## उत्तर प्रदेश में बिहार के बदमाश डब्लू यादव का एनकाउंटर

हापुड़| यूपी के हापुड़ में बिहार का 50 हजार का इनामी बदमाश डब्लू यादव (35) एनकाउंटर में ढेर हो गया। एसटीएफ को इनपुट मिला था कि डब्लू सिंभावली में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। रविवार रात ढाई बजे टीम ने बढ्ढा नहर पुल के पास घेराबंदी की। बदमाश को सरेंडर करने के लिए कहा तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डब्लू यादव बिहार के बेगूसराय का रहने वाला था। इसने जीतन राम मांझी की हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश शाह की अपहरण के बाद हत्या की थी। डब्लू ने 2017 में अपने खिलाफ न्यायालय में गवाही देने पर महेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.–14072025-264633
CG-DL-E-14072025-264633
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3115] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 11, 2025/आषाढ़ 20, 1947
No. 3115] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 11, 2025/ASHADHA 20, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2025

का.आ. 3185(अ). –केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 2731(अ) दिनांक 12/07/2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा हरियाणा राज्य के पलवल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के कि.मी. 44.4 से कि.मी. 94.000 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/छः लेन वा टोल प्लाजा का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "3 अगस्त 2024" को "द हिंदू" (अंग्रेजी) और "हरी भूमि" (हिंदी) दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त

शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**हरियाणा राज्य के पलवल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के कि.मी. 44.400 से कि.मी. 94.000 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

4656 GI/2025

[फा. सं. 11012/Ph.V/NH-2/LA/DA/DK-II/2009/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक

ज़िलाः पलवल
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 11/07/2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोटः इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

हजारीबाग

## पेट्रोल पंप संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत

हजारीबाग | कारगिल प्वाइंट पेट्रोल पंप के संचालक शिवशंकर सिंह की



रविवार रात 11 बजे सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा डेमोटाड़ से दीपूगढ़ा लौटते समय मुकुंदगंज चौक के पास हुआ। हरहद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा एक हाइवा जैसे ही मुकुंदगंज चौक के पास बाईं ओर हजारीबाग की ओर मुड़ा, उसी समय पीछे से आ रही शिवशंकर की कार उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एयरबैग खुलने के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। मौके पर मौजूद लोगों व पीछे से आ रहे परिचितों ने कार में फंसे शिवशंकर को बाहर निकाला और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# देवघर में तीसरी सोमवारी पर 4 लाख से अधिक कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलाभिषेक



देवघर | सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबानगरी देवघर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। रात 11 बजे मंदिर के पट बंद होने तक चार लाख से अधिक कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया। रविवार शाम से ही हजारों कांवरियों का जत्था देवघर पहुंचने लगा था। रात 1 बजे तक श्रद्धालुओं की कतार बाबा मंदिर से लगभग 10 किलोमीटर दूर कुमैठा स्टेडियम तक पहुंच गई थी। जलार्पण के लिए 10 से 12 घंटे तक कतार में लगकर इंतजार करना पड़ा। बाहरी अरघे में भी भक्तों की लंबी कतार देखी गई। इधर, पार्वती मंदिर में भी पूजा के लिए श्रद्धालुओं को घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी।

## लखनऊः पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

मलिहाबाद | लखनऊ के माल इलाके में पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या करने वाले युवक ने सुसाइड कर लिया। सोमवार सुबह उसका शव आम के पेड़ से बंधे फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पत्नी की हत्या करने के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

मामला माल थाना क्षेत्र के पकरा गांव का है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने बाग में आम के पेड़ से रवि का शव लटकता देखा। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके परिजन और पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा। रवि के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर थी।

नवोदय विद्यालय समिति
शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार
PM SHRI

जवाहर नवोदय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 09 एवं 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु अधिसूचना

सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा IX एवं XI में रिक्त सीटों पर लेटरल एन्ट्री टेस्ट के माध्यम से प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन करने की अंतिम तिथि : 23.09.2025
चयन परीक्षा की तिथि : 07.02.2026

सामान्य मुख्य विशेषताएं :
- कक्षा VI से कक्षा XII तक सह-शिक्षा और पूर्णतः आवासीय।
- मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा।
- CBSE से संबद्ध। बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन।
- लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास। स्थान - आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में।
- भोजन और आवास, वर्दी, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी आदि सहित निःशुल्क शिक्षा।
- सर्वांगीण व्यक्तित्व के लिए सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, योग आदि पर ध्यान दें।

विशेष विशेषताएं :
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप:
- JEE Main-2025 : 12103 में से 4492 (37.11 %) छात्र उत्तीर्ण हुए।
- JEE ADVANCED-2024 : 3126 में से 1083 (34.64 %) छात्र उत्तीर्ण हुए।
- NEET-2025 : 23105 में से 16491 (71.37 %) छात्र उत्तीर्ण हुए।
- बोर्ड कक्षा X और XII (2024-25) में सर्वश्रेष्ठ परिणाम कक्षा X: 99.49 % कक्षा XII : 99.29 %
- UPSC परीक्षा 2025 के माध्यम से जनवि के 38 पूर्व छात्रों का चयन।

कक्षा 09
पात्रता :
- केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो जिले के वास्तविक निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान उसी जिले की सरकारी/ सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा VIII की पढ़ाई कर रहे हैं एवं उस जिले में जनवि संचालित है।
- अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01.05.2011 से 31.07.2013 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए। यह सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों पर लागू है, जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी भी शामिल हैं।

चयन परीक्षा :
- हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान।
- OMR पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
- द्विभाषी प्रश्न पत्र (हिंदी और अंग्रेजी)
- पाठ्यक्रम एवं चयन मापदंडो के लिए विवरणिका देखे।

कक्षा 11
पात्रता :
- अभ्यर्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026 सत्र) के दौरान उस जिले के सरकारी/ सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा X की पढ़ाई कर रहे हैं एवं उस जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है।
- जन्म 01.06.2009 से 31.07.2011 के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं)।

चयन परीक्षा :
- मानसिक योग्यता, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान
- OMR पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
- द्विभाषी प्रश्न पत्र (हिंदी और अंग्रेजी)
- पाठ्यक्रम और चयन मापदंडो के लिए विवरणिका देखे।
- यदि कक्षा-X का अध्ययन और निवास का जिला एक ही है, तो ही अभ्यर्थी का जिला स्तरीय मेरिट के लिए विचार किया जाएगा।

IX पंजीकरण के लिए लिंक : XI

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी

# 'ए टू जेड' का नारा देनेवाले राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सिर्फ 5 सवर्ण

## 53 सदस्यों वाली टीम में शिवानंद तिवारी के बेटे राहुल को मिली जगह

भास्कर न्यूज़ | पटना

तेजस्वी यादव के राजद का नारा है 'ए टू जेड' और 'माई-बाप'। मतलब सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की राजनीति। लेकिन लालू प्रसाद की अध्यक्षता वाली 53 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मात्र 5 सवर्णों को ही जगह दी गई है। दो दिन पहले राजद की 29 सदस्यीय राष्ट्रीय कमेटी की घोषणा हुई थी, जिसमें एक भी ब्राह्मण को जगह नहीं दी गई। उसमें शिवानंद तिवारी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से हटाया गया था। सोमवार को सार्वजनिक की गई 53 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शिवानंद तिवारी के बेटे राहुल तिवारी को शामिल किया गया है। किसान राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए सांसद सुधाकर सिंह भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नए सदस्य के तौर पर शामिल हुए हैं। पिछली (2022) कार्यकारिणी में उनके पिता जगदानंद थे। वहीं अन्य सवर्णों में यूपी वाले अशोक सिंह के साथ सांसद डॉ. मनोज झा और अमरेन्द्र प्रताप सिंह फिर से कार्यकारिणी में शामिल किए गए हैं।

**हिना शहाब भी कार्यकारिणी में**

मरहूम सैयद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब भी इस बार कार्यकारिणी में शामिल की गई हैं। उनके पुत्र ओसामा शहाब के सीवान के रघुनाथपुर से चुनाव लड़ने की संभावना है।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी

ये बाहर हुए - तेजप्रताप यादव, जगदानंद, विजय कृष्ण, रियाजुल हक राजू, स्वीटी सीमा हेम्ब्रम, बागी कुमार वर्मा।





ये नए आए - डॉ. रोहिणी आचार्या, मंगनी लाल मंडल, अवध बिहारी चौधरी, कांति सिंह, अभय कुशवाहा, शिवचंद्र राम, शाहनवाज आलम।





### 200 से ज्यादा 'विशेष आमंत्रित सदस्य'

बिहार में दो महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। इसको देखते हुए सबको खुश करने के मकसद से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में "विशेष आमंत्रित सदस्य" के तौर पर 200 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया है। युवाओं को राष्ट्रीय फलक पर लाने की कोशिश की गई है। इनमें अर्जुन राय, दिलीप यादव, जीतेन्द्र राय, जावेद इकबाल अंसारी, फुलेना सिंह, सुदय यादव, चंद्रहास चौपाल, प्रेम शंकर प्रसाद, भाई अरुण कई वर्तमान और पूर्व एमएलए-एमएलसी भी शामिल हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

हरियाणा राज्य सरकार की 14 और 15 वर्षिय प्रतिभूतियों की नीलामी

हरियाणा राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल ₹ 2000.00 करोड़ (अंकित मूल्य) राशि की प्रतिभूतियों की बिक्री का प्रस्ताव किया है।

एकाधिक मूल्य प्रारुप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई–कुबेर) पर 29 जुलाई 2025 (मंगलवार) को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in) के माध्यम से गैर–प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर 25 जुलाई 2025 (शुक्रवार) की प्रेस प्रकाशनी देखें।

''पैसे का वादा करने वाले ई–मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं''

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला–147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वैबसाइट : www.pspcl.in
संपर्क: 96461-17609, 96461-17732

3/एफई एंड टी/जीएचटीपी/एफएम-67 दिनांक : 25-07-2025
उप मुख्य अभियंता/ एफई एंड टी, गुरु हरगोबिंद ताप विद्युत संयंत्र, लहरा मोहब्बत, निम्नलिखित के लिए ई–निविदा आमंत्रित करता है :
प्रतिनिधि एजेंसी की नियुक्ति :
1. सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों से कोयला आपूर्ति के लिए लोडिंग छोर पर तृतीय पक्ष द्वारा किए जाने वाले तृतीय पक्ष नमूनाकरण और तैयार किए गए नमूने के भाग-3 का विश्लेषण।
2. सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों से कोयला आपूर्ति के लिए लोडिंग छोर पर तृतीय पक्ष के नमूना रहित नमूनों का संयुक्त नमूनाकरण और परीक्षण। (यदि किसी कारणवश तृतीय पक्ष नमूनाकरण नहीं किया जा सका (क्रमांक 1 के अनुसार))
विस्तृत एनआईटी और निविदा विनिर्देशों के लिए कृपया 25-07-2025 को शाम 5:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएँगे।
1079/12/2025-26/1645 GHTP-62/25

**सख्ती से हुई अव्यवस्था** • प्रचार के बावजूद नियमों के अनजान रहे कई परीक्षार्थी, नहीं मिली एंट्री तो बैरंग लौटे

# आबकारी आरक्षक भर्ती: नाराज परीक्षार्थी कहीं कलेक्टर बंगले पहुंचे तो कहीं सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया

व्यापमं द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के नियमों में किए गए बदलाव से रविवार को परीक्षा केंद्रों में उम्मीदवारों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जिन परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं मिला उन्होंने अलग अलग तरह से अपनी नाराजगी जताई। कहीं वे कलेक्टर बंगले में विरोध दर्ज कराने पहुंचे तो कहीं सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। परीक्षा केंद्र में डिजिटल डिवाइस से लेकर फुल स्लीव की ड्रेस के अलावा डार्क कलर वाले कपड़े पर भी रोक लगा दी थी। इसी वजह से बहुत से परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं मिल पाई।


खैरागढ़ | एंट्री नहीं मिली तो कलेक्टर के बंगले पहुंच गए परीक्षार्थी।


अंबिकापुर | गेट के बाहर काटी गई आस्तीनों के टुकड़े बिखरे रहे।


अंबिकापुर | एंट्री न मिलने पर गेट के बाहर परीक्षार्थियों ने जताई नाराजगी

### बिलासपुर: परीक्षा केंद्र के बाहर किया हंगामा

रविवार को आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सख्त नियमों के बीच प्रवेश समय को लेकर बड़ा विवाद सामने आया। कई परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि उनके एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र में प्रवेश का समय अलग-अलग दर्ज था। किसी में 10.30 बजे और किसी में 10.45 बजे प्रवेश का समय लिखा था। इसी गड़बड़ी में कई परीक्षार्थी तय समय के बाद केंद्र पहुंचे, लेकिन उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। इससे नाराज परीक्षार्थियों ने डीपी विप्र कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर जमकर हंगामा किया।

### अंबिकापुर: ऑटो वाले छात्रा को दी अपनी टी शर्ट

कई उम्मीदवारों ने फुल स्लीव को आसपास के दुकानदारों की मदद से कटवाया। कुछ ने हाफ स्लीव वाले कपड़े खरीदे। एक ऑटो वाले ने अपनी टी-शर्ट निकालकर छात्रा को दी। कई इस चक्कर में लेट हुए तो गेट बंद हो गया। सभी 38 केंद्रों में ऐसे नजारे दिखे। गेट के बाहर खड़े परीक्षार्थी नाराजगी जाहिर करते रहे। ऐसे उम्मीदवार जो दस बजे से पहले केंद्र के बाहर पहुंच गए थे और प्रवेश नहीं दिया तो उन्होंने नाराजगी जताई। एक परीक्षार्थी ने बताया कि यह उनका परीक्षा का आखिरी मौका था ।

### रायगढ़: डेढ़ घंटे में 40 टीशर्ट बिक गई

चक्रधर नगर स्कूल के सामने कपड़ा व्यापारी ने बताया कि पहली परीक्षा है जिसमें 40 टी शर्ट डेढ़ घंटे में बिक गई। क्योंकि कई परीक्षार्थी नियमों के विपरीत कपड़े पहनकर आ गए थे। उन्हें हल्के रंग के कपड़े खरीदने पड़े। बरमकेला निवासी राहुल पाणिग्रही तय समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच तो गया था। लेकिन गहरे कलर की टीशर्ट पहनकर आया था उसे बदलने कहा। वापस बाहर आकर दूसरे से मोबाइल लेकर अपने परिचित को फोन किया। उससे टीशर्ट मंगवाई फिर केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### भिलाई: कपड़े बदलने के बाद मिली एंट्री

जेआरडी स्कूल, आदर्श कन्या स्कूल समेत करीब एक दर्जन केंद्रों में कुछ उम्मीदवार आज भी गहरे रंग के कपड़े और पूरी आस्तीन वाली कमीज पहनकर आए थे। उन्हें कपड़े बदलकर आने के लिए कहा गया। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू हुई, लेकिन उम्मीदवारों को सुबह 8.30 बजे से रिपोर्टिंग करने के लिए कहा गया था। इसकी वजह से गहरे रंग के या फिर पूरी आस्तीन वाली कमीज पहनकर आने वाले उम्मीदवारों को घर भेजकर कपड़ा बदलकर आने को कहा गया।

### राजनांदगांव: एंट्री नहीं तो कलेक्टर बंगला घेरा

खैरागढ़ में परीक्षा से वंचित अभ्यर्थियों ने हंगामा तक कर दिया। कलेक्टर के बंगले के सामने धरने पर बैठ गए। कपड़ों के रंग की वजह से भी कई अभ्यर्थी वंचित हो गए। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने कलेक्टर के बंगले के सामने हंगामा शुरू कर दिया। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। पुलिस से तीखी बहस भी हुई। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि अफसरों की मनमानी से वे परीक्षा से वंचित हो गए। एसडीएम ने उन्हें समझाइश और जांच की बात कही, तब अभ्यर्थी शांत हुए।

### कवर्धा: हाईवे पर धरना देने बैठ गए परीक्षार्थी

रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर स्थित अशोका पब्लिक स्कूल में 10.30 बजे गेट बंद कर दिए गए थे। उसके बाद पहुंचे अभ्यर्थियों को गेट पर ही रोक दिया गया। इससे नाराज होकर 17 अभ्यर्थी हाईवे पर धरने पर बैठ गए और जाम लगा दिया। उनका कहना था कि उन्हें सिर्फ 5 मिनट देरी हुई थी। हंगामे की सूचना पर डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर मौके पर पहुंचे। हाइवे पर धरने पर बैठे अभ्यर्थियों को समझाइश दी। बताया कि गाइडलाइंस जारी किए गए थे। इसके बाद अभ्यर्थियों ने जिद छोड़ी।


रायगढ़ | फुल स्लीव वाली कुर्ती की बांह मोची से कटवानी पड़ी।



बिलासपुर | विप्र कालेज के बाहर नाराजगी जताते परीक्षार्थी

## आसमान से आस्था की बारिश

**हेलीकॉप्टर से भोरमदेव में कांवड़ियों पर बरसाए फूल, सीएम साय, डॉ. रमन सिंह और विजय शर्मा ने रूद्राभिषेक भी किया**





भास्कर न्यूज | कवर्धा. सावन के तीसरे सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचे। हजारों कांवड़ियों और शिवभक्तों का हेलीकॉप्टर से फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया। दो हेलीकॉप्टर से शिवभक्तों पर गेंदे और गुलाब के पंखुड़ियों की वर्षा की गई। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत दृश्य दिखा। पूरा परिसर जयघोष से गूंज उठा। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के दृश्य से कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने अपने कैमरे में कैद किया। पुष्प वर्षा के बाद मुख्यमंत्री साय, स्पीकर डॉ. रमन ने गर्भगृह में भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया। प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## 5 राज्यों में छापे, 125 नंबरों की जांच, फिर भी तोमर ब्रदर्स पुलिस की गिरफ्त से दूर

रायपुर | सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग और वसूली केस में वांटेड वीरेंद्र सिंह तोमर व रोहित तोमर 55 दिनों से फरार है। दोनों भाइयों की तलाश में पुरानी बस्ती व क्राइम ब्रांच की 20 सदस्यीय टीम लगी हुई है। टीम ने छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान व महाराष्ट्र में छापेमारी की। 120 से ज्यादा मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल खंगाले, लेकिन दोनों भाइयों को पुलिस ढूंढ नहीं पा रही है। पुलिस दावा कर रही है कि दोनों भाइयों की तलाश जारी है। उनका क्लू नहीं मिल पाया है। चर्चा है कि दोनों भाई किसी नेता के यहां छिपे हुए हैं, जहां तक पुलिस पहुंच नहीं पा रही है। पुलिस का दावा है कि प्रॉपर्टी की जानकारी निकालकर कोर्ट में दी गई है। कोर्ट से जब भी आदेश होगा। उसे कुर्क किया जाएगा। तोमर ब्रदर्स का कई राजनेताओं से अच्छा संबंध है। दूसरे राज्यों के नेता व संगठन के पदाधिकारी से रिश्तेदारी है। चर्चा है कि इनके ही संरक्षण की वजह से पुलिस दोनों भाइयों को पकड़ नहीं पा रही है।

## वन विभाग ने पेट्रोल से जलाया हिरण का शव; भड़के ग्रामीण

भास्कर न्यूज | बिलासपुर

हिरण की संदिग्ध मौत के बाद वन विभाग ने उसके शव को पेट्रोल डालकर जलाया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। घटना बेलगहना क्षेत्र की है। खोंगसरा क्षेत्र में शनिवार की सुबह हिरण मृत मिला था। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। घंटों बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे। ऐसे बिना जांच या पोस्टमार्टम के ही शव को जलाने की तैयारी पूरी कर ली गई थी। जब स्थानीय लोगों को पता चला तो विरोध किया, फिर शव को वापस वन विभाग के कार्यालय लेकर आए। यहां रातभर रखा। अगले दिन रविवार को रेंजर देवसिंह मरावी व कोटा के पशु चिकित्सक अनिमेष अग्रवाल आए। दोनों घटनास्थल पर भी नहीं गए। पशु चिकित्सक ने रेंजर की मौजूदगी में वन विभाग कार्यालय परिसर में ही हिरण का खुले में पोस्टमार्टम किया। इसे गांव के बड़ी संख्या में लोग देख रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद वनकर्मियों ने पेट्रोल मंगाया और उससे हिरण का शव जला दिया।

## मोबाइल पर गेम खेलने से मना किया तो किशोर ने फांसी लगा ली

देवास | मोबाइल पर गेम खेलने से मना करने पर कक्षा 9वीं के छात्र तेजस पिता दिनेश कहल (14) निवासी नई आबादी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तेजस मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेल रहा था। बड़ी बहन ने मना किया और मोबाइल ले लिया तो वह कमरे में जाकर सो गया। कुछ देर बाद घर के लोग पानी भर रहे थे। इसी दौरान अंदर कमरे में नानी ने देखा तो वह फंदे पर लटका था। तेजस, उसकी मां और बहन पहले इंदौर में रहते थे। 6 वर्ष पहले मृतक के पिता दिनेश कहल लापता हो गए। मृतक की मां बच्चों के साथ अपने मायके देवास आ गई। तेजस इकलौता लड़का था।

## मुकदमे की हर फाइल के पीछे होती है एक मानवीय कहानी इसलिए न्यायिक कार्य में संवेदना का जरूरी : जस्टिस सिन्हा

भास्कर न्यूज | रायपुर

'न्यायिक कार्य सिर्फ कानून का पालन कराने तक सीमित नहीं है। इसमें मानवीय संवेदना का समावेश भी आवश्यक है। मुकदमे की हर फाइल के पीछे एक मानवीय कहानी छिपी होती है। इसमें दर्द, संघर्ष और आशा समाहित होती है।' यह बातें रविवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहीं। वे न्यू-सर्किट हाउस में रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार और महासमुंद के 126 न्यायिक अधिकारियों के सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी ने किया। जस्टिस सिन्हा ने कहा कि आज के दौर में न्यायपालिका से लोगों की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। जनता हमसे निष्पक्षता, तेजी और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है। यह समझना होगा कि कानून हमारे लिए एक साधन है जबकि न्याय हमारा उद्देश्य है।



### सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट के फैसलों से बंधे होते हैं जज

चीफ जस्टिस सिन्हा ने कहा कि किसी मामले के तथ्य और परिस्थिति को लेकर न्यायाधीश की अपनी राय हो सकती है। लेकिन वे कानून की सीमाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायिक फैसलों से भी बंधे होते हैं। जमानत के आवेदन पर आदेश करते समय मजिस्ट्रेट सावधानी बरतें।

**ये भी अदभुत** • अहिल्याश्रम स्कूल में 42 स्टूडेंट्स बने एक-दूसरे का सहारा

## सामान्य बच्चों के साथ पढ़ते दृष्टिबाधित, 5 बन चुके टॉपर, मेरिट वालों को प्राचार्य देते हैं 11 हजार

गौरव शर्मा | इंदौर

ये बच्चे आंखों से देख नहीं सकते लेकिन इनकी हिम्मत स्कूल के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा देती है। शासकीय अहिल्याश्रम क्रमांक-1 स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के ये 42 दिव्यांग (दृष्टिबाधित) स्टूडेंट्स आम बच्चों के साथ ही पढ़ाई कर रहे हैं। अपने सपनों को पूरा करने के लिए रोजाना विजयनगर से बस से आते-जाते हैं। इन्हीं में से एक महक गौर 10वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट (दृष्टिबाधित-दिव्यांग श्रेणी में) में आई है। खास बात यह है कि स्कूल में जो भी बच्चे स्टेट मेरिट में आते हैं, उन्हें प्राचार्य रमेशकुमार सेन की ओर से 11 हजार 111 रुपए का पुरस्कार भी दिया जाता है। 2023 में चार बच्चों को यह पुरस्कार दिया गया था। इस साल यह स्टेट टॉपर रही महक गौर को दिया जाएगा।


अहिल्याश्रम स्कूल के शिक्षक कहते हैं, इन दिव्यांग बालिकाओं की मुस्कराहट ही स्कूल की असली रौनक है। - फोटो | ओपी सोनी

### इस तरह से पढ़ाई करते हैं यह बच्चे

- सभी बच्चों को ब्रेल लिपी की पुस्तकें निःशुल्क दी जाती हैं।
- इनके पास रिकॉर्डिंग डिवाइस है, जिसे बाद में सुनकर ये पढ़ाई करते हैं।
- ये बच्चे तीन से छह घंटे तक रोजाना पढ़ाई करते हैं। नोट्स भी तैयार करते हैं।
- हर बच्चे को परीक्षा में राइटर उपलब्ध करवाया जाता है।

### ये बच्चे आए मेरिट में:

**2022-23**
- यशोदा कुमावत (12वीं)
- सलोनी दीवान (12वीं)
- महिमा यादव (10वीं)
- नंदिनी सेन (10वीं)

**2024-25**
- महक गौर (10वीं)

(ये स्पेशल बच्चे प्रदेश में टॉपर)

### दिव्यांग बच्चों की संख्या

| | |
|---|---|
| 2022-23 | 53 |
| 2023-24 | 50 |
| 2024-25 | 45 |
| 2025-26 | 42 |

**भास्कर एक्सक्लूसिव** तीन केस से खुली पोल, लोगों ने विरोध किया तो पुलिस ने गलती मानी

## नशे में कौन! हर फूंक के बाद ब्रीथ एनालाइजर साफ नहीं करती पुलिस, नहीं पीने वालों को भी बता रहे शराबी

सुमित ठक्कर.इंदौर | चेकिंग के दौरान पुलिस का ब्रीथ एनालाइजर उन लोगों को भी शराबी बता रहा, जिन्होंने शराब को छुआ तक नहीं। तीन मामलों में जब वाहन चालकों ने कड़ा विरोध किया तब पुलिस ने स्वीकार किया कि मशीन की ठीक से सफाई नहीं करने से सेंसर गलत रीडिंग बता देते हैं।

### केस-1 | 15 जुलाई 2025



कारोबारी विपुल वाधवा निवासी मनीषपुरी कार से जा रहे थे। रात में तिलक नगर पुलिस ने रोका और ब्रीथ एनालाइजर में फूंक लगवाई। जवानों ने कहा, आपने शराब पी रखी है। विपुल ने विरोध किया। बोले- चाहें तो मेडिकल करवा लें। तब पुलिस ने दोबारा फूंक लगवाई तो मशीन ने इस बार एल्कोहल का प्रतिशत जीरो बताया।

### केस-2 | 13 जुलाई 2025



निजी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर नेती उपाध्याय निवासी तिलक नगर को पलासिया पुलिस ने रोका। फूंक लगवाई तो 41 प्रतिशत एल्कोहल बताकर गाड़ी साइड में लगवा दी। नेती काफी देर तक पुलिसकर्मियों को समझाने का प्रयास करते रहे कि उन्होंने शराब नहीं पी है। उन्होंने मेडिकल के लिए भी कहा। दोबारा फूंक लगाने पर एल्कोहल जीरो आया।

### केस-3 | 12 जुलाई 2025



व्यापारी विकास असनानी निवासी साधुवासवानी नगर को आजाद नगर पुलिस ने मूसाखेड़ी चौराहे पर रोका। असनानी बोले- वे सावन में ड्रिंक नहीं करते। फूंक लगाई तो मशीन ने एल्कोहल डिटेक्ट किया। जवानों ने 10 हजार का चालान बनाने की बात कही। उन्होंने विरोध किया तो दोबारा फूंक लगवाई। इस बार एल्कोहल जीरो था।

**भास्कर एक्सपर्ट**

### हर बार मशीन साफ करना जरूरी, पुलिस ऐसा नहीं करती



एक्सपर्ट के मुताबिक जवान एक के बाद एक कई लोगों से फूंक लगवाते हैं। जो लोग नशे में रहते हैं, मशीन उनके एल्कोहल को डिटेक्ट कर देती है। पुलिसकर्मी मशीन को साफ किए बगैर अन्य व्यक्तियों से भी फूंक लगवा देते हैं। ऐसे में जिसने शराब नहीं पी है, वह व्यक्ति भी जब फूंक मारता है तो मशीन में पहले से मौजूद एल्होकल पार्टिकल सेंसर के संपर्क में आते ही उस व्यक्ति में भी एल्कोहल की पुष्टि कर देते हैं, जिन्होंने शराब नहीं पी है। पुलिस को हर फूंक के बाद मशीन का पाइप भी बदलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं करते।

### ये हैं चालानी कार्रवाई के नियम

- 100 ग्राम ब्लड में 30 एमएल एल्कोहल मिलने पर ही चालान बनता है।
- 30 एमएल से ज्यादा एल्कोहल डिटेक्ट होने पर आप वाहन नहीं चला सकते।
- हैवी ड्रिंक करने पर एल्कोहल प्रतिशत 200 तक आता है।
- शराब की पुष्टि पर 10 हजार का चालान।

### सभी मशीनों की एक्सपर्ट से जांच कराकर ठीक करेंगे

*ये गंभीर मामला है। हम सभी ब्रीथ एनालाइजर मशीनों की जांच उनकी कंपनी के टेक्निकल जानकारों से करवाएंगे।*
**- अमित सिंह,** एडिशनल कमिश्नर, लॉ एन ऑर्डर

**भास्कर खास** आग लगने से हुई थी युवक की मौत, जांच के कई बिंदु गलत साबित हुए

## डेढ़ साल जेल काटने के बाद हत्या का आरोपी रिहा; कोर्ट ने कहा- संदेह कितना भी गहरा क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता

लीगल रिपोर्टर | भोपाल

झुग्गी में आग लगाकर हत्या करने के आरोप में 436 दिन, यानी डेढ़ साल, जेल में रहने के बाद कोर्ट ने आरोपी आकाश को बरी कर दिया। कोर्ट ने आदेश में लिखा कि संदेह कितना भी गहरा क्यों न हो, वह सबूत का स्थान नहीं ले सकता।

कोर्ट ने पुलिस की जांच को 13 बिंदुओं पर गलत ठहराया है। फैसला अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने सुनाया। आकाश जेल में बंद था और उसके पास वकील की फीस के लिए पैसे नहीं थे। कोर्ट ने आकाश के लिए लीगल एड डिफेंस से रीना वर्मा और श्रेयश सक्सेना को नियुक्त किया। घटना 26 अक्टूबर 2020 की है। यह कोलार रोड थाना क्षेत्र में हुई थी। झुग्गी में आग लगने से विनोद अहिरवार की मौत हो गई थी। पुलिस को डायल-100 पर आकाश के खिलाफ शिकायत मिली थी कि उसने झुग्गी में आग लगाई है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पुलिस की ये चूक, जो जांच को संदेहास्पद बनाती हैं

- जांच अधिकारी वंशज श्रीवास्तव ने कहा था कि जब वह पहुंचे तो झुग्गी पर ताला था। उन्होंने चाभी से ताला खोला और अंदर गए। लेकिन, ये नहीं बता पाए कि चाभी कहां से आई।
- पुलिस ने कहा- आकाश ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई थी। एफएसएल रिपोर्ट में कपड़ों से केरोसिन के अवशेष मिले।
- मृतक के शरीर पर बिजली का तार लिपटा था। जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका आई।

### ये अहम बिंदु, जिन्हें कोर्ट ने गलत ठहराया

- आकाश और मृतक विनोद के बीच विवाद सामने नहीं आया।
- आकाश घटना के समय विनोद की झुग्गी के पास था, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला।
- डायल-100 की शिकायत से यह साबित नहीं होता कि आकाश ने विनोद की झुग्गी में आग लगाई।
- विवेचना अधिकारी वंशज श्रीवास्तव ने शॉर्ट-सर्किट जैसे महत्वपूर्ण बिंदु पर कोई जांच नहीं की।
- विवेचना अधिकारी मर्ग सूचना मिलने से पहले कैसे मौके पर पहुंचे, इसका जवाब नहीं मिला।
- डायल-100 भी मर्ग सूचना से पहले पहुंची, यह संदेहास्पद है।
- मामले में किसी भी कार्यवाही की कोई रोजनामचा प्रविष्टि प्रस्तुत नहीं की गई।
- झुग्गी में आग लगाने के लिए पेट्रोल या मिट्टी के तेल का उपयोग हुआ, यह पुलिस साबित नहीं कर सकी।
- पुलिस ने आकाश के पास डंडा जब्त किया था। विनोद की मौत में डंडे का कोई उपयोग नहीं किया गया।

**श्री अरबिंदो अस्पताल में** गुजरात के बच्चे की हुई सफल सर्जरी

## एक साल के मासूम को न्यूक्लियर मेडिसिन के जरिए मिली नई जिंदगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सांवेर रोड स्थित श्री अरबिंदो अस्पताल में गुजरात के एक साल के बच्चे को न्यूक्लियर मेडिसिन के जरिए दी नई जिंदगी दी गई। बच्चे की बीमारी गंभीर होने के कारण उसे यहां लाया गया था। अत्याधुनिक न्यूक्लियर मेडिसिन के जरिए जांच कर उसकी बीमारी का सटीक आकलन किया गया। फिर सर्जरी कर मासूम को नया जीवन दिया गया। अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. महक भंडारी ने बताया कि वडोदरा के एक साल से भी कम उम्र के मासूम को करीब तीन महीनों से शौच संबंधी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। उसके माता-पिता ने वहां कई चिकित्सकों से संपर्क किया लेकिन बीमारी ठीक नहीं हुई। इसके बाद वे बच्चे को यहां लेकर पहुंचे।

**ऐसे हुआ इलाज:** यहां न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के निदेशक डॉ. जी. एन. महापात्रा के निर्देशन में आइसोटोप की मदद से की गई अत्याधुनिक जांच में बच्चे को हो रही परेशानी की सही वजह मेकल डायवर्टिकुलम गठान का पता लगा। न्यूक्लियर मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. अरुण चौहान ने इसमें अहम भूमिका निभाई। पता चला कि छोटी आंत की इस गठान के टिशूज, पेट (आमाशय) के टिशूज में परिवर्तित होने के कारण मलद्वार से खून का रिसाव हो रहा था। सामान्य जांचों में इस बीमारी का इतनी सटीकता से पता हीं चलता है। इलाज में देरी होती है और लगातार रक्तस्राव से मरीज का जीवन खतरे में पड़ जाता है। मगर न्यूक्लियर मेडिसिन के माध्यम से बीमारी और उसकी वजह का सटीकता से पता लगने के बाद डॉ. अद्वैत प्रकाश, डॉ. पंकज शास्त्री, डॉ. गुंजन केला और डॉ. सरिता गोहिया (एनेस्थीसिया) की टीम ने मरीज की आंतों की सफल सर्जरी कर उसे नई जिंदगी दी। डॉ. अद्वैत प्रकाश ने बताया कि फिलहाल बच्चा आईसीयू में है। उम्मीद है कि उसे जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

भास्कर इन्वेस्टिगेशन
राजस्थान के टीएसपी एरिया का सच

# उम्र डेढ़ साल, वजन महज 5 किलो; पर आंगनबाड़ी में ऐसे बच्चों का नाम नहीं, क्योंकि...जी नहीं पाए तो मौत का कलंक सरकारी रिकॉर्ड पर न लगे

रणजीतसिंह चारण | जयपुर

प्रदेश के जनजातीय उपयोजना क्षेत्र (टीएसपी) में कुपोषण का दाग मिटाने में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। टीएसपी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों पर अतिकुपोषित बच्चों का न तो वजन लिया जा रहा है, न लम्बाई नापी जा रही है। अतिकुपोषित बच्चों को रजिस्टर्ड ही नहीं किया जा रहा। ताकि कुपोषण से मौत का आंकड़ा शून्य बता सकें और ऐसे बच्चों की मौत का कलंक सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज न हो। भास्कर ने टीएसपी एरिया से जुड़े जिलों में पड़ताल की तो सामने आया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का ध्यान केवल पोषाहार बांटने तक सीमित है। बारां जिले में शाहाबाद क्षेत्र के खुशालपुरा, चौराखड़ी, उदयपुर जिले में गोगुंदा क्षेत्र के सांदर केन्द्र, कथौड़ी बस्ती के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कुपोषित-अतिकुपोषित बच्चों की सूची तक नहीं मिली।

**▪ भास्कर ने इन केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सामने ही कुछ बच्चों को बुलाकर वजन-लंबाई जांची तो वे अतिकुपोषित पाए गए।**



## कई केंद्रों पर 20-20 बच्चों की उपस्थिति बताई, लेकिन मौके पर थे ही नहीं

**चौराखड़ी, शाहबाद, बारां :** घनश्याम की डेढ़ साल की बेटी सोमवती का वजन 5 किलो, लंबाई 67 सेमी। शिवा की डेढ़ साल की बेटी **अंशिका** का वजन भी 5 किलो। अमिताभ के 12 माह के बेटे रौनक का वजन 6 किलो। यानी तीनों कुपोषित। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र पर इनका नाम नहीं।



**खुशालपुरा, शाहबाद, बारां :** पन्द्रह माह की पूर्वी अतिकुपोषित है। वजन केवल 3 किलो, लंबाई 61 सेमी। मां सरस्वती ने बताया, न तो आंगनबाड़ी केन्द्र में **पूर्वी** का नाम है, न पोषाहार मिलता है। ऐसे बच्चों का नाम केन्द्र वाले लिखते नहीं हैं। केन्द्र संचालक राजंती सहरिया ने कहा- आधार कार्ड नहीं है इसलिए नाम नहीं लिखा। यहां 20 में से 6 बच्चे मौजूद थे। इनमें से राज, कारी अमित, योगेश कुपोषित पाए गए लेकिन किसी भी कुपोषित बच्चे को कुपोषण उपचार केन्द्र (एमटीसी) रेफर नहीं किया गया था। इसी तरह, मामोनी केन्द्र प्रथम में 20 में से 3 बच्चे ही मौजूद थे। संचालक सुनीता ने बताया- पोषाहार खाने के बाद बच्चे चले गए। पास में बंद पड़े मां बाड़ी केन्द्र के बारे में लोगों ने कहा- कभी-कभार ही खुलता है। मामोनी केन्द्र द्वितीय में 20 की उपस्थिति दर्शाई लेकिन मौके पर कोई नहीं था। संचालक सरोज बोलीं- बच्चे पोषाहार लेकर चले गए। उदयपुर जिले में गोगुन्दा के सांदर में सुशीला (उम्र 18 माह, वजन 6 किलो), ललित (2 साल, वजन 7 किलो) का नाम मां-बाड़ी केन्द्र पर नहीं मिला।

## जबकि...10 जिलों में पांच साल में 12 हजार करोड़ रुपए खर्च

टीएसपी में 2024-25 में पोषण पर 349 करोड़, सेहत पर 2859 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। पिछले 5 साल में सेहत पर 11150 करोड़, पोषण पर 1289 करोड़ खर्च हुए हैं। फिर भी सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार टीएसपी में 178236 बच्चे कुपोषित हैं।

*▪ पोषण तो मिलता है, लेकिन आदिवासियों में एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण ये कुपोषण का शिकार है। इसके लिए सिकल सेल अभियान चलाया जा रहा है। इससे बीमारी का इलाज हो जाएगा। जिससे आने वाली पीढ़ी कुपोषण का शिकार नहीं होगी।*
**बाबूलाल खराड़ी,** मंत्री जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग

## आरएएस 2023: इंटरव्यू का सातवां चरण 4 से शुरू होगा, साक्षात्कार-पत्र जारी

भास्कर न्यूज़ | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 के इंटरव्यू का दौर जारी है। सातवें चरण के इंटरव्यू 4 अगस्त से शुरू होंगे। आयोग ने सोमवार को अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र जारी कर दिए। आयोग द्वारा वर्तमान में इंटरव्यू का छठा चरण आयोजित किया जा रहा है। यह चरण 31 तक चलेगा। इसके बाद 4 से 21 अगस्त तक सातवां चरण शुरू होगा। अभ्यर्थी अपना रोल नंबर और जन्म दिनांक अपलोड कर साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को अपने सभी मूल दस्तावेज मय फोटो प्रति के साथ लाने होंगे। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार तिथि और पारी की सूचना दी जा रही है।

**मानसून ओवरफ्लो** • अगले 4 दिन प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट

# 100 से अधिक गांवों का संपर्क कटा, कोटा-झालावाड़ में बाढ़ के हालात

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

प्रदेश में सोमवार को कोटा, झालावाड़ सहित कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। इससे यहां बाढ़ के हालात बन गए। कोटा के रामगंजमंडी में 10 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा झालावाड़ , टोंक, सिरोही, प्रतापगढ़, अजमेर, अलवर, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और डूंगरपुर सहित अन्य इलाकों में भी भारी बारिश हुई। राजधानी जयपुर में शाम को अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। जेएलएन मार्ग पर दो घंटे में ही 4 इंच से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। पूरे प्रदेश में 100 से अधिक गांवों को सड़क मार्ग से संपर्क टूट गया है।

**▪ आगे मौसमः** मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व आसपास के पूर्वी राजस्थान के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी भागों में भारी बारिश का दौर चल रहा है। आज भी कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी है।

30 जुलाई से 1 अगस्त तक भरतपुर, जयपुर व अजमेर संभाग में कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश होने तथा बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। मानसून की लगातार सक्रियता से प्रदेश के 41 जिलों में से अब तक 29 जिलों में असामान्य और 12 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है।

**▪ प्रदेश में 28 जुलाई तक बारिश**
प्रदेश में सामान्य बारिश 196.79 मिमी है। अब तक 369.79 मिमी हो चुकी है। यह आंकड़ा सामान्य से 87.91 प्रतिशत अधिक है।

**सिरोही : स्कूल बस नदी में फंसी, बच्चों को बचाया**



**शिवगंज (सिरोही).** केराल-लखमावा के बीच से गुजर रही सुकड़ी नदी में निजी स्कूल की बस फंस गई। चालक, 2 छात्र व एक टीचर को लोगों ने बचा लिया।

## रामगंजमंडी में 10 इंच बारिश; नवनेरा बांध के 17 गेट खोले, बूंदी में स्टेट हाइवे जलमग्न

कोटा के रामगंज मंडी में 10 इंच बारिश होने से हालात बिगड़ गए। दर्जनों कालोनियों सहित कुदायला, खैराबाद में बाढ़ के हालात हैं। सुकेत में पाटली नदी में एक मकान के 7 लोग फंस गए। एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन टीम ने बचाया।

झालावाड़ के सुनेल में 7.12 इंच, डग में 6.92, रायपुर में 6.88, झालरापाटन में 6.44 इंच बारिश हुई। झालावाड़ में 5.4, पिड़ावा में 4.44, पचपहाड़ में 4.4 इंच पानी बरसा। कई जगह बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं।

**दीवार गिरी, एक की मौत :** बकानी क्षेत्र के नसीराबाद में बारिश के दौरान दीवार ढहने से बुजुर्ग की मौत हो गई। भालता क्षेत्र के उमरिया गांव में जमाल नदी में रविवार देर शाम युवक बह गया, जिसका सोमवार को भी पता नहीं चला। भीमसागर बांध के गेट खोलने से दहीखेड़ा पनवाड़ क्षेत्र में 4 किमी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कोटा दरा अरनिया स्टेट हाइवे भी डूबा होने से 24 घंटे से मार्ग जाम है। करीब 80 गांवों से संपर्क कटा हुआ है।



भीलवाड़ा. तिलस्वां में सड़क पर नाव

**▪ भीलवाड़ा** में 8 इंच बारिश से पूरे गांव में करीब 6 फीट पानी भर गया। ऐरू नदी के उफान पर आने से 200 से अधिक मकान एवं दुकानें डूब गईं। सिविल डिफेंस ने रेस्क्यू किया।

**▪ कोटा;** गांधीसागर में 24 घंटे में 1 फीट पानी आया। कोटा बैराज के 12 गेट व नवनेरा बैराज के 17 गेट खोल दिए गए। बूंदी में गुढ़ा बांध के 18 गेट खोल दिए गए हैं। डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम टापू बन गया है।

## एसीबी कोर्ट का फैसला, घूसखोर IRS सहीराम को 3 साल की कैद

भास्कर न्यूज़ | कोटा

एसीबी कोर्ट ने 7 साल पुराने मामले में केंद्रीय नारकोटिक्स विभाग के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर सहीराम और दलाल को रिश्वत लेने के मामले में 3-3 साल कठोर कारावास और अर्थदंड सुनाया है। आरोप है कि अफीम के पट्टे जारी करने और मुखिया की नियुक्ति के संबंध में दलाल के जरिए सहीराम अवैध वसूली करता था।

सरकारी वकील जया गौतम ने बताया कि 26 जनवरी 2019 को कोटा एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई की थी। एसीबी को सूचना मिली थी कि अफीम लाइसेंसधारकों से अफीम पट्टे और मुखिया की नियुक्ति के लिए रिश्वत ली जा रही है। ये रकम अफीम पट्टा संबंधी ग्राम मुखिया के मार्फत वसूली जा रही है। इस दौरान टीम ने दलाल कमलेश धाकड़ का मोबाइल सर्विलांस पर लिया, जिससे पता चला कि सहीराम मीणा ने कमलेश से उसके पिता नंदलाल को मुखिया बनाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी।

दिल्ली में राजनीतिक हलचल

# शिवराज से सीएम तो पीएम मोदी से मिलीं वसुंधरा राजे

**जयपुर|** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को प्रदेश से संबंधित सियासी हलचल बढ़ गई। चर्चाओं का बाजार उस समय और भी गरमा गया जब खबर आई कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिल्ली पहुंचने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। मुलाकात के कारणों का पता नहीं चल सका। संभव है कि झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की मौत का मामले पर बात जरूर हुई होगी। प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर भी अटकलों का बाजार गरम है। आने वाले दिनों में बदलाव के कयास भी हैं। अपुष्ट खबरें ऐसी भी आई कि रविवार रात को राजस्थान को लेकर दिल्ली में एक अहम बैठक हुई थी। इसमें संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल भी मौजूद थे। सीएम के दिल्ली दौरे और पूर्व सीएम की पीएम मुलाकात को इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। दूसरी ओर, सीएम भजनलाल शर्मा ने दोपहर बाद कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। यहां एक उच्च स्तरीय मीटिंग हुई, जिसमें कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ एसीएस अभय कुमार और वित्त विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया भी मौजूद रहे।

## सौतेले पिता ने 13 साल की बेटी के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | वलसाड

वलसाड शहर में रेलवे रोड के पास रहने वाले एक परिवार की 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ उसके सौतेले पिता द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शनिवार को सौतेला पिता नाबालिग लड़की को पास के अस्पताल ले जाने के बहाने पश्चिम रेलवे यार्ड में किसी अज्ञात स्थान पर ले गया। उसके बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों बाद आरोपी को पकड़ लिया है। वलसाड राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की एक टीम ने आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ की। जिसमें आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने की बात कबूल की। वलसाड जीआरपी टीम ने आरोपी और नाबालिग के बयान दर्ज कर लिए हैं और आगे की जांच कर रही है। शहर में आरओबी के पास रहने वाले एक परिवार की 13 साल की बच्ची अपनी मां और सौतेले पिता के साथ रहती है। शनिवार को जब बच्ची की तबीयत बिगड़ी, तो उसकी मां ने उसे सौतेले पिता के साथ पास के एक अस्पताल से दवा लेने भेज दिया। इसी दौरान सौतेले पिता ने नाबालिग का पास के एक क्लिनिक में डॉक्टर से चेकअप करवाया।

## हत्या के आरोप में 6 साल से जेल में बंद आरोपी दोषमुक्त, तत्कालीन एसपी, थानाधिकारी समेत 4 के खिलाफ जांच होगी

**बाड़मेर|** बाड़मेर जिले के नागाणा थाना क्षेत्र के चौखला गांव में करीब 6 साल पुराने हत्या के मामले में जेल में बंद आरोपी किशनाराम को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-2 बाड़मेर के न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने दोषमुक्त करार दिया है। कोर्ट ने माना है कि हत्या के पर्याप्त साक्ष्य नहीं थे। इससे यह साबित करना मुश्किल है कि हत्या आरोपी किशनाराम ने ही की है। घटना 16 जून 2019 की है। इसके 12 दिन बाद 28 जून को नागाणा थाना में मृतक के भाई ने हत्या का मामला दर्ज करवाया था। 6 साल तक मामले में सुनवाई और बहस के बाद अब अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या- 2 बाड़मेर के न्यायाधीश पीयूष चौधरी ने आरोपी किशनाराम को दोषमुक्त करार दिया है। वहीं मामले की जांच करने वाले तत्कालीन थानाधिकारी, डीएसपी, एसपी समेत 4 के खिलाफ जांच के आदेश दिए है।

आरोपी किशनलाल के वकील ने बताया कि 28 जून 2019 को गुमनाराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका भाई निंबाराम 16 जून की शाम को 7 बजे किशनाराम के घर उधार दिए हुए रुपए लेने के लिए गया।


**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) : U40109PB2010SGC033813 वैबसाइट : www.pspcl.in
संपर्क: 96461-17662 ईमेल : xen-ccmc-lehra@pspcl.in
निविदा पूछताछ संख्या 13/सीसीएम-135/2025-26 दिनांक 24.07.2025
ई-निविदा
अपर अधीक्षण अभियंता, प्लांट सिविल अनुरक्षण प्रकोष्ठ, जीएचटीपी, लहरा मोहब्बत, फील्ड हॉस्टल और वीवीआईपी लेक व्यू गेस्ट हाउस, जीएनडीटीपी कॉलोनी, बठिंडा में विभिन्न सिविल एमटीसी कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए, कृपया 25.07.2025 को अपराह्न 03:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएँगे।
1079/12/2025-26/1643 GHTP-61/25


## लुटेरी दुल्हन गिरोह का मुख्य सरगना रसिक गिरफ्तार

**वलसाड|** वलसाड शहर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गिरोह के मुख्य सरगना हितेश उर्फ रसिक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले दो साल से फरार था। आरोपी नासिक और नागपुर से महिलाओं को लाता था। वह एक गिरोह चलाता था जो नकली रिश्तेदार बनाकर शादी के खर्च के नाम पर मोटी रकम वसूलता था।

## कंपनी की सातवीं मंजिल से कूदा इंजीनियर, मौत

**पुणे|** हिंजवड़ी आईटी पार्क फेज 1 स्थित एटलस कोप्को जीईसीआईए कंपनी में सोमवार को एक युवा आईटी इंजीनियर ने कंपनी के सातवीं मंजिल से कूद कर खुदकुशी कर ली। वह दोपहर में कंपनी में चल रही मीटिंग के दौरान सीने में दर्द की बात कहकर बाहर निकला था। मृत आईटी इंजीनियर की पहचान पीयूष कवड़े (23, निवासी वाकड़, पुणे, मूल निवासी नाशिक) के रूप में हुई है।

पुलिस को घटनास्थल से उसका सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है कि 'मैं जीवन में सभी जगह नाकाम साबित हो रहा हूं, मुझे माफ करो'। मामले में पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है।

कांकाणी मामले से जुडी सभी अपीलों पर एक साथ होगी सुनवाई

# सलमान खान की अपील को लिस्ट करने के निर्देश, 22 सितम्बर को होगी सुनवाई

**जोधपुर|** राजस्थान हाईकोर्ट में सलमान खान सहित कांकाणी हिरण शिकार से जुडी सभी अपीलों को एक साथ सुनवाई के लिए रखने के निर्देश के बाजवूद अभी तक सलमान की अपील सूचीबद्ध नही हुई। जस्टिस मनोज कुमार गर्ग की बैंच में अधिवक्ता महिपाल विश्नोई ने बताया कि सलमान खान की अपील अभी तक लिस्ट नही हुई। इस पर कोर्ट ने सलमान की अपील को लिस्ट करने एवं आगामी 22 सितम्बर को सुनवाई की तारीख मुकर्रर की है। बहुचर्चित कांकाणी हिरण शिकार मामले में सैफ अली खान,नीलम,तब्बू व सोनाली बेन्द्र को बरी करने के खिलाफ सरकार की ओर से पेश लीव टू अपील पेश की थी जिस पर सुनवाई हुई। इसी मामले में सलमान खान से जुडी अपीले भी हाईकोर्ट में ट्रांसफर हो चुकी है ऐसे में सभी को एक साथ जोडकर ही सुनवाई की जाए। पिछली सुनवाई पर सलमान सहित सभी अपीलों पर एक साथ सुनवाई के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक ट्रायल कोर्ट से हाईकोर्ट में सलमान खान की अपीले लिस्ट नही हो पाई।

बहुचर्चित कांकाणी हिरण शिकार का मामला वर्ष 1998 में लूणी थाने में दर्ज किया गया। मामला 01 व 02 अक्टूबर 1998 को मध्य रात्रि में शिकार के आरोप में सलमान खान अभिनेता सैफ अली खान अभिनेत्री नीलम,सोनाली बेन्द्रे,तब्बू व दुष्यंतसिंह के खिलाफ था। जिसमें सलमान खान के खिलाफ वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम की सलमान खान को छोडकर सभी सह आरोपी सैफअली खान,नीलम,तब्बू,सोनाली बेन्द्र व दुष्यन्त को 5 अप्रेल 2018 को बरी कर दिया गया था। सलमान खान को 05 अप्रेल 2018 को पांच साल की सजा के आदेश दिए गए थे। सजा के खिलाफ सलमान की ओर से अपील पेश करते हुए जमानत पर रिहा हुए थे।


**SANSKARAM UNIVERSITY**
Established under Haryana Private Universities Act, 2006 (Haryana Act No. 3 of 2024) and Approved by UGC under section 2(f) of the UGC Act 1956
Excellence in Higher & Technical Education - Times Power Award 2025
Best Emerging University in North India - Times Business Award 2025
UGC
7056999201 | 202



Foreign Collaboration Programs With
LINCOLN University College | Universitas Muhammadiyah Jakarta | Unaki
• Joint Academic Events • Student & Faculty Exchange Program • Resource Sharing
• Education Loan Available For Students
• EMI Facility – Flexible Monthly Installments
Ranked 9th by Times Engineering Survey 2025
Best Emerging University in India

**Admissions Open in 175+ Programs at DIPLOMA, UG, PG & Ph.D. Level**

ENGINEERING AND TECHNOLOGY
B.Tech / M.Tech (CSE)
AI & ML | Cyber Security | Gaming (CSE)
Cloud Tech. & Information Security (CSE)
ECE | ME | CE | EE | IT | BCA | MCA
Dip. In Computer | Electrical | Civil
MANAGEMENT & COMMERCE
B.Com | M.Com
BBA (Hons) | Business Analytics
International Accounting & Finance
Logistics and Supply Chain Management
MBA MBA Executive
AGRICULTURE
B.Sc. (Hons) | M.Sc.
HOTEL MANAGEMENT
BHM&CT | MHM&CT | BA (CULINARY ARTS)
B.Sc. / M.Sc. (APPLIED SCIENCE)
Physics | Forensic Sci. | Mathematics | Botany
Zoology | Microbiology | Chemistry | Genetics
Yoga | Nutrition & Dietician* | Biochemistry*
Environment Sci.* | Food Science & Tech.*
Computer Sci. | Data Sci. | Cyber Security
BA / MA (LIBERAL EDUCATION)
Journalism & Mass Comm. | English
Geography | Psychology | Pol. Sci. | Yoga
Economics | Mathematics | Sociology*
Education* | Physical Education & Sports*
NURSING (Affiliated from UHSR)
B.Sc. Nursing | GNM

VETERINARY
B.V.Sc. & A.H | M.V.Sc. & A.H | VLDD | DVLT
LAW & LEGAL STUDIES
B.A. LL.B | BBA. LL.B | LL.B
LL.M | BA Legal Studies
HEALTH & ALLIED SCIENCES
PHARMACY B. Pharm | D. Pharm
B.Sc. Radiography & Imaging Tech.
Operation Theater Tech.
Perfusion Tech. | Medical Lab Tech.
BPT (Bachelor of Physiotherapy)
D. Operation Theatre* | D. Medical Lab*
D. X-Ray Tech.* | D. Physiotherapy*
D. Radiology* | D. Dialysis Tech.*
B.Voc / M.Voc
Interior Design | Fashion Design | Dialysis*
Computer Application | Optometry*
Medical Lab* | Cardiac Care* | Health Care
Hospital Mgt. | Physiotherapy Tech.*
Operation Theatre* | Health Sanitary*
Fire & Industrial Safety* | Mass Comm.*
Community Medical Service | Fine Arts*
* Subject to Statutory Approval
Ph.D. Available in all the above Disciplines
SUST SCHOLARSHIP TEST
Scholarship For Meritorious Students
₹10 Cr. Worth of Scholarship
Scan for Registration

GET A FREE MACBOOK WHEN YOU ENROLL
Enroll Now | B.Tech CSE Programme
MACBOOK WITH FULLY EQUIPPED SOFTWARES
Our Academic & Recruitment Partners
Apple | Microsoft | aws academy | groyquest | Airports Authority of India | Digital Kissan Farming | Radisson | Global Database Solutions | Bita Technologies | RK Life Care Inc | Sharp Career | kuhoo

CAMPUS ADDRESS : N.H - 352, PATAUDA, DELHI-NCR, JHAJJAR (HARYANA)


बोइंग के मालवाहक विमान भी यहां लैंड कर सकेंगे

# भरूचः 90 करोड़ की लागत से राज्य का पांचवां सबसे लंबा 'रनवे' तैयार

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

अमरतपुरा गांव के पास हवाई पट्टी के निर्माण कार्य का पहला चरण पूरा हो गया है। जिसमें राज्य की पांचवीं सबसे लंबी हवाई पट्टी तैयार की गई है। इस पर बोइंग कंपनी के मालवाहक विमान भी लैंडिंग और टेक ऑफ कर सकेंगे। आने वाले दिनों में एटीसी टावर, हवाई अड्डा कार्यालय, विमान मरम्मत केंद्र, कार्गो हैंग जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।

भरूच और अंकलेश्वर में राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे अमरतपुरा गांव के पास हवाई पट्टी का पहला चरण पूरा हो चुका है। 90 करोड़ रुपये की लागत से 2135 x 45 मीटर लंबा रनवे बनकर तैयार हो गया है। यह हवाई अड्डा राज्य का पांचवा सबसे लंबा हवाई अड्डा है। आने वाले दिनों में हवाई यातायात नियंत्रण सहित बुनियादी ढांचे की सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। पहले चरण में, इस हवाई पट्टी पर छोटे यात्री और मालवाहक विमानों



के उतरने की व्यवस्था की जाएगी। अंकलेश्वर के उद्योगपति महेश पटेल ने बताया कि 2500 की आबादी वाले गांव के लोगों को ले जाने वाला यह रनवे उद्योग के मामले में अग्रणी बन रहे भरूच जिले के विकास की ऊंचाई से उड़ान भरने के लिए तैयार हो गया है। अमरतपुरा गांव के पास बन रही हवाई पट्टी के पहले चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। पहले चरण के पूरा होने के साथ ही पहले मालवाहक विमान उड़ान भरेंगे। एटीसी टावर तैयार होने के बाद, संभावना है कि बोइंग कंपनी के मालवाहक विमान की लैंडिंग और टेकऑफ करके हवाई पट्टी का परीक्षण किया जाएगा।

## विद्यालय सहायक ने छात्रा से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**सैंपऊ (धौलपुर)|** थाना क्षेत्र के एक गांव के सरकारी स्कूल में छुट्टी होने पर विद्यालय सहायक रामदास ने 10 साल की पांचवी की छात्रा से छेड़छाड़ कर अश्लील वीडियो और फोटो दिखाए। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो आक्रोश फूट गया। विद्यालय सहायक को स्कूल में बंधक बनाकर सर का मुंडन कर जूतों की माला पहना दी। घटना 25 जुलाई की है। जब स्कूल की छुट्टी होने पर पांचवी कक्षा की छात्रा चौथी कक्षा में पढ़ने वाली अपनी सहेली के साथ स्कूल की छुट्टी होने पर घर लौट रही थी। इसी दौरान विद्यालय सहायक रामदास ने दोनों बच्चियों को कार में बिठाकर घर छोड़ने की कहकर रोक लिया। छात्रा ने बताया कार में बिठाकर विद्यालय सहायक ने उनके साथ छेड़छाड़ कर मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाए। जब परिजनों ने एक छात्रा से जानकारी ली तो मामला उजागर हो गया। पुलिस थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा ने बताया कि विद्यालय सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया बच्ची के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट की धाराओं में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**प्रेरणा**

सुधार की पहली किरण अपने भीतर की आवाज को सुनने से निकलती है। - एल्डस हक्सले

**संपादकीय**

## अनाज में घटते पोषक तत्वों पर हमें नीति बनानी होगी

मृदा विज्ञान संस्थान द्वारा एक तिहाई से ज्यादा खेतों में जिंक की कमी पाई गई। भास्कर इंवेस्टिगेशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इसके कारण अनाज में इस तत्व की कमी से बच्चे नाटेपन, महिलाएं बांझपन और आम लोग इम्युनिटी ह्रास के शिकार हो रहे हैं। अलग-अलग जमीनों में अलग खनिज तत्वों की कमी वहां के अनाज में भी मिलती है। राज्यसभा में सरकार ने बताया है कि देश में पांच वर्ष से नीचे के 37% बच्चे नाटेपन के शिकार हैं और 17% कम वजन के। इन दोनों अक्षमताओं का मूल कारण कुपोषण यानी समुचित मात्रा में पोषक तत्वों का न मिलना है। नाटेपन के शिकार बच्चों का सबसे ज्यादा प्रतिशत यूपी में (46.83) है, जबकि झारखण्ड, बिहार और एमपी में यह प्रतिशत क्रमशः 43.26, 42.68 और 42.09 है। सरकार जहां उत्पादन बढ़ाने के उपाय कर रही है, उसे विज्ञान की नई जानकारी के आधार पर अब दो नए मोर्चों पर लड़ना होगा- जमीन में नाइट्रोजन और अन्य खनिजों की कमी और पर्यावरण बदलाव के कारण गेहूं और चावल में लगातार गिरते प्रोटीन के प्रतिशत- जिसे ग्रेन-मिनरल डेंसिटी के तौर पर मापा जाता है, को बढ़ाना। एक शोध के अनुसार पिछले 166 वर्षों के अनाजों का विश्लेषण करने के बाद पाया गया है कि गेहूं में प्रोटीन की मात्रा 32 से घटकर मात्र 16 प्रतिशत रह गई है। नेचर मैगजीन में छपे इस शोध ने दुनिया की सरकारों की आंखें खोल दी हैं।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

## जन्म-मृत्यु हमारे हाथ में नहीं तो भगवान पर भरोसा बढ़ाएं

रामकथा सुनने पर क्या लाभ होते हैं, यह बात रामचरितमानस में अलग-अलग ढंग से आई है। पार्वती जी से कहते हुए ये पंक्तियां आई हैं- मैं जिमि कथा सुनी भव मोचनि। सो प्रसंग सुनु सुमुखि सुलोचनि। मैंने जिस प्रकार वह भव (जन्म-मृत्यु) से छुड़ाने वाली कथा सुनी, हे सुमुखी, सुलोचनी, वह प्रसंग सुनो। यहां गहरी बात है जन्म-मृत्यु से छुड़ाने वाली। दरअसल, मनुष्य का जन्म और मृत्यु दो ऐसी उलझनें हैं या रहस्य हैं कि अच्छे-अच्छे इसकी थाह नहीं पाते। हम पैदा क्यों हुए, मृत्यु के बाद हमारा क्या होगा, ये बात अनेक ग्रंथों में लिखी है। पर बड़े-बड़े विद्वान, दार्शनिक और महात्मा इसमें उलझ गए। जीवन ऐसा है कि बाहर की दुनिया से एक ट्रिगर दबता है और हमारे भीतर उथल-पुथल शुरू हो जाती है। जन्म-मृत्यु के मसले पर रामकथा पढ़ें तो समझ आता है ये दोनों हमारे हाथ में नहीं हैं तो भगवान पर भरोसा बढ़ाएं। रामकथा ऐसे प्रसंगों से हमारी मेमोरी-एडिटिंग कर देती है और हम परिपक्व होकर जीने लगते हैं। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**टु द पीपुल • दो उपराष्ट्रपतियों के सुखद संस्मरण**

# राज्यसभा सभापति खिलाड़ी नहीं, अम्पायर की तरह हों

**राजकाज**




डेरेक ओ ब्रायन

राज्यसभा में टीएमसी के नेता

office@derek.in


चौदह साल पहले दिल्ली की वो उमस भरी सुबह मुझे आज भी याद है। जीवन में पहली बार मैं संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति से मिला था। वे तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी थे। वह संसद में मेरा पहला दिन भी था। शपथ-ग्रहण के बाद उन्होंने पहली बार सांसद बने हम कुछ नेताओं को कॉफी पर बुलाया। बातचीत चलती रही। जब उन्होंने देखा कि गपशप करते हुए 15 मिनट से अधिक हो गए हैं, तो उन्होंने हमें चर्चा जारी रखने के लिए अपने घर पर बुलाया। हम कुछ दिनों बाद उनके घर भी गए। यह हमारे लिए रोमांचक था कि दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने हम जैसे नए सांसदों से मिलने के लिए समय निकाला।

एक राजनयिक के रूप में हामिद अंसारी का लंबा और प्रतिष्ठित करियर रहा था। वे भारत सरकार के चीफ ऑफ प्रोटोकॉल, ऑस्ट्रेलिया में उच्चायुक्त, संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि, अफगानिस्तान, ईरान और सऊदी अरब में राजदूत रहे थे। फिर वे भारत के 12वें उपराष्ट्रपति बने। कोलकाता में जन्मे अंसारी के बारे में जो बात कम ही लोग जानते हैं, वो ये है कि वे अपने कॉलेज के लिए मध्य क्रम के विकेटकीपर-बल्लेबाज भी थे। वास्तव में ईरान में राजदूत रहते हुए उन्होंने भारतीय दूतावास के कर्मचारियों के लिए क्रिकेट शुरू करवाया था। यह भी कहा जाता है कि उन्होंने ईरान में इस खेल को लोकप्रिय बनाया।

राज्यसभा के सभापति के तौर पर अंसारी ने विधान-परिषदों में कई इनोवेशन किए। संसद-सत्र के दौरान अंसारी रोज सुबह 10:30 से 10:55 तक कॉफी मीटिंग करते थे। सदन के नेताओं के साथ इस अनौपचारिक बातचीत से सत्तापक्ष और विपक्ष को दिन भर की कार्यवाही में सामंजस्य बनाने में मदद मिलती थी। सभापति के तौर पर अंसारी का एक नियम अटल था : कोई भी विधेयक हंगामे के बीच पारित नहीं होगा। इससे यह सुनिश्चित हुआ था कि तत्कालीन सरकार कोई भी कानून जबरन नहीं थोप सकती थी। प्रश्नकाल और शून्यकाल के समय में बदलाव का पूरा श्रेय भी अंसारी को ही जाना चाहिए। बीते छह दशकों से प्रश्नकाल सुबह 11 बजे शुरू होता आ रहा था। इसके बाद दोपहर 12 बजे से शून्यकाल होता था। अंसारी को लगा कि प्रश्नकाल अक्सर हंगामे की भेंट चढ़ता है, क्योंकि सदस्य दिन की शुरुआत में ही महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाना चाहते हैं। 2014 में अंसारी ने इसमें बदलाव किया। अब राज्यसभा में पहले 11 बजे से शून्यकाल होता है, जिसमें सदस्य तात्कालिक जनहित के मुद्दे उठाते हैं। 12 बजे से प्रश्नकाल शुरू होता है।

अंसारी के दृष्टिकोण को इस कथन से समझा जा सकता है- 'राज्यसभा का सभापति खिलाड़ी नहीं, बल्कि अम्पायर है... यदि आप खिलाड़ी बनते हैं तो पक्षपाती हो जाते हैं।' सेवानिवृत्ति के बाद वे दिल्ली में सुखद जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं।

दूसरे जिन उपराष्ट्रपति के सम्पर्क में मुझे आने का सौभाग्य मिला, वे थे वेंकैया नायडू। एक अनुभवी सांसद, जो ग्रामीण विकास, शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन, सूचना और प्रसारण के साथ संसदीय कार्य मंत्रालय के मंत्री भी रहे थे। इतिहास नायडू के प्रति उदार रहेगा, क्योंकि उन्होंने 20 सितंबर 2020 को उस दिन सदन की अध्यक्षता नहीं की थी, जब विवादित कृषि कानून जबरन पारित कराए गए थे। शायद इसलिए क्योंकि वे कृषक-परिवार में जन्मे थे।

उनका चैम्बर हो या सदन, दोनों ही जगह नायडू हर किसी से एक ही लहजे में बात करते थे- फिर चाहे वे सत्तापक्ष के सदस्य हों या विपक्ष के। यह सराहनीय है। जब भी वे हमें उपराष्ट्रपति भवन में भोजन पर आमंत्रित करते थे तो वहां मिलने वाले आंध्रप्रदेश के स्वादिष्ट भोजन के लिए श्रीमती नायडू को भी बराबर का श्रेय जाता है। एक बार उन्होंने कहा था कि भले ही वे बाहर सभापति होंगे, लेकिन घर में तो उनका भी एक गृहमंत्री है।

**भारत के 12वें उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी क्रिकेटप्रेमी और इनोवेटिव थे। वहीं 13वें उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू अपने हास्यबोध और भावुकता के लिए जाने जाते थे। दोनों ही अनुभवी और पद की गरिमा का ध्यान रखने वाले थे।**

नायडू को चुटीले 'वन लाइनर' बहुत पसंद थे। एक बार जब विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए बाहर जा रहे थे तो उन्होंने कहा था- 'लर्न, अर्न एंड रिटर्न'। यानी सीखना, कमाना और फिर लौट आना। जब उनसे राष्ट्रपति बनने की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा वे 'उषापति' बनकर ही खुश हैं। उनकी पत्नी का नाम उषा है। उनका एक और मशहूर कथन था- 'द लेफ्ट कैन नेवर बी राइट'। नायडू का हास्यबोध जितना अच्छा था, वे उतने ही भावुक भी थे। जब भावनात्मक मुद्दों पर चर्चा होती, उनकी आंखें नम हो जाया करती थीं।

14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मेरे कॉलम का विषय होंगे। लेकिन किसी और दिन!

**(ये लेखक के अपने विचार हैं। इस लेख के सहायक शोधकर्ता आयुष्मान डे हैं)**

**दूरदृष्टि • गाजा जनसंहार के व्यापक परिणाम होंगे**

# मध्य-पूर्व की शांति आगामी तूफानों का संकेत देती है

**मिडिल-ईस्ट**




लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन

कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर


**मध्य-पूर्व** आज एक भ्रमित कर देने वाली शांति की स्थिति में है। गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्ला जैसे उग्रवादी समूहों और सीरिया में असद शासन के पतन ने इस क्षेत्र के चिरस्थायी तूफानों में क्षणिक विराम ला दिया है। जिन छद्म युद्धों का दायरा तेहरान से बगदाद और दमिश्क होते हुए भूमध्य सागर तक फैला था, वो अब बिखरा हुआ मालूम होता है। यमन के हूती आज इकलौती ऐसी विघटनकारी शक्ति बने हुए हैं, जो लाल सागर और अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के लिए खतरा बने हुए हैं, लेकिन उस क्षेत्रीय मोमेंटम के बिना जो कभी ईरान समर्थित रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को परिभाषित करता था।

और इसके बावजूद इस स्थिरता के स्थायी रहने की संभावना नहीं है। उलटे यह एक और बड़े, विनाशकारी तूफान का केंद्र हो सकता है। संघर्ष के फिर से उभरने की स्थितियां न केवल बरकरार हैं, बल्कि और बढ़ गई हैं- खासकर इजराइली फौजों द्वारा गाजा में अभूतपूर्व हिंसा और विनाश के बाद। दुनिया ने देखा कि गाजा पर व्यवस्थित रूप से हमला किया गया, रहवासी बस्तियों को तहस-नहस किया गया और हजारों नागरिक मारे गए। इजराइल ने इसके लिए चाहे जिस राजनीतिक या सैन्य उद्देश्य का दावा किया हो, लेकिन जो तस्वीरें और नैरेटिव सामने आए, उन्होंने फिलिस्तीनियों, व्यापक अरब-जगत और मुस्लिम आबादी के बीच क्रोध, निराशा और पीड़ित होने की भावना को जन्म दिया है।

गाजा का यह जनसंहार एक नई वैचारिक और उग्रवादी लहर के उभरने का आधार बन सकता है। यह समझना जरूरी है कि मध्य-पूर्व ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां ऐतिहासिक शिकायतें चुपचाप मिट जाती हों। बल्कि यह ऐसा क्षेत्र है, जहां पीढ़ियों तक पीड़ा की भावनाओं को संजोया जाता है और जहां प्रतिशोध लेना सांस्कृतिक मुद्रा और राजनीतिक साधन दोनों है। गाजा युद्ध ने इजराइल-फिलिस्तीनी संघर्ष को समाप्त नहीं किया, केवल इसके परिदृश्य को बदल दिया है। हमास के सैन्य और राजनीतिक रूप से कमजोर होने के साथ ही अब नए संगठनों के उदय का रास्ता खुल गया है, जो अपने लक्ष्यों और तरीकों में अधिक सुगठित, कट्टरपंथी और संभवतः अधिक अंतरराष्ट्रीय हों।

इतिहास एक गंभीर मिसाल पेश करता है। आईएसआईएस का उदय शून्य में नहीं हुआ। यह इराक के सुन्नियों के राजनीतिक हाशिए पर जाने, सद्दाम हुसैन के बाथिस्ट तंत्र के विघटन और कब्जे के घावों से पैदा हुआ था। आईएसआईएस सिर्फ एक आतंकवादी समूह नहीं था, बल्कि एक अर्ध-राज्यीय शक्ति भी थी, जिसने सीमाओं का पुनर्निर्धारण किया और समांतर युद्ध की वैश्विक समझ को उलट-पुलट कर दिया। आज पूरे क्षेत्र में ऐसे ही तत्व मौजूद हैं : मताधिकार से वंचित युवा, विस्थापित परिवार, पारंपरिक राजनीतिक ढांचों से मोहभंग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा त्यागे जाने की भावना। ये हालात कट्टरपंथ के लिए उपजाऊ हैं।

इसके अलावा, गाजा के मनोवैज्ञानिक प्रभाव को भी कम करके नहीं आंका जा सकता। विनाश के पैमाने और तीव्रता का अरब-जगत पर खासा प्रभाव पड़ा है। अरब सरकारों ने भले ही सतर्कतापूर्ण या दुविधापूर्ण रुख अपनाया हो, लेकिन जनभावनाएं नाटकीय रूप से भड़क उठी हैं। प्रदर्शन, सोशल मीडिया अभियान और भूमिगत समर्थन नेटवर्क, सभी में तेजी से वृद्धि हुई है। यह राज्य की नीतियों- जो अक्सर व्यावहारिक राजनीति और विदेशी गठबंधनों द्वारा तय होती हैं- और उनकी जनता की नब्ज के बीच मौजूद एक बड़े अंतर को दर्शाता है। यह असंगति एक खतरनाक गतिशीलता पैदा करती है, जहां जनाक्रोश पारंपरिक राजनीतिक दायरे से बाहर निकलने का रास्ता तलाशता है। अगर इसे दबाया या नजरअंदाज किया गया तो यह ऊर्जा और भी गुप्त और हिंसक रूपों में अभिव्यक्त होगी।

**मध्य-पूर्व का मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य भले ही क्षणिक रूप से शांत लग सकता है, लेकिन यह शांति खतरनाक रूप से भ्रामक है। गाजा-संघर्ष के भावनात्मक, वैचारिक और रणनीतिक अभिप्राय धीरे-धीरे सामने आएंगे।**

एक और अनदेखा किया गया पहलू गाजा युद्ध की अंतरराष्ट्रीय प्रतिध्वनि है। दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम के मुस्लिम समुदायों ने इस पर गुस्से और पीड़ा के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ये अभिव्यक्तियां अभी प्रतीकात्मक हैं, लेकिन इतिहास हमें बताता है कि एकजुटता के आंदोलन जल्द ही सैन्य समर्थन प्रणालियों में विकसित हो सकते हैं। अगला उग्रवादी संगठन गाजा, लेबनान या सीरिया तक ही सीमित नहीं हो सकता है। यह भी याद रखें कि ईरान का प्रॉक्सी-मॉडल भले ही क्षतिग्रस्त हुआ हो, वह अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं से पीछे नहीं हटने जा रहा है। तुर्किये भी नए इस्लामवादी आंदोलनों का प्रायोजक बन सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


दैनिक भास्कर — अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।


© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**इस हफ्ते चर्चा में...**

## थाइलैंड और कंबोडिया में हजारों लोग बेघर हुए



**1 लाख 66 हजार**

लोग बेघर हो चुके हैं थाइलैंड और कंबोडिया में चल रहे संघर्ष के कारण।

**173 करोड़ रुपए**

खर्च हुए हैं कनाडा में 2020-24 के बीच 107 किलोमीटर साइकिल लेन बनाने पर। अब इन्हें हटाने की मांग हो रही है।

**5000 एपिसोड**

हो चुके हैं, साल्टलेक, अमेरिका में एक रेडियो और टीवी शो के। म्यूजिक एंड स्पोकन वर्ड नामक यह कार्यक्रम चर्च में 1929 से जारी है।

**टेक्नोलॉजी**

## अमेरिका में एआई से पढ़ाई का विरोध शुरू

अमेरिका में टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में एक स्कूल में एआई से पढ़ाई हो रही है। स्कूल में किंडरगार्टन से आठवीं और हाईस्कूल के छात्रों को एआई से पढ़ाया जाता है। ऑस्टिन टेक्नोलॉजी कंपनियों के दिग्गजों का गढ़ है। पॉडकास्टर और इंफ्लूएंसर मेकेंजी प्राइस ने अपने प्राइवेट स्कूल अल्फा में इसकी शुरुआत की है। स्कूल में दो घंटे तक एआई सॉफ्टवेयर से बच्चों को रीडिंग और मैथ्स जैसे विषय सिखाए जा रहे हैं। अल्फा के मॉडल को न्यूयॉर्क, ओरलैंडो सहित कई अमेरिकी शहरों में लागू किया जाएगा। हालांकि इसका विरोध शुरू हो गया है। अमेरिकन टीचर्स फेडरेशन के प्रेसिडेंट रैंडी वीनगार्टन का कहना है, छात्रों का अन्य मानवों से रिश्ता जरूरी है। स्कूल में एआई होने से शिक्षा में मानवीय हस्तक्षेप खत्म हो जाएगा। अमेरिका के तीसरे सबसे बड़े स्कूल डिस्ट्रिक्ट मियामी डेड काउंटी में एक हजार से अधिक शिक्षकों को नए एआई टूल्स की ट्रेनिंग दी गई है। एक लाख पांच हजार से अधिक छात्रों के बीच गूगल चैटबॉट्स पेश किया गया है। वहीं कई स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने स्कूलों के लैपटॉप पर चैटबॉट्स को ब्लॉक कर दिया है।

© The New York Times

**बिजनेस** संकट में घिरी बोइंग को संजीवनी, जापान, यूएई, सऊदी अरब जैसे देशों से किए कंपनी ने सौदे

# ट्रम्प के ट्रेड वॉर से बोइंग की चांदी; अमेरिका से व्यापार डील करने वाले देशों ने दिए सैकड़ों विमानों के ऑर्डर

नीरज चोकसी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के व्यापार युद्ध से बोइंग को फायदा हो रहा है। दिग्गज एयरोस्पेस कंपनी को लगातार नए ऑर्डर मिल रहे हैं। वर्षों से संकट में घिरी बोइंग के लिए ये सौदे नया जीवन साबित होंगे। इससे ट्रम्प को भी यह दावा करने का मौका मिलेगा कि उनकी ट्रेड नीतियों से अमेरिकन मैन्युफैक्चरिंग को मदद मिल रही है। इस माह इंडोनेशिया और जापान से बोइंग जेट के ऑर्डर मिले हैं। बहरीन, यूएई , सऊदी अरब से भी सैकड़ों विमानों के सौदे इस साल हो चुके हैं। मई में कतर एयरवेज ने 150 बड़े बोइंग विमानों का ऑर्डर दिया है।

कुछ एविएशन विशेषज्ञों को संदेह है कि बोइंग के प्लेन खरीदने के लिए अमेरिकी व्यापार वार्ताकारों ने दबाव डाला है। विदेशी सरकारें और एयरलाइंस इतनी महंगी खरीद महीनों सोच-विचार के बाद करती हैं। वैसे एयरलाइंस के सामने ज्यादा विकल्प भी नहीं हैं। बड़े कॉमर्शियल जेट विमानों के केवल दो सप्लायर बोइंग और फ्रांस की एयरबस हैं। विशेषज्ञों का कहना है, ट्रम्प और उनके सहायकों द्वारा बोइंग के नए ऑर्डरों को अपने व्यापार सौदों का हिस्सा बताने में कोई अचरज नहीं है। कंपनी हजारों अमेरिकियों को रोजगार देती है। वह देश की बड़ी निर्यातक है। नए सौदों की घोषणाओं का अमेरिकी शेयर मार्केट पर भी असर पड़ा है। अप्रैल से बोइंग के शेयर मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं। उस वक्त ट्रम्प ने कई देशों पर नए टैरिफ का ऐलान किया था। विश्लेषकों का कहना है, ट्रेड डील की घोषणाओं से और अधिक ऑर्डर मिल सकते हैं। जिन खरीदारों ने ऑर्डर नहीं दिए हैं, अब उन पर प्लेन खरीदने का दबाव होगा। बाद में जरूरत पड़ने पर उन्हें इंतजार करना पड़ेगा। आज ऑर्डर किए गए विमान मिलने में वर्षों लगते हैं। बोइंग ने इस खबर के लिए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वैसे, कंपनी के चीफ केली ओर्टबर्ग मई में ट्रम्प के साथ मिडिल ईस्ट की यात्रा पर गए थे। इस दौरान कतर से करार हुआ था।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है, संभव है कि कई ऑर्डर ट्रम्प के हस्तक्षेप के बिना हुए हैं। दरअसल, पिछले कई वर्षों से यात्री विमानों की मांग बहुत ज्यादा है। वहीं नए विमानों की सप्लाई सीमित रही है। पिछले साल एक उड़ान के बीच बोइंग का पैनल विमान से अलग होने के बाद कंपनी की फैक्ट्रियों में उत्पादन धीमा पड़ गया था। एक सप्ताह की हड़ताल से भी बोइंग में प्रोडक्शन प्रभावित हुआ था।

© The New York Times



नॉर्थ चेल्सटन, बोइंग की फैक्टरी में बन रहे प्लेन।

**टैरिफ का असर पड़ेगा**

ट्रम्प का व्यापार युद्ध विमानों की खरीद पर असर डाल सकता है। ट्रम्प के प्रस्तावित टैरिफ से बोइंग के सप्लायर्स की माली हालत के लिए खतरा पैदा हो सकता है। इस सप्ताह बजट एयरलाइन रायनएयर ने कहा कि अगर यूरोपीय देशों ने अमेरिकी विमानों पर टैरिफ लगाए तो वह बोइंग विमानों की डिलीवरी टाल देगी।

## वास्तविक ऑर्डर घोषणाओं से कम होने की भी आशंका

**एविएशन** कंसल्टिंग फर्म एविटास के प्रेसिडेंट एडम पिलार्स्की और अन्य विशेषज्ञों को वास्तविक ऑर्डर की संख्या पर संदेह है। उनका कहना है कि वास्तविक ऑर्डर उतने अधिक नहीं होंगे, जितने दिखाए जा रहे हैं। अमेरिकी सरकार, अन्य देशों और बोइंग ने विमान सौदों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। उनका कहना है कि कुछ विमान डील्स पर अभी भी बातचीत हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ही उदाहरण ले लीजिए उन्होंने इसी माह कहा था कि इंडोनेशिया 50 बोइंग जेट खरीदने के लिए सहमत हो गया है। हालांकि इसके बाद में इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि सरकारी एयरलाइन गरुड़ और बोइंग के बीच डील पर अभी चर्चा चल ही रही है।

**समस्या**

## ईरान: गंभीर जल संकट से 25 शहरों में दफ्तर बंद

फरनाज फसीह

इजराइल के साथ संघर्ष के बाद अब ईरान पर नया संकट खड़ा हो गया है। दरअसल इस समय ईरान में पानी की भीषण कमी है। पांच साल से सूखा पड़ रहा है। बांधों, झीलों और तालाबों में जलस्तर नीचे पहुंच चुका है। राजधानी तेहरान में कुछ हफ्ते का पानी बचा है। शहरों में नल सूखे पड़े रहते हैं। लोगों को पानी के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह ईरान के कुछ हिस्सों में तापमान धरती के सबसे गर्म हिस्सों के बराबर पहुंच गया था। बिजली की कमी ने समस्या और बढ़ाई है। रोज देशभर में बिजली कटौती होती है।

राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि पानी का संकट उससे कहीं ज्यादा गंभीर है, जितना बताया जा रहा है। अगर हमने जरूरी फैसले अब भी नहीं किए तो हमें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसका भविष्य में कोई इलाज नहीं होगा। तेहरान सहित 25 शहरों में सभी सरकारी दफ्तर और सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पानी और बिजली की कमी से निपटने के लिए सप्ताह में सिर्फ तीन ही दिन काम हो रहा है। सरकारी प्रवक्ता मोहाजेरानी ने बताया कि शहरों को भी सप्ताह में एक या दो दिन बंद रखा जा सकता है। तेहरान में कुछ लोगों ने बताया कि पानी की कमी के कारण टॉयलेट की सफाई तक नहीं हो पाती है। बर्तन और कपड़े धोना भी मुश्किल हो रहा है।

© The New York Times

**ओपिनियन** खाना और दवाइयां नहीं पहुंचने से बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

# गाजा में 90% लोग बेघर, लाखों के पास खाना नहीं

मोहम्मद मंसूर (गाजा राहत समिति के मैनेजर)

गाजा में लगभग पांच लाख लोग गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। लोग भूख से मौत के कगार पर हैं। एक लाख बच्चे और महिलाएं गंभीर कुपोषण के शिकार हैं। मार्च में इजराइली सरकार द्वारा गाजा में मदद पहुंचाने पर रोक लगाने के बाद बच्चे सबसे ज्यादा पीड़ित हुए हैं। माताएं बीमार बच्चों के सिरहाने बैठी रहती हैं तो पिता भोजन की तलाश में भटकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय राहत समिति अब भी गाजा में मदद पहुंचा रही हैं। मौत के पास पहुंच रहे बच्चों को स्वस्थ होने के लिए जरूरी फूड दे रही है।

गाजा का समूचा मानवीय सहायता इंफ्रास्ट्रक्चर बेकार हो चुका है। घोषित तौर पर तो इजराइल ने मई में राहत सामग्री की घेराबंदी खत्म कर दी थी। लेकिन खाने का सामान बांटने का नया इजराइली सिस्टम काम नहीं कर रहा है। मदद लेने का इंतजार कर रहे सैकड़ों फिलिस्तीनी गोलीबारी में मारे गए हैं। मदद पहुंचाने की अनुमति देने में देर और ईंधन, दवाइयों, पानी और फूड की कमी के कारण जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना नामुमकिन हो गया है।

**खेल के मैदान मलबा बन गए**

गाजा में 6 लाख 45 हजार बच्चे स्कूल नहीं जा सकते हैं। सब कुछ यहां तक कि खेल के मैदान भी मलबे में तब्दील हो चुके हैं। गाजा में 90% लोग बेघर हो चुके हैं। कई लोगों को तो बार-बार बेघर होना पड़ा है। हम चाहते हैं कि दुनिया गाजा की दुर्दशा देखे। लोगों की पीड़ा, भूख और दर्द को महसूस किया जाए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विनाश का अंत करने की मांग करना चाहिए।

मोबाइल क्लीनिक्स पर माताएं कुपोषित बच्चों को अपने हाथों में लेकर मीलों दूर से चलकर आती हैं। उनका पहला सवाल होता है क्या मेरा बच्चा जीवित बच जाएगा? वे पूछती हैं क्या आपके पास दूध या खाना है? हम हर बार इन सवालों के जवाब नहीं दे पाते हैं। कई बार हमें लोगों को खाली हाथ लौटाना पड़ता है।

मुझे अक्सर दो साल के एक कुपोषित बच्चे की याद आती है। बचाने के साधन नहीं होने के ऐवज में उसकी मौत हो गई। बच्चे ही नहीं उनके माता-पिता कई दिन तक भूखे रहते हैं। बच्चों को रोटी के चंद टुकड़े खिलाने के बाद भूखे रह जाते हैं। मेरे पास आंकड़े नहीं हैं। ये वे लोग हैं जिन्हें मैं रोज देखता हूं। वे कहते हैं, हम अपना सब कुछ गंवा चुके है। लेकिन अपने बच्चे नहीं खो सकते हैं। © The New York Times

**स्पोर्ट्स** खर्च व पर्यावरणीय नुकसान से चिंता

# अमेरिका में घास के मैदानों पर प्लास्टिक टर्फ बिछाने का विरोध

केन बेलसन, हिरोकी तबुची

**अमेरिका** में घास के मैदानों पर सिंथेटिक टर्फ लगाए जा रहे हैं। युवा प्लास्टिक के टर्फ पसंद कर रहे हैं। अरबों रुपए की टर्फ इंडस्ट्री लोगों को भरोसा दिला रही है कि प्लास्टिक के मैदान प्राकृतिक मैदानों से बेहतर हैं। उनका कहना है कि बारिश के बाद भी टर्फ पर आसानी से खेलना संभव है। मैदान में घास उगाने की जरूरत नहीं होती। लेकिन अब विरोध भी हो रहा है।

पर्यावरणवादियों, कोच और स्थानीय रहवासियों का कहना है कि टर्फों का रखरखाव खर्चीला है। कुछ साल बाद बदलना पड़ता है। वे बाढ़ आने पर खराब हो जाते हैं। बच्चे भी हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आते हैं। 2022 में बोस्टन यूनिवर्सिटी ने आर्टिफिशियल टर्फ पर पाबंदी लगाई थी। फिर कैलिफोर्निया राज्य के नगर निगमों, कनेक्टिकट और अन्य स्थानों पर टर्फ पर रोक लगा दी गई है।

न्यूजर्सी के रिजवुड कस्बे में यह विवाद सोशल मीडिया और जनसभाओं तक पहुंच गया है। इंडस्ट्री यहां ज्यादा फोकस कर रही है। न्यूजर्सी को अमेरिका की फील्ड टर्फ राजधानी कहा जा रहा है। यहां 6 करोड़ वर्ग फुट में टर्फ बिछाए गए हैं। सिंथेटिक टर्फ इंडस्ट्री के लिए यह अरबों रुपए का मामला है। पिछले दो दशक में बर्कशायर हैथवे जैसी कंपनियों सहित प्राइवेट इक्विटी ग्रुप्स ने फील्ड टर्फ, शा स्पोर्ट्स टर्फ और पोलीलूम सहित अन्य टर्फ मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां खरीदी हैं।

© The New York Times

**भास्कर ब्रेकिंग** 21 जुलाई को संसद में सौंपी गई सीएजी रिपोर्ट से खुलासा

# सीएसआर में ओडिशा को 448, छग को 232 व झारखंड को 54 करोड़ ही मिले

## राज्य में काम कर रही कंपनियां भी कर रही हैं हकमारी

**संतोष सिंह** | रांची

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियां अपना सीएसआर फंड खर्च करने में झारखंड के साथ न्याय नहीं कर रही हैं। भारत सरकार की 63 कंपनियों ने कुल मिलाकर सालभर में 2721 करोड़ 69 लाख रुपए खर्च किए। इनमें झारखंड के पड़ोसी राज्य ओडिशा में 447 करोड़ 61 लाख रुपए खर्च किए गए। छत्तीसगढ़ में सीएसआर फंड के 232 करोड़ 46 लाख रुपए खर्च हुए। वहीं झारखंड में इन कंपनियों ने सालभर में केवल 54 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए। 21 जुलाई को नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक यानी सीएजी की ओर से संसद में पेश की गई रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। सीएजी ने यह रिपोर्ट 2021-22 में कंपनियों की ओर से सीएसआर फंड के तहत किए खर्च के आधार पर तैयार की है। कंपनियों को तीन साल के औसत शुद्ध लाभ की 2% राशि सीएसआर के तहत खर्च करनी होती है।

झारखंड की तुलना छत्तीसगढ़ और ओडिशा से करें तो सीएसआर फंड में भेदभाव हो रहा है, ये तीनों राज्य उद्योग-धंधों, संसाधन, भौगोलिक स्थिति और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की मौजूदगी के मामले में झारखंड की तरह ही है। रिपोर्ट में भारत सरकार की 63 कंपनियों के सीएसआर फंड में झारखंड की हकमारी तक ही सीमित नहीं है। जिन कंपनियों की परियोजनाओं का अधिकतर हिस्सा झारखंड में संचालित है, उन्होंने भी झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है। सीसीएल ने उसी अवधि में सीएसआर के तहत कुल 2481 करोड़ 68 लाख रुपए खर्च किए हैं, जबकि झारखंड को सभी केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम मिलाकर सीएसआर फंड के तहत केवल 54 करोड़ 38 लाख रुपए मिले हैं। इसी तरह कोल इंडिया लिमिटेड ने 7,764 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए। सीसीएल के अलावा भी बड़ी सब्सिडियरी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड यानी बीसीसीएल का भी अधिकतर काम झारखंड में ही है।

### ये प्रमुख कंपनियां झारखंड में

| कंपनी | सालाना सीएसआर फंड |
|---|---|
| गेल | 20,497 करोड़ |
| गार्डन रीच शिप बिल्डर्स | 410 करोड़ |
| इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन | 29,829 करोड़ |
| एनटीपीसी | 35,672 करोड़ |
| ओएनजीसी | 45,799 करोड़ |
| ऑयल इंडिया | 16,374 करोड़ |
| स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया | 9,424 करोड़ |

### क्या है सीएसआर का नियम

कंपनी कानून की धारा 135(5) के तहत किसी कंपनी के लिए पिछले 3 वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% वार्षिक सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना अनिवार्य है। कंपनियां अपने सीएसआर फंड को गैर स्थानीय क्षेत्रों में मोड़ सकती हैं।

### वित्त मंत्री बोले- केंद्र की अनदेखी से झारखंड के विकास कार्य प्रभावित

*केंद्र सरकार की वजह से राज्य में कार्यरत कंपनियां झारखंड को सीएसआर फंड कम देती हैं। यह फंड सामाजिक बदलाव के लिए होता है, लेकिन राज्य को उसका पूरा हिस्सा नहीं मिल रहा। हाल ही में धनबाद में कुछ बैंकों ने पुलिसलाइन में नाममात्र का कार्य किया। हर साल केंद्र द्वारा फंड में कटौती से राज्य की कई योजनाएं प्रभावित हो रही हैं, जो विकास में बाधा बन रही हैं।* **-राधाकृष्ण किशोर,** वित्त मंत्री, झारखंड

## भरूच: नियंत्रण खोने पर कार डिवाइडर पर चढ़ी, दो महिलाओं की मौत, 3 गंभीर

भास्कर न्यूज | भरूच

भरूच जिले के झगड़िया तालुका में रविवार को एक भीषण कार हादसा हुआ। संजली और हरिपुरा के बीच सड़क पर कार चालक ने स्टियरिंग पर से नियंत्रण खो दिया और कार डिवाइडर पर चढ़ गई।

इस हादसे में कार पलटने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही उमल्ला पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अंकलेश्वर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस मृतकों की पहचान में जुट गई है।

## हत्या, डकैती, लूट का 5 साल से फरार 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बूंदी** | सदर थाना पुलिस ने चित्तौड़गढ़ के अरनिया पंथ निवासी आरोपी करणनाथ कालबेलिया को गिरफ्तार किया है। जो हत्या, लूट के मामले में पांच साल से फरार 50 हजार का इनामी आरोपी था। आरोपी पर लूट, डकैती, हत्या, नकबजनी, चोरी के 5 प्रकरण दर्ज हैं। इस पर एसपी ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आईजी ने उसे 50 हजार कर दिया। आरोपी पुलिस से बचने के लिए मकानों में मजदूरी का काम करता था। सदर थानाप्रभारी रमेशचंद ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम जोधपुर भेजी गई। टीम ने जोधपुर में कालबेलिया बस्ती व आसपास के इलाकों में तलाश किया तो पता लगा कि आरोपी कुछ देर पहले ही अपने गांव चित्तौड़-अरनिया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यलय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते है।

| निविदा संख्या | 6S-Efile311548-Tender |
|---|---|
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | |
| "रेल कोच नवीनीकरन कारखाना सोनीपत में कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी एसी कोचों में रोबोटिक डक्ट सफाई का प्रावधान" | |
| अनुमानित लागत | रुपये 1051284/– जीएसटी @ 18 % सहित |
| बयाना राशि | रुपये 21000/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने से बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 18.08.2025 समय 15:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं. 6S-Efile311548-Tender दिनांक : 25.07.2025 2290/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**INVITATION FOR BIDS(IFB)**

The Executive Engineer, Haroli Division HPPWD Haroli on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table: -

**S.No.1 Name of work** :Improvement of black spot on TahliwalGarshankar(HP Boundary) road (SH: P/L GSB, WMM, BC at RD 2/500 to 3/250, C/o U-shape drain at RD 2/870 to 3/020, Cat eyes, delineators and P/L thermoplastic paint, sign boards etc.) Deposit work **Estimated Cost (In Rs.)** :1,41,01,533/- **Starting date for downloading bid** :06.08.2025(09.30 AM) **Earnest Money (In Rs.)** :1,73,000/- **Deadline for submission of bids** :11.08.2025 **Time limit** : Six Months

The Technical bid will be opened on 11.08.2025 at 11.00 AM . The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

**Executive Engineer, HPPWD Division Haroli**
**Distt.Una (HP) Pin Code-177220**
**Telephone: 01975-294822**
**Email Id: ee-haroli-hp@hp.gov.in**
**On behalf of Governor of Himachal Pradesh**

Him Suchna Avam Jan Sampark **2095/2025-26**



**Central Institute of Psychiatry, Ranchi**
**Nursing Officer Recruitment**
**Common Eligibility Test (NORCET) 9**
**Notice No.A.12019/02/2024-Estt. Date: 25.07.2025**

It has been decided to fill up the vacant posts of Nursing Officer at Level 07 in the Pay Matrix (Rs. 44900-142400) Group-B for **Central Institute of Psychiatry, Ranchi** through the Nursing Officer Recruitment Common Eligibility Test (NORCET)-9, to be conducted by AIIMS New Delhi as per available vacancies in the Institute.

**Eligibility Criteria for appearing in NORCET**

**Essential Qualification**

I a. B.Sc. (Hons.) in Nursing from a recognised University or Institute; or Regular Course in B.Sc Nursing from a recognised University or institute; or Post Basic B.Sc Nursing from recognised University or institute;
b. Registered as a nurse or nurse and mid-wife with State Nursing Council.

**OR**

II a. Diploma in General Nursing Mid-wifery from a recognised Board or Council;
b. Registered as a nurse or nurse and mid-wife with State Nursing Council; and
c. One year experience in a minimum fifty bedded Hospital after acquiring the educational qualification.

**Age Limit:**
1. **Not exceeding thirty years. (Relaxable for Government servants upto five years in accordance with instructions or orders issued by the Central Government.)**
2. Age shall be counted on the last date of closing of the application form.

**APPLICATION FEES:**
A) General/OBC Candidates - Rs.3000/- (Rupees Three Thousand only)
B) SC/ST Candidates/EWS - Rs.2400/- (Rupees Twenty-Four Hundred only)
C) Persons with Disabilities - Exempted
- The candidate can pay the prescribed application fee through DEBIT CARD/CREDIT CARD/ NET BANKING. Transaction / Processing fee, if any, as applicable, will be payable to the bank by the candidate.
- **Application fee, once remitted, shall not be refunded under any circumstances.**
- Applications without the prescribed fee would not be considered and summarily rejected.
- **Application Fees of SC/ST candidates who appear in the Examination will be refunded after the declaration of results in due course of time after verification SC/ST certificate to be uploaded at a later stage.**

**Online (CBT) for Stage I: NORCET Preliminary, Date: 14th September, 2025 (Sunday), Online (CBT) for Stage II : NORCET Mains, Date: 27th September, 2025 (Saturday)**

Related details can be seen on our website **www.cipranchi.nic.in** and AIIMS website **www.aiimsexams.ac.in** **Sd/-Director**


## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए जन विश्वास कानून में फिर संशोधन करेगी सरकार

**भोपाल** | ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए राज्य सरकार एक बार फिर जन विश्वास कानून में संशोधन करने जा रही है। औद्योगिक निवेशकों की राह आसान बनाने के लिए इस कानून में कुछ और नई सुविधाओं को जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार मुहासा बाबई में रिन्यूएबल एनर्जी पार्क का एरिया बढ़ाएगी। मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में इन दोनों प्रस्तावों पर मोहर लग सकती है। विधानसभा की कार्यवाही से पहले मंगलवार सुबह 10:30 बजे सीएम मोहन यादव की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य सरकार की ओर से सदन में लाए जाने वाले कुछ अन्य अहम विधेयकों पर चर्चा होगी। ग्रामीण विकास से जुड़ा एक अन्य प्रस्ताव भी कैबिनेट में लाया जाएगा। 11 जुलाई से विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी।

हाई कोर्ट में जजों के कुल 53 पद स्वीकृत हैं

## मप्र हाई कोर्ट को मिले 11 नए जज, पहली बार 44 हुई संख्या

भास्कर न्यूज | ग्वालियर

मप्र हाई कोर्ट में पहली बार जजों की संख्या 44 होने जा रही है। ये पहला मौका होगा जब कुल स्वीकृत 53 पदों में से 44 पद भर पाएंगे। दरअसल, मप्र हाई कोर्ट को बहुत जल्द 11 नए जज मिलने वाले हैं।

सोमवार को केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। इसमें एडवोकेट पुष्पेंद्र यादव, आनंद सिंह बहरावत, अजय कुमार निरंकारी, जय कुमार पिल्लई, हिमांशु जोशी, रामकुमार चौबे, राजेश कुमार गुप्ता को हाई कोर्ट जज और आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा को बतौर एडिशनल जज (चार्ज लेने से दो साल के लिए) नियुक्त किया

### नई नियुक्ति में छह नाम न्यायिक अधिकारियों के

जिन्हें जज/एडिशनल जज बनाया जा रहा है, उसमें 6 नाम न्यायिक अधिकारियों के हैं। इसमें रामकुमार चौबे, राजेश कुमार गुप्ता, आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा व प्रदीप मित्तल का नाम शामिल है। रामकुमार चौबे के नाम की अनुशंसा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 9 जनवरी 2024 को की थी।

गया है। इसके अलावा 10 अगस्त 2025 से प्रदीप मित्तल दो साल के लिए एडिशनल जज (चार्ज लेने से) होंगे। मप्र हाई कोर्ट में जजों के स्वीकृत पद 53 हैं। शेष | पेज 6 पर

## लड़की के परिजन को बिना बताए दिव्यांग से करा दी शादी

**शंभूगंज** | झारखंड के गोड्डा जिले के नोनी-हाट गांव के एक युवती की शादी उसके ही रिश्तेदार ने शंभूगंज के दिव्यांग युवक से करा दी। दिव्यांग युवक पांच महीने तक नवविवाहिता पत्नी को घर में पांच माह तक बंधक बनाए रखा। महिला ने किसी तरह पूजा करने के बहाने घर से निकल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी।


**सार्वजनिक सूचना**

सामान्य जनता को यह सूचित किया जाता है कि मनीष कौल पुत्र श्री अवतार कृष्ण कौल, निवासी मकान संख्या M–8/8, द्वितीय तल, M8, एम ब्लॉक, डीएलएफ फेज–2, गुरुग्राम, हरियाणा 122008 और प्रार्थना बिष्ट पुत्री स्वर्गीय श्री हर सिंह बिष्ट, निवासी M–032, गुलशन बॉटनिया, एम्बेसी ऑक्सीजन के पास, सेक्टर 144, नोएडा, सूरजपुर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201306 विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत एडीसी–कम विवाह अधिकारी, गुरुग्राम के न्यायालय में, अपनी स्वेच्छा और आपसी सहमति से विवाह करने का इरादा रखते हैं। यह सूचना सार्वजनिक हित में प्रकाशित की जा रही है।



**उत्तर रेलवे**

**द्वितीय शुद्धि–पत्र**

उप० मु० सिग०एवं दू० सं०अभि०/नि०/पी० स०, चतुर्थ तल, मं० रे० प्र० कार्यालय, नई दिल्ली, द्वारा जारी निविदा पत्र संख्या 570–सिग–पी० स०–निविदा–137 दिनांक 10.07.2025, मे निम्नलिखित शुद्धि की जाती है:–

| क्रम संख्या | बिंदु | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 12.08.2025 upto 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 29.07.2025 से 12.08.2025 तक आईआरईपीएस वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 01.09.2025 upto 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 18.08.2025 से 01.09.2025 तक आईआरईपीएस वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 2 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 12.08.2025 at 11.30 बजे खोला जाएगा। | ई–निविदा दिनांक 01.09.2025 at 11.30 बजे खोला जाएगा। |

1. निविदा मे वर्णित अन्य सभी नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी। **पत्र सं. 570–सिग–पी०स०–निविदा–137 दिनांक: 28.07.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2297/25


**राजस्थान** • यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग की 3 बड़ी सुविधाएं

## अब पब्लिक ट्रांसपोर्ट की लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, पैनिक बटन से यात्री सुरक्षा बढ़ेगी

**जयपुर** | परिवहन विभाग ने सोमवार को यात्री सुरक्षा को लेकर तीन बड़ी सुविधाएं शुरू की हैं। इसमें हाइपोथेकेशन रिमूवल मॉड्यूल, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग और पैनिक बटन और राज्य में E-Detection System है। इससे सड़कों पर तेज गति से चलने वाले वाहनों का ऑटोमैटिक चालान कटेगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में पैनिक बटन दबाते ही पुलिस पहुंचेगी और बस-टैक्सी में ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जाएंगे। सार्वजनिक सेवा वाहन में जीपीएस आधारित डिवाइस लगाकर कमांड एवं कंट्रोल सेंटर द्वारा वाहन की लाइव लोकेशन ट्रैक की जा सकेगी। प्रशासनिक निगरानी के लिए इसमें उपलब्ध डैशबोर्ड के माध्यम से वाहन की गति, रूट, स्टॉपेज एवं डिवाइस की कार्यशीलता जैसी जानकारियां रियल टाइम में प्राप्त होती हैं। इसके इमरजेंसी रेस्पॉन्स सिस्टम के तहत संचालित पैनिक बटन से यात्रियों को आपात स्थिति में स्टेट ईआरएसएस (112) द्वारा त्वरित सहायता दी जा सकेगी। प्रदेश में लगभग 2.5 लाख सार्वजनिक सेवा वाहनों पर यह डिवाइस एवं पैनिक बटन लगाए जाएंगे। वर्तमान में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 892 बसों में AIS -140 मानक की VLT डिवाइस एवं पैनिक बटन लगाकर VLTS सिस्टम को एक्टिवेट किया जा चुका है।

### वाहनों के फर्जी हाइपोथेकेशन रिमूवल पर भी रोक लग सकेगी

हाइपोथेकेशन रिमूवल मॉड्यूल से वाहनों के फर्जी हाइपोथेकेशन रिमूवल पर रोक लगेगी। वाहन मालिक को घर बैठे यह सुविधा मिलेगी। वहीं, वाहन ऋण चुकाने पर बैंक से लेने वाली एनओसी एवं हाइपोथेकेशन की प्रकिया आसान होगी। परिवहन एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को हाइपोथेकेशन रिमूवल मॉड्यूल और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम की शुरूआत की। इस मौके पर परिवहन सचिव शुची त्यागी, एनआईसी स्टेट हेड जीतेन्द्र कुमार वर्मा मौजूद थे।


**यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०**

**अति अल्प कालीन ई–निविदा सूचना**

इस खण्ड के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी/प्रतिष्ठित ठेकेदारों, जो सम्बन्धित कार्य का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

1. निविदा सं० VST-05/EGD/Mzn/2025-26 धरोहर राशि रु० 8,000.00, निविदा शुल्क रु० 472.00 जीएसटी सहित। निरगाजनी विद्युत गृह की मशीन सं० 02 के रनर ब्लेड के आंशिक मरम्मत का कार्य।

वेबसाईट पर ई–निविदा स्वीकार करने तथा डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि/समयः– 07–08–2025/17:00 बजे तक।

ई–निविदा का प्रथम भाग खुलने की तिथि/समयः– 08–08–2025/12:00 बजे से।

नोटः– निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी, विवरण/डाउनलोड/निविदा में प्रतिभागिता हेतु वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर लॉग इन करे। किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार की सूचना उल्लिखित वेबसाईट पर दी जायेगी। सभी जानकारी उ०प्र० जल विद्युत निगम लि० की वेबसाईट www.upjvn.org पर भी उपलब्ध रहेगी। यू०पी० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि०, मुज़फ्फरनगर के भारतीय स्टेट बैंक, मैन मार्किट, मुजफ्फरनगर में खाता सख्ंया 33722690590 एवं IFSC Code SBIN0002412 में RTGS/NEFT के द्वारा वांछित धरोहर राशि/निविदा शुल्क जमा कराना होगा। इच्छुक निविदाकार, निविदा खुलने की तिथि से पूर्व, किसी भी कार्य दिवस में अनुमति उपरान्त, विद्युत गृह में कराये जाने वाले सम्भावित कार्यों का निरीक्षण कर सकते हैं। निविदा के प्रथम भाग की विवेचना एवं अनुमोदन पश्चात्, निविदा का द्वितीय भाग खोलने की तिथि सूचित की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत उत्पादन खण्ड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।**

"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"



**उत्तर रेलवे**

**E-TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी/ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | RT232-Elt-EMU-WC-10-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान । 3–फेज या पारंपरिक ईएमयू/एमईएमयू कोच और 08 व्हीलर टावर के लिए बोगी का पूर्ण विघटन, एयर स्प्रिंग लगे बोगियों आदि का बोल्स्टर ओवरहालिंग, हाइड्रा/जेसीबी मशीन को किराये पर लेना और ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 03 वर्ष की अवधि के लिए ब्रेक सिलेंडर को हटाना, विघटित करना और साफ करना | |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,09,50,814.96 inclusive of GST |
| 5 | घरोहर राशी | Rs 3,04,800.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (only on IREPS website) | 28/07/2025 11:29 Hrs |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (only on IREPS website) | 05/08/2025 to 19/08/2025 11:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन कि तिथि एवं समय | 19/08/2025 11:00 Hrs |
| 11 | निविदा खुलने कि तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए। | 19/08/2025 11:00 Hrs |
| 12 | निविदा छपाई कि लागत (allocation) | 06041132 |

Note 1: All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Tender. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void".
Note 2: Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.
निविदा सूचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**RT232-Elt-EMU-WC-10-24-25 Dated: 28-07-2025** 2294/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## झाबुआ : डंपर ने कलेक्टर की कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचीं

**झाबुआ** | कलेक्टर नेहा मीना की कार को सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। कलेक्टर बंगले से निकलते ही रोड क्रॉस करते समय विजय स्तंभ की ओर से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मारी। टक्कर तेज होने के कारण कार 90 डिग्री तक घूम गई और डिवाइडर पर चढ़कर एक पोल से टकराकर रुक गई। घटना में कलेक्टर नेहा मीना को मामूली चोटें आई हैं। माना जा रहा है कार के डिवाइडर पर चढ़ने से उसमें सवार लोगों की जान बच गई। इधर, झाबुआ विधायक और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने घटना पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर घटना की खबर का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, 'मध्यप्रदेश में शराब माफिया सब पर भारी हैं।'


**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक../न.पा.नि./ लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक ../../2025

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा अधोसंरचना मद अन्तर्गत नवीन कार्यालय भवन में अतिरिक्त विकास कार्य लागत राशि रूपये 155.19 लाख तथा वार्ड क्रमांक 02 सुभाषनगर में सब्जी मण्डी से वाईन शॉप रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 199.93 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा **(System Tender No. 172722 & 172734)** आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in** में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**


## दहेज हत्या मामले में पति को 14 और सास को 7 साल की हुई सजा

**बांका** | दहेज हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को फ़ैसला सुनाते हुए पति और सास को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने पति मुकेश पंजियार को 14 वर्ष की सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना तथा सास कल्याणी देवी को 7 वर्ष की सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला बौसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सरूवा गांव की है। पीड़िता संगीता कुमारी की शादी वर्ष 2021 में मुकेश पंजियार से हुई थी। लेकिन शादी के महज एक साल बाद ही 22 मई 2022 को दहेज की मांग को लेकर उसकी हत्या कर दी गई। उस समय वह छह माह की गर्भवती थी। अगले ही दिन मृतका के परिजनों द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।


**CHATRAPATI SAMBHAJINAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**SOLID WASTE MANAGEMENT DEPARTMENT**
Email:- swm@aurangabadmahapalika.org Helpline Number.155304/8055128080/8055505002

NIT NO: OW/CSMC/SWM/ 483/2025 Date: 28/07/2025

**REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF OPERATORS FOR DOOR TO DOOR COLLECTION AND TRANSPORTATION OF MUNICIPAL SOLID WASTE UPTO TRANSFER STATIONS / PROCESSING SITES AT CHHATRAPATI SAMBHAJINAGAR MUNICIPAL CORPORATION."** invites online bids through **https://mahatenders.gov.in** for following works from the bidders fulfilling eligibility criteria's

| S. N. | Name of Work | Cost of Tender | Earnest Money Deposit in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1 | REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF OPERATORS FOR DOOR TO DOOR COLLECTION AND TRANSPORTATION OF MUNICIPAL SOLID WASTE UPTO TRANSFER STATIONS/ PROCESSING SITES AT CHHATRAPATI SAMBHAJINAGAR MUNICIPAL CORPORATION | 11800/- | 30,00,000/- |

EMD shall be payable online on the portal **https://mahatenders.gov.in.**
**Online Tender Purchase start date** : 30/06/2025
**Online Tender Purchase end date** : 04/08/2025 till 17:00 Hrs.
**Online Bid Submission end date** : 04/08/2025 at 17:00 Hrs.
**Technical Bid Opening date** : 06/08/2025 at 17:00 Hrs.
**PLACE OF OPENING BIDS** : OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, E-TENDER CELL PHASE - 3BUILDING, Chhatrapti Sambhajinagar - 431001.
**OFFICER INVITING BIDS** : MUNICIPALCOMMISSIONERCHHATRAPATISAMBHAJINAGAR MUNICIPAL CORPORATION - 431001

Amendment to NIT, if any would be published on website https://mahatenders.gov.in

Sd/-
Deputy Commissioner-5
Solid Waste Management Department
Chhatrapati Sambhajinagar Municipal Corporation



**E-TENDER NOTICE**

**PRINTING AND STATIONERY DEPARTMENT, HIMACHAL PRADESH, GHORA CHOWKI, SHIMLA-171005.**

Online Tenders are invited from the Printing Presses situated in Himachal Pradesh and neighboring States/UT namely Haryana, Punjab, Uttarkhand, Chandigarh and J&K by the Controller, Printing and Stationery Department, Himachal Pradesh on behalf of Governor of Himachal Pradesh, for lazer printing and stitching/binding of Electoral Rolls for Panchayati Raj Institutions and Urban Local Bodies mentioned in BOQ of tender. The soft copy (CD/ Pen Drive) of printing material will be supplied in PDF form. Technical bid will be opened on the date and time given below, in presence of the tenderers who wish to be present. The schedule regarding submission/ uploading of bids and opening the technical bids is as under:-

**Sl. No.1 Description** :Lazer printing and stitching/ binding of Electoral Rolls for Panchayati Raj Institutions and Urban Local Bodies in A-4 size Photo Copier Paper of 75 GSM of superior quality. Printing material will be supplied in soft copy (CD/ Pen Drive) in PDF form. **Date upto which tender can be uploaded/ submitted** :20-08-2025 upto 11:00 A.M. **Date & Time of opening of Technical Bids** : 20-08-2025 at 12:30 P.M.If the date of opening the tender happens to be closed holiday, the tenders will be opened on the next working day. The description given above is in brief. The complete details including tender form, tender schedule (referred in e-tendering as Bill of Quantity) and terms & conditions will be available for downloading from 30.07.2025 (4:00 P.M.) onwards on website **https://hptenders.gov.in**. The bid shall be submitted in electronic form on the Schedule- "A" (BOQ) of the concerned tender on the website https://hptenders.gov.in. The Earnest Money of Rs. 2,50,000/-(Two Lakhs Fifty Thousand) only in the shape of FDR duly pledged in favour of the Controller, Printing & Stationery Department, Himachal Pradesh should be submitted before the date of opening of Technical Bids. The cost of tender form is Rs. 500/- per tender which is non-refundable and is payable in favour of Controller, Printing and Stationery Department, Himachal Pradesh in the shape of Demand Draft, which shall be made available in the department by hand/by post, before the date of opening of tenders.

**Controller,**
**Printing and Stationery Department,**
**Himachal Pradesh, Shimla- 171005**
**Phone No. 0177-2830378**
**e-mail: ps-hp@nic.in**

Him Suchna Avam Jan Sampark **2094/2025-26**



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**दौराई-गोड्डा-दौराई (वाया दिल्ली जं.) के बीच नई एक्सप्रैस (साप्ताहिक) रेल सेवा का शुभारंभ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) दौराई–गोड्डा–दौराई स्टेशनों के बीच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी संख्या 19603/19604 दौराई–गोड्डा–दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं. 19603 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 19604 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | दौराई | 17:20 | ---- |
| 15:45 | 15:55 | अजमेर जं. | 16:45 | 16:55 |
| 16:26 | 16:28 | किशनगढ़ | 15:44 | 15:46 |
| 17:13 | 17:15 | फुलेरा जं. | 15:02 | 15:04 |
| 18:10 | 18:13 | रींगस जं. | 12:40 | 12:45 |
| 18:52 | 18:54 | नीम का थाना | 11:51 | 11:53 |
| 19:46 | 19:48 | नारनौल | 11:17 | 11:19 |
| 20:01 | 20:03 | अटेली | 10:55 | 10:57 |
| 21:10 | 21:15 | रेवाड़ी जं. | 10:15 | 10:20 |
| 21:50 | 21:52 | गुड़गाँव | 09:28 | 09:30 |
| 23:05 | 23:15 | दिल्ली जं. | 08:15 | 08:30 |
| 23:51 | 23:53 | गाजियाबाद | 07:23 | 07:25 |
| 01:00 | 01:02 | अलीगढ़ जं. | 04:00 | 04:02 |
| 02:03 | 02:05 | टूंडला जं. | 02:08 | 02:10 |
| 03:05 | 03:07 | इटावा जं. | 00:50 | 00:52 |
| 04:50 | 04:55 | गोविन्दपुरी | 22:30 | 22:35 |
| 05:58 | 06:00 | फतेहपुर | 21:05 | 21:07 |
| 07:20 | 07:25 | सूबेदारगंज | 19:55 | 20:00 |
| 08:40 | 08:42 | मिर्जापुर | 18:30 | 18:32 |
| 09:10 | 09:12 | चुनार जं. | 17:48 | 17:50 |
| 10:30 | 10:40 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 17:00 | 17:10 |
| 11:24 | 11:26 | भभुआ रोड | 15:35 | 15:37 |
| 12:02 | 12:04 | सासाराम | 14:54 | 14:56 |
| 12:22 | 12:24 | डेहरी ऑन सोन | 14:40 | 14:42 |
| 13:55 | 14:00 | गया जं. | 13:20 | 13:25 |
| 14:55 | 14:57 | तिलैया जं. | 10:35 | 10:37 |
| 15:13 | 15:15 | नवादा | 10:13 | 10:15 |
| 15:50 | 15:52 | शेखपुरा | 09:28 | 09:30 |
| 16:55 | 17:00 | किऊल जं. | 08:53 | 08:58 |
| 18:50 | 18:55 | झाझा | 08:10 | 08:15 |
| 19:32 | 19:37 | जसीडीह जं. | 06:36 | 06:41 |
| 19:45 | 19:50 | देवघर | 06:18 | 06:23 |
| 19:59 | 20:01 | मोहनपुर | 06:02 | 06:04 |
| 20:42 | 20:44 | हंसडीहा | 05:30 | 05:32 |
| 21:22 | 21:24 | पौड़ेयाहाट | 05:12 | 05:14 |
| 22:20 | ---- | गोड्डा | ---- | 05:00 |

चलने के दिन : **19603 दौराई** (अजमेर जं.) से प्रत्येक **रविवार** दिनांक 03.08.2025 से एवं **19604 गोड्डा** से प्रत्येक **मंगलवार** दिनांक 05.08.2025 से।
स्थान: 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें **www.nr.indianrailways.gov.in** पर मिलें

2299/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष पंचमी मंगलवार रात्रि 12:47 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 3, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 29 जुलाई।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र सायं 07:28 तक, इसके बाद हस्त नक्षत्र रहेगा। शिव योग रात्रि 03:05 तक, इसके बाद सिद्ध योग रहेगा। बव करण दोपहर 12:06 तक, इसके बाद बालव करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-कन्या, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा :** यदि अत्यावश्यक कार्य हो तो गुड़ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** बुध वक्री पुष्य 4 में सायं 04:24, नाग पंचमी देशाचार से, मंगला गौरी पूजा, जाग्रत गौरी पंचमी उड़ीसा।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 09:13 से 10:53 तक चर का चौघड़िया, प्रातः 10:53 से दोपहर 02:13 तक लाभ व अमृत का चौघड़िया, दोपहर बाद 03:53 से सायं 05:33 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज मंगलवार को भौम भगवान की प्रतिमा का धूप, दीप, गंध, पुष्प आदि से पूजन कर व्रत करें तो मंगल ग्रह संबंधी दोष दूर होते हैं। आज सर्पों को दूध से स्नान करकर दूध पिलाने और वासुकी कुण्ड में स्नान करने, गृह द्वार पर गोबर से सर्प बनाकर उनका गन्धादि से पूजन करने से सर्प भय नहीं होता। शिव योग में कपूर का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:53 | उत्तराफाल्गुनी | 2 | रजत | कन्या | टो |
| 06:27 | उत्तराफाल्गुनी | 3 | रजत | कन्या | प |
| 12:57 | उत्तराफाल्गुनी | 4 | रजत | कन्या | पी |
| 19:28 | हस्त | 1 | रजत | कन्या | पू |
| 02:02 | हस्त | 2 | रजत | कन्या | ष |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 2, शुभ रंग बादामी :** विरोधियों को अपनी बात समझाने में कामयाब रहेंगे। धार्मिक आयोजनों के चलते यात्रा संभव है। मित्रों से मिलकर खुशी होगी। सफलता के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव करने पड़ सकते हैं।

**वृष : शुभ अंक 4, शुभ रंग जामुनी :** कॅरियर संबंधी समस्या का समाधान होगा। बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा। अटके काम आसानी से पूरे होंगे। धैर्य से काम लें।

**मिथुन : शुभ अंक 7, शुभ रंग काला :** नए काम में सबका सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। व्यापारिक लेनदेन में आपका पक्ष मजबूत होगा। दूसरों की बात सुनने की आदत डालें, रिश्ते मजबूत होंगे।

**कर्क : शुभ अंक 8, शुभ रंग स्लेटी :** मेहनत का लाभ मिलने से उत्साह बढ़ेगा। भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। धार्मिक व पारिवारिक कार्यों पर खर्च संभव है। दौड़धूप की अधिकता से तनाव बना रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह : शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा :** अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। व्यापारिक योजनाओं को पूरा करने के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। निजी रिश्तों को समय दें, निकटता बढ़ेगी। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या : शुभ अंक 6, शुभ रंग सफेद :** अधिकारियों से मेलजोल तरक्की दिला सकता है। पुरानी परेशानियों से छुटकारा मिलने से उत्साहित रहेंगे। विरोधियों के कारण काम में मुश्किल हो सकती है। सोच-समझकर निवेश करें।

**तुला : शुभ अंक 8, शुभ रंग आसमानी :** अनावश्यक खर्च के चलते परेशानी हो सकती है। धार्मिक आयोजनों में शामिल होने से खुशी मिलेगी। राजकीय समस्या का समाधान हो सकता है। अध्ययन में बाधा महसूस करेंगे।

**वृश्चिक : शुभ अंक 2, शुभ रंग लाल :** आय में बढ़ोतरी संभव है। पारिवारिक यात्रा के अवसर मिल सकते हैं। अधीनस्थों के सहयोग से कार्यस्थल की समस्या दूर होगी। भाग्य अनुकूल रहने से नए सौदे हाथ आ सकते हैं।

**धनु : शुभ अंक 1, शुभ रंग गुलाबी :** कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बंधेगी। निजी काम करवाने के लिए किसी की सिफारिश करवानी पड़ सकती है। सहकर्मी भ्रमित करने का प्रयास करेंगे। रिश्तों में टकराव संभव है।

**मकर : शुभ अंक 3, शुभ रंग नारंगी :** स्वास्थ्य में सुधार संभव है। काम की धीमी गति परेशान कर सकती है। पारिवारिक रिश्तों में चल रही खींचतान दूर होगी। धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आस्था बढ़ेगी।

**कुंभ : शुभ अंक 5, शुभ रंग पीला :** उच्च अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। संतान के कॅरियर संबंधी चिन्ता का समाधान संभव है। अनावश्यक तनाव बना रहेगा। यात्रा में सावधानी बरतें, दुर्घटना का भय बनेगा।

**मीन : शुभ अंक 9, शुभ रंग जामुनी :** सामाजिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा। साझेदारी में बड़ी योजना की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता संभव है। यात्रा में लाभदायी सौदे हाथ आ सकते हैं।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# लोगों की आवाजाही ना सिर्फ परिवहन बल्कि समग्र विकास को भी बढ़ाती है

इस रविवार की शाम मैं पूर्वोत्तर के ऐसे व्यक्ति से मिला, जो 28 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच होने वाले दुर्गापूजा महोत्सव के लिए मुंबई से सिलीगुड़ी जाना चाहते थे। उन्होंने अपना पूरा दिन इस योजना में बिता दिया कि कैसे सस्ती यात्रा की जाए। मैंने उनसे पूछा कि चंद टिकट बुक करने में इतना समय क्यों लगा? उन्होंने मुझे उन फ्लाइट की कीमतों के बारे में बताया, जिनसे पहले वो ससुराल वालों से मिलने कोलकाता और फिर अपने माता-पिता के पास सिलीगुड़ी जाना चाहते थे। 17 सितंबर तक कोलकाता की फ्लाइट टिकट करीब 4098 रुपए की है, जो धीरे-धीरे दोगुनी हो रही है और मुख्य पूजा के आसपास पांच अंकों में पहुंच जाती है।

बस बुकिंग ऐप के अनुसार, दुर्गा पूजा से पहले कोलकाता से सिलीगुड़ी की बस यात्रा भी आपको 4 से 5 हजार रु. के बीच पड़ सकती है। इन बसों का नियमित किराया 1300 से 1500 रु. के बीच है। जबकि सप्ताहांत समेत पीक अवधि में 1800 से 2500 रु. में टिकट मिल पाते हैं। वो व्यक्ति योजना बना रहा था कि अपने परिवार को तो 17 सितंबर से पहले भेज देगा और खुद मुख्य पूजा के दिनों में जाएगा। वापसी में भी परिवार अलग-अलग तारीखों पर यात्रा करेगा, क्योंकि वीकेंड में 4-5 अक्टूबर को किराया बहुत अधिक है। और उन्हें 6 अक्टूबर को काम पर लौटना है।

चूंकि ट्रेन की बर्थ पहले ही बुक हो चुकी हैं, इसलिए उनके जैसे कई लोग कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ताकि उत्सव के दिनों में परिवार समेत गृहनगर पहुंच पाएं और फिर वापस देश के पश्चिमी या दक्षिणी राज्यों में काम पर लौट सकें। 574 किमी लंबे कोलकाता से सिलीगुड़ी मार्ग के लिए वोल्वो बस का किराया 8 रुपए प्रति किमी से अधिक है। टिकट की कीमत 5 हजार रुपए है। यदि कोलकाता से इंदौर मार्ग से इसकी तुलना करें तो इसी वोल्वो में 24 से 26 सितंबर के बीच किराया 3800 रुपए है, जो 1620 किमी की यात्रा के लिए 2.3 रुपए प्रति किमी पड़ता है। यहां तक कि 1940 किमी लंबाई वाले देश के सबसे लंबे मार्गों में से एक जोधपुर-बेंगलुरु रूट पर भी वोल्वो का किराया 2550 रुपए है, जो महज 1.3 रुपए प्रति किमी पड़ता है।

बीते पांच दशक में भारतीय निजी बस उद्योग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। 1961 में निजी क्षेत्र में जहां सिर्फ 38 हजार बसें चलती थीं, वहीं 2019 तक यह संख्या बढ़कर 18.9 लाख से अधिक हो गई। 60 साल से भी कम समय में 47 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 2019 तक भारत की सड़कों पर चलने वाली 93 प्रतिशत से अधिक बसें निजी क्षेत्र में थीं, जिनमें 6.64 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर भी देखी गई। 2026 तक इनकी कीमत 1.04 लाख करोड़ रुपए होना अनुमानित है।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बस किरायों में अंतर साफ दिखता है। बेंगलुरु से चेन्नई के लिए एक एसी सीटर बस का किराया महज 400 रुपए हो सकता है (दूरी 347 किमी)। उत्तर की ओर जाएं तो दिल्ली-लुधियाना मार्ग का किराया सामान्य रूप से 550 रुपए है (दूरी 307 किमी)। लेकिन यदि पूर्व में देखें तो गुवाहाटी-डिब्रूगढ़ मार्ग का किराया 650 रुपए या इससे कुछ अधिक है (दूरी 279 किमी)। ये सभी दरें अनुमानित हैं। इस असमानता का कारण क्या है? जवाब है- ग्राहक की मांग और बाजार की आपूर्ति। चूंकि पूर्वोत्तर राज्य रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं करा पा रहे हैं तो उन्हें चाहिए कि भले वे स्थानीय लोगों को रियायती यात्रा ना दें, लेकिन उचित कीमत पर परिवहन तो उपलब्ध कराएं। ताकि वहां की आबादी दूसरे राज्यों में जाकर जीवनयापन कर सके। उचित कीमत पर परिवहन देने से वे प्रवासी कर्मचारी अपने परिवार से मिलने वापस आएंगे और अपनी कमाई हुई राशि यहीं खर्च भी करेंगे। जब वे इतना अधिक खर्च परिवहन पर ही कर देंगे तो दूसरी चीजों पर उदारता के साथ खर्च नहीं कर पाएंगे। इस कारण राज्य आय से वंचित रहता है और उसकी अर्थव्यवस्था गति नहीं पकड़ पाती।

**फंडा यह है कि** प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर उचित मूल्य का परिवहन व्यवसाय करना राज्यों की आय बढ़ाता है और स्थानीय लोगों को उत्पादक बने रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे अर्थव्यवस्था में वृद्धि होती है।

# मोतिहारी : 26 जुलाई को कई प्रखंडों में एक बूंद भी नहीं हुई बारिश, रिपोर्ट में हेवी रेन



**मोतिहारी** | जिले के 27 प्रखंडों में बारिश के बिना खेतों में धूल उड़ रही है। खेतों में लगी धान की फसल सूख रहे हैं। किसान बारिश के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। लेकिन, बिहार मौसम सेवा केंद्र व जिला कृषि कार्यालय द्वारा 26 जुलाई को जारी बारिश रिपोर्ट में कई प्रखंडों में भारी बारिश दिखाया गया है। 26 जुलाई को ढाका प्रखंड में 143.6 मिलीमीटर व पकड़ीदयाल प्रखंड में 136.7 मिलीमीटर बारिश दिखाया गया है। जबकि इन प्रखंडों में 25 व 26 जुलाई को बूंदाबांदी भी नही हुई थी। इसी तरह अन्य प्रखंडों में भी 26 जुलाई को मध्यम से भारी बारिश दिखाया गया है। 26 जुलाई को जिले में औसतन 75.38 एमएम बारिश दिखाया गया है। जबकि अबतक जुलाई माह में जिले में 137.38 एमएम बारिश दिखाया गया है। जबकि जिले के 27 प्रखंडों में 25 व 26 जुलाई को बूंदाबांदी भी नही हुई है। रिपोर्ट में रक्सौल में 79.2 एमएम बारिश दिखाई गई है। जबकि हकीकत यह है कि वहां बारिश नहीं होने के कारण जल संकट की स्थिति है। टैंकर व अन्य संसाधन से लोगों को पीने की पानी की व्यवस्था करनी पर रही है।

### नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर तंत्र (एनकॉर्ड) की बैठक

# ड्रग कंट्रोल सोसायटी बने, ड्रग्स निर्माताओं पर छापे तेज हों: सीएस



**जयपुर** | मुख्य सचिव सुधांश पंत ने नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर तंत्र (एनकॉर्ड) की बैठक में कहा कि अभी तक ड्रग कंट्रोल सोसायटी का गठन नहीं हुआ है। जल्द गठन हों। साथ ही हर कालेज में नशा मुक्ति का संकल्प कराया जाए। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उन्हें नशे की लत से दूर रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित और गंभीर प्रयास करने होंगे।

पंत सोमवार को सचिवालय में आयोजित नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर तंत्र (एनकॉर्ड) की राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों में नियमित रूप से नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा करवाई जाए तथा वहां ड्रग कंट्रोल सोसाइटी की स्थापना के लिए प्रयास किए जाए। महाविद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों के सेवन और विक्रय पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण में लिप्त गुप्त प्रयोगशालाओं का पता लगाकर पूरे नेटवर्क को समाप्त किया जाए। उन्होंने जिलों में फॉरेंसिक लैब तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए, जिससे मादक पदार्थों की रिपोर्ट समय पर न्यायालयों में प्रस्तुत की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि एच-1 श्रेणी की फार्मा ड्रग्स की बिक्री पर विशेष निगरानी रख अनियमितता करने वाले फार्मा दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पंत ने मानस हेल्पलाइन-1933 के प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए और कहा कि इस माध्यम से प्राप्त सूचनाओं की गंभीरता से जांच कर, सही सूचना देने वालों को पुरस्कृत कर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि कूरियर सेवा के माध्यम से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी पर भी निगरानी रखी जाए। आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से जागरूक करने के लिए उन्होंने धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
आज का इनाम
10 ग्राम चांदी का सिक्का

## क्विज 84 के 25 विजेताओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रांजलि ताम्रकार | *****83542 | महेश सिंघल | *****96899 |
| विशाल | *****20113 | अशोक नाई | *****23519 |
| महेंद्र सिंह | *****29000 | कृष्णा सोनी | *****39063 |
| मंगला अहिरे | *****81764 | शशि जैन | *****01757 |
| नीरज सिंगला | *****84540 | निर्मल कुमावत | *****21708 |
| रमन गुप्ता | *****00218 | अंकित गर्ग | *****25068 |
| मुकेश प्रजापत | *****93236 | केशव | *****28999 |
| दिनेश चंद | *****40789 | तान्या गुप्ता | *****43761 |
| सविता इडनानी | *****34896 | मनोज कुमार पटेल | *****44862 |
| हर्षित सिसोदिया | *****31213 | एकांत शर्मा | *****00045 |
| फतेह मोहम्मद | *****82885 | कच्छड़िया उमेश | *****25996 |
| मंजरी सक्सेना | *****31386 | वनिता मिराणी | *****40260 |
| | | राजूभाई पटेल | *****58844 |

### साप्ताहिक 5 विजेताओं के नाम

1 ग्राम सोने का सिक्का

| | |
|---|---|
| विनोद कुमार | *****22464 |
| हुकम सिंह | *****77780 |
| मधु खंडेलवाल | *****96273 |
| हेतवी पटेल | *****32738 |
| अपनिंदर पाल सिंह | *****31399 |

नोट: चांदी के सिक्के के लिए 1300/- व सोने के सिक्के के लिए 9,999/- का गिफ्ट वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। सोने व चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

## बिजनेस प्लस

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने मनाया अपना 118वां स्थापना दिवस




**मुंबई** | बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपने 118वें स्थापना दिवस पर विश्वास, नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैंक के 118वें स्थापना वर्ष की थीम – ''भरोसे का सशक्त आधारः नवाचार' रखी गई है जो वर्षों से ग्राहकों के भरोसे को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए भविष्य की बैंकिंग को आकार देने की बैंक की सोच को दर्शाता है। बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफ़एस) के सचिव श्री एम. नागराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बैंक ने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए बैंकिंग की पहुंच को बढ़ाने और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डिजिटल और तकनीक, संवहनीय बैंकिंग और ग्रीन फायनांस के क्षेत्र में कई नवोन्मेषी उत्पादों और पहलों की घोषणा की। कुछ प्रमुख पहलों में एमएसएमई, व्यापारियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए एक नया, संवर्धित मोबाइल बैंकिंग ऐप; बॉब वर्ल्ड बिज़नेस ऐप लॉन्च, एआई और 3डी होलोग्राफिक तकनीक पर आधारित एक अत्याधुनिक वर्चुअल फ्रंट ऑफिस की शुरुआत, जो ग्राहकों को एक अभिनव सेवा अनुभव प्रदान करेगा; बॉब इ पे ऐप में वैश्विक यूपीआई सुविधाओं को एंटीग्रेट करते हुए बॉब इ पे इंटरनेशनल की शुरुआत, दृष्टिबाधित ग्राहकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार बॉब इनसाइट ब्रेल डेबिट कार्ड, और इनके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं को सपोर्ट प्रदान करने के लिए ग्रीन फ़ाइनेंस योजनाओं जैसी पहलें शामिल हैं।

# सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ इंटरनेशनल लाउंज का उद्घाटन



**मेरठ**। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा ले फ्रेहिंदी के संयुक्त तत्वावधान में यूरोपीय देशों के संगठनों ने सुभारती विश्वविद्यालय का दौरा किया। फ्रांस, उत्तरी फिनलैंड एवं स्पेन आदि देशों के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान को छात्र कल्याण की दिशा में बल देने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इसके साथ ही प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने इंटरनेशनल लाउंज का उद्घाटन भी किया।

सर्वप्रथम विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति कार्यालय में पेरिस के लीसी ऐमे सेसायर के प्रमुख विंसेंट कोलंबियर, पेरिस से स्वास्थ्य ट्रेनर मेडिलेन कोलंबियर, उत्तरी फिनलैंड की अर्ध-सरकारी शैक्षिक संस्था विजिट ओउलू में अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता की प्रमुख जोहाना सालमेला, शेफ़ील्ड एजुकेशन, स्पेन में अंतर्राष्ट्रीय गतिशीलता प्रमुख रक़ील बेडोया, फ्रांस के ल्योन में 150 साल पुराने व्यावसायिक संस्थान एसईपीआर ल्योन से क्रिस्टीन वेरलांग, ले फ्रेहिंदी के सीईओ हारु मेहरा का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा ने गर्म जोशी से स्वागत किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ.कृष्णा मूर्ति ने इंटरनेशनल लाउंज के उद्घाटन एवं एमओयू हस्ताक्षर पर हर्ष प्रकट करते हुए अपनी बधाई दी।

## पेज एक का शेष

### भीमाशंकर... दर्शन अप्रतिम, रास्ता अविस्मरणीय...



दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

पेज 1 से जारी ...

हालांकि रिजर्व फॉरेस्ट होने की वजह से मंदिर का विस्तार बड़ा मुश्किल है। वैसे सीढ़ियों के ऊपर गुड़ी-मुड़ी टिन की छत है फिर भी नीचे पानी-पानी। क्योंकि बारिश यहां बंद ही नहीं होती। जैसे ये क्षेत्र भीमाशंकर नहीं बल्कि चेरापूंजी के पिताजी हों। श्रद्धालु इस बारिश और उससे गीली पड़ी सीढ़ियों को भोले की कृपा समझकर जय भोले, जय शंकर का जयकारा लगाते रहते हैं। कहते हैं- आठ घंटे लगें या दस, दर्शन करके ही जाएंगे।

### समिति के सामने पेश हो चुके तो अब सवाल क्यों उठा रहे...

**कानून के दायरे में होगा फैसला:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह याचिका और कानून के दायरे में ही फैसला करेगा। कोर्ट ने पूछा कि तत्कालीन सीजेआई द्वारा भेजे गए पत्र किसे भेजे गए थे? राष्ट्रपति ही जजों की नियुक्ति करते हैं, लेकिन वे मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करते हैं। ऐसे में पत्र भेजने का मतलब यह नहीं कि संसद को महाभियोग चलाना ही है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को यह साबित करना होगा कि प्रक्रिया में कोई गंभीर त्रुटि हुई है। अब अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।

### सोने की बढ़ती कीमत, एक साल में गोल्ड लोन दोगुने हुए....

इसलिए गोल्ड लोन बढ़ रहे हैं। बैंकों के अनुसार बढ़ते गोल्ड लोन के साथ समय पर बकाया न चुकाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। बैंक के गोल्ड लोन पर विलंब से बकाया चुकाने वाले 4% तक पहुंच चुके हैं। गोल्ड लोन वाले एनबीएफसी में यह संख्या 1.5% से 2.5% तक है।

### पढ़ाई के लिए विदेश में भेजे गए धन में 25.2% तक की कमी

**मुंबई** | विदेशों में पढ़ने जा रहे छात्रों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। 2024 में कुल 13.5 लाख छात्र विदेश गए थे। इस बार यह संख्या घटकर 10 लाख के आसपास रह सकती है। आरबीआई के एलआरएस रूट से विदेशों में 2024-25 में कुल 2.92 अरब डॉलर (24,820 करोड़ रुपए) भेजे गए। 2023-24 में कुल 3.48 अरब डॉलर (29, 580 करोड़ रुपए) भेजे गए थे। यानी सालाना आधार पर यह गिरावट 16.1% की रही। जारी वर्ष 2025-26 के दो माह में कुल 2,663.05 करोड़ रुपए (31.33 करोड़ डॉलर) भेजे गए। 2024-25 वर्ष के प्रथम दो माह में कुल 41.9 करोड़ डॉलर (3,561.5 करोड़ रुपए) भेजे गए। यानी पहले दो माह में विदेशों में पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले एजुकेशन लोन में 25.22% की गिरावट आई है।

### इस बार बंगाली भाषा थीम पर कोलकाता के बड़े दुर्गा पंडाल....

दक्षिण कोलकाता के मुदियाली क्लब ने बीते साल त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश को थीम के केंद्र में रखा था। इस बार थीम बंगालियों के इतिहास पर है। क्लब के सचिव मनोज साव बताते हैं कि हम पूरे साल होने वाली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक और आम लोगों के मुद्दों वाली थीम चुनते हैं। इसी तरह, कोलकाता के ही बरिशा क्लब के सदस्य पार्थ गांगुली बताते हैं कि इस समय बंगाल और उसकी अस्मिता सबसे बड़ा मुद्दा है। इसलिए हमारी थीम भी यही है। लेकिन, इसका राजनीति से लेना-देना नहीं है। दुर्गा पंडाल आयोजन समितियों के साझा मंच फोरम फॉर दुर्गोत्सव के अध्यक्ष पार्थ घोष बताते हैं कि इस साल कई प्रमुख प्रायोजकों ने थीम बदली है। ज्यादातर में आपको बंगाली भाषा नजर आ सकती है। लेकिन, इसका खुलासा दुर्गा पूजा शुरू होने से 5 दिन पहले होने लगेगा।

### अम्बाला से सीएम ने लाडो सखी योजना शुरू की

# 'लाडो सखी' में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, एएनएम

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अम्बाला सिटी की नई अनाज मंडी में राज्य स्तरीय तीज उत्सव के मौके पर लाडो सखी योजना और डिजिटल लर्निंग इकोसिस्टम की शुरुआत की। उन्होंने अम्बाला सिटी के लिए 73 करोड़ से बनी 9 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। साथ ही प्रदेश के 131 महिला केंद्रों को भी समर्पित किया। इनमें महिलाएं भजन, गीत और नृत्य कर सकेंगी। तीज महोत्सव में करीब 10 हजार बहनों को कोथली भेंट की गई। महिलाओं के लिए झूलों की व्यवस्था की गई थी। सीएम नायब सैनी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए लाडो सखी योजना की शुरुआत की।

# साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने मामले में दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम थाना ईस्ट की पुलिस टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाता बेचने के मामले में दो आरोपियों को गत रविवार को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। खाताधारक ने पांच हजार रुपए में अपना बैंक खाता बेचा था। आगामी कार्रवाई के लिए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और पूछताछ कर मामले में संलिप्त आरोपियों के बारे में पूछताछ की जाएगी। आरोपियों की पहचान जयपुर (राजस्थान) के विद्याधर नगर निवासी लक्की सिंह (19 वर्ष) और ज्वाला माता मंदिर के पास रहने वाले विनय गुप्ता (25 वर्ष) के रूप में हुई है।

# खाते में बैंलेस दिखाने करे कहकर रुपए किए ट्रांसफर

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम थाना मानेसर क्षेत्र में जालसाज ने बैंक कर्मचारी बनकर एक व्यक्ति को बैंक खाते में बैंलेस दिखाने की बात कहकर 104452 रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम थाना मानेसर में दी शिकायत में बताया कि उसके पास अनजान नंबर से कॉल आई।

### पुलिसकर्मी की बाइक पर चढ़ाई थी कार • आरोपी का 1 दिन का रिमांड मिला

# भाजपा नेता के बेटे की कार से मिला सफेद पाउडर, जांच के लिए लैब भेजा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

क्राइम ब्रांच के जवान की बाइक पर कार चढ़ाने वाले भाजपा नेता कमाल खान के बेटे माज खान ने देर रात तक तुकोगंज थाने में भी पुलिस के साथ बदसलूकी की। पुलिस को उसकी कार से एक थैली में 'सफेद पाउडर' जैसा केमिकल मिला। इसे जांच के लिए फोरेन्सिक लैब भेजा गया। यदि इसमें कोई मादक कंटेंट आता है तो एनडीपीएस एक्ट में भी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी के खिलाफ शनिवार रात तुकोगंज पुलिस ने जानलेवा हमले और शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज किया है। इसका पुलिस को एक दिन का रिमांड मिला है।

तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव ने बताया आरोपी माज खान को लेकर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि वह सफेद कार (एमपी 09 डब्ल्यू बी 0860) से तुकोगंज इलाके में घूम रहा है। उसके पास 50 ग्राम एमडी ड्रग्स है और वह एक युवती की आड़ में ड्रग्स की तस्करी करता है। इस पर हेड कांस्टेबल दीपक थापा ने क्राइम ब्रांच के टीआई जितेंद्रसिंह चौहान को सूचना दी। आरोपी को पकड़ने कांस्टेबल अमित शर्मा, कैलाश भंवर, हरीश चौधरी और रेनुका रीगल तिराहा पहुंचे।

### घेराबंदी की तो दोबारा बाइक पर कार चढ़ा दी थी, बाल-बाल बचे थे जवान



थापा के मुताबिक 3.15 बजे शास्त्री ब्रिज पर सफेद कार दिखाई दी तो उसका पीछा किया। टीम को देख माज ने अपनी कार शोरूम के पास गली से धेनु मार्केट में मोड़ ली। टीम ने यहां उसकी घेराबंदी की तो माज ने कार तेज रफ्तार में रिवर्स ली और हेड कांस्टेबल दीपक की बाइक पर चढ़ा दी। दीपक और कांस्टेबल कैलाश बाल-बाल बचे। यही नहीं उसने दोबार ऐसा ही प्रयास किया तो बाइक उसकी कार के नीचे फंस गई और कार रुक गई। तलाशी में कार से एक युवती मिली और सफेद पाउडर की थैली मिली, जो उसने डेश बोर्ड के ड्रॉज में छिपाकर रखी थी। युवती और पाउडर को लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही।

# चिंतपूर्णी के लिए मुफ्त बसें चलाए सरकार : गहरीवाला

**जालंधर** | लोक जन शक्ति पार्टी, पंजाब (राम विलास) के नेता चौधरी राजेश कुमार गहरीवाला ने परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर को चिट्ठी भेजकर माता चिंतपूर्णी और ज्वाला जी के दर्शन के लिए मुफ्त बस यात्रा शुरू करने की मांग की है। गहरीवाला ने कहा कि सावन के दौरान दोनों धार्मिक स्थलों पर मेले लगते हैं। पंजाबभर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए जाना चाहते हैं पर किराया ज्यादा होने के कारण नहीं जा पाते। पंजाब सरकार ने पावन महीने में माता चिंतपूर्णी और ज्वाला जी के लिए मुफ्त बस यात्रा शुरू नहीं कर श्रद्धालुओं धार्मिक भावनाएं आहत की हैं।

भास्कर CLASSIFIED

ज्योतिष
ASTROLOGY
ज्योतिष

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792

सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

Notice :
Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.



**रिस्क बढ़ा** • सेंसेक्स 572 अंक गिरकर 81 हजार से नीचे, निफ्टी भी 24,681 पर बंद हुआ

# सेंसेक्स सिर्फ 3 दिन में 1,836 अंक गिरा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। सोमवार को सेंसेक्स 572 अंक गिरकर 80,891 पर और निफ्टी 156 अंकों की गिरावट के साथ 24,681 पर बंद हुआ। इसके साथ ही गुरुवार, शुक्रवार और सोमवार के बीच सिर्फ तीन दिन की ट्रेडिंग में सेंसेक्स 1,836 अंक यानी करीब 2.2% टूट चुका है। जुलाई माह में यह गिरावट 2019 के बाद सबसे बड़ी है। इसके चलते बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 13.5 लाख करोड़ घटकर 447.87 लाख करोड़ रुपए रह गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, बाजार गिरने की सबसे बड़ी वजह अप्रैल-जून तिमाही के लिए कंपनियों के कमजोर नतीजे हैं। ब्लूमबर्ग का अनुमान था कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनियों की प्रति शेयर आय (ईपीए) लगभग स्थिर रहेगी। लेकिन नतीजे कमोबेश इससे भी कमजोर रहे। कोटक सिक्युरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान ने कहा, 'जब तक निफ्टी 24,800 और सेंसेक्स 81,100 से नीचे ट्रेड कर रहा है, तब तक कमजोर रुझान जारी रह सकता है। कोई स्पष्ट ट्रिगर न मिलने पर सेंसेक्स 80,350 तक गिर सकता है।

## बीएसई के 21 इंडेक्स में सिर्फ हेल्थकेयर चढ़ा; आईटी सबसे ज्यादा गिरा

**बिकवाली:** जुलाई में सभी तरह के शेयर 2-3% टूटे

| इंडेक्स | गिरावट |
|---|---|
| सेंसेक्स | ▼3.2% |
| निफ्टी 50 | ▼3.3% |
| बीएसई लार्जकैप | ▼3.3% |
| बीएसई मिडकैप | ▼2.6% |
| बीएसई स्मॉलकैप | ▼2.7% |

**बड़े झटके:** इन 5 सेक्टरों के इंडेक्स सर्वाधिक गिरे

| सेक्टोरल इंडेक्स | गिरावट |
|---|---|
| आईटी | ▼8.6% |
| टेक | ▼8.2% |
| रियल्टी | ▼7.5% |
| टेलीकॉम | ▼7.1% |
| इंडस्ट्रियल्स | ▼5.9% |

**थोड़ी राहत:** ये 5 सेक्टरों के इंडेक्स स्थिर रहे या चढ़े

| सेक्टोरल इंडेक्स | गिरे/चढ़े |
|---|---|
| कमोडिटीज | ▼1.6% |
| ऑटो | ▼1.0% |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल्स | ▼0.7% |
| एफएमसीजी | ▼0.2% |
| हेल्थकेयर | ▲2.4% |

(सभी आंकड़े 1 जुलाई से 28 जुलाई, 2025 के बीच, स्रोत: बीएसई, एनएसई)

**भास्कर एक्सपर्ट** विश्लेषकों से समझिए, आगे कैसा रह सकता है रुझान

### टैरिफ पर अमेरिका-भारत के बीच डील होने तक बाजार में गिरावट जारी रहेगी

जी चोक्कालिंगम, एमडी, इक्विनॉमिक्स

बाजार के लिए सबसे बड़ी चिंता अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर करार में हो रही देरी है। इसी के चलते आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है। ये ही शेयर मुख्य रूप से सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट की वजह बन रहे हैं। अगर अमेरिका भारतीय प्रोडक्ट्स और सर्विसेज के निर्यात पर कोई बड़ा जवाबी टैरिफ लगाता है तो शेयर बाजार की कमजोरी बढ़ सकती है। जब तक भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील नहीं हो जाती, बाजार कमजोर रहने की आशंका है। दोनों देशों के बीच यदि कोई संतुलित करार होता है तो घरेलू बाजार में तेजी लौट सकती है।

### ट्रेडरों और निवेशकों का सब्र टूट रहा, घबराहट बढ़ रही, उतार-चढ़ाव बढ़ेगा

सुदीप शाह, टेक्निकल रिसर्च हेड, एसबीआई सिक्युरिटीज

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम पर ध्यान देना जरूरी है। बाजार में निवेशकों और ट्रेडरों का डर मापने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स चढ़ने लगा है। यह इंडेक्स हाल के निचले स्तर 10.72 से सिर्फ तीन दिन की ट्रेडिंग में 12.5% उछल गया। यह उछाल भारतीय बाजार में निवेशकों के बीच बढ़ती घबराहट का स्पष्ट संकेत है। यह बता रहा है कि आने वाले समय में बाजार भारी उतार-चढ़ाव देख सकता है। हालांकि फार्मा, एफएमसीजी और हेल्थकेयर जैसे कुछ सेक्टरों के शेयरों में तेजी बनी रह सकती है। इन सेक्टरों को ब्रिटेन के साथ हुई ट्रेड डील से फायदा मिलने की संभावना है।

**वैल्युएशन ज्यादा**

### पीई मल्टीपल बाजार में ठहराव का संकेत दे रहा

इक्रेड इक्विटीज के विश्लेषकों का मानना है कि निफ्टी-50 का फॉरवर्ड पीई मल्टीपल (भविष्य में आय के आधार पर शेयर की कीमतों का अनुपात) औसत स्तर से ऊपर चला गया है। इसके चलते बाजार में सतर्कता बरती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि हाल के महीनों में निफ्टी-50 में जो एक जगह ठहरने (कंसोलिडेशन) का दौर दिख रहा है, वह लंबा चल सकता है।

### एलआई की निवेश वैल्यू ₹46,000 करोड़ घटी

शेयर बाजार गिरने से देश के सबसे बड़े संस्थागत निवेशक एलआईसी को बड़ा नुकसान हुआ है। जुलाई में अब तक कंपनी की इक्विटी होल्डिंग की वैल्यू 46,000 करोड़ रुपए घट गई। इस साल 30 जून को एलआईसी के पास मौजूद शेयरों की कुल वैल्यू 16.10 लाख करोड़ थी। 25 जुलाई को यह घटकर 15.64 लाख करोड़ रुपए रह गई।

**भास्कर एनालिसिस** कॉरपोरेट रिजल्ट में दिखी दिलचस्प विरोधाभास

# 350 कंपनियों की बिक्री सिर्फ 10% बढ़ी, लेकिन मुनाफा 34% बढ़ गया

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय कंपनियों की आय और मुनाफे के बीच स्पष्ट विरोधाभास देखा गया। बीती तिमाही एनर्जी, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियों को छोड़कर अन्य सेक्टरों की 350 कंपनियों की औसत शुद्ध बिक्री महज 10.1% बढ़ी। जनवरी-मार्च 2025 में ये ग्रोथ 11.7% और अप्रैल-जून 2024 में 10.8% थी। हालांकि बिक्री में सुस्ती के बावजूद, ऑपरेटिंग प्रॉफिट सालाना 18.7% बढ़ गया, जो सात तिमाहियों में सबसे ज्यादा है। इससे पहले मार्च तिमाही में ऑपरेटिंग प्रॉफिट 14% और दिसंबर 2024 तिमाही में 7.7% बढ़ा था। बीती तिमाही नेट प्रॉफिट में और ज्यादा 34% बढ़ोतरी हुई। इससे पहले वाली तिमाही में 13% गिरावट के बाद यह 5 तिमाहियों की सबसे तेज रफ्तार है।

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बिक्री बढ़ने की बढ़ने की दर कम होने के बावजूद कंपनियों के मुनाफे में बढ़ोतरी की वजह बेहतर लागत नियंत्रण, कम इनपुट लागत और ज्यादा मार्जिन है। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंपनियों का कुल खर्च सिर्फ 9% बढ़ा, जो पिछली 6 तिमाहियों में सबसे कम बढ़ोतरी है।

### जून तिमाही में इनकम ग्रोथ 4-6% रहने का अनुमान

क्रिसिल इंटेलिजेंस ने देश के कॉर्पोरेट क्षेत्र की इनकम ग्रोथ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 4-6% रहने का अनुमान जताया है। सोमवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक पावर, आईटी और स्टील सेक्टर के कमजोर प्रदर्शन के कारण इनकम ग्रोथ पिछली दो तिमाहियों के औसत 7% की तुलना में कम रह सकती है। क्रिसिल द्वारा विश्लेषण की गई 600 से ज्यादा कंपनियों की कमाई में पावर, कोल, आईटी सर्विसेज और स्टील सेक्टर की सामूहिक रूप से एक तिहाई हिस्सेदारी है।

### कंपनियां लागत घटा रहीं, मार्जिन बढ़ाने पर फोकस

डीआर चोकसी फिनसर्व के एमडी देवेन आर चोकसी ने कहा कि कुछ समय से कच्चे माल के दाम घटने और बेहतर लागत प्रबंधन से कंपनियों की ऑपरेटिंग लागत घटी है। इससे मुनाफा बढ़ रहा है। बीते कुछ समय से प्रॉफिट मार्जिन घटाकर या स्थिर रखकर बिजनेस कर रही कंपनियों ने अब अपना मार्जिन बढ़ाना शुरू कर दिया है। इस लिहाज से चालू वित्त वर्ष कंपनियों के लिए अच्छा रहने की उम्मीद की जा सकती है।

### एल्युमिनियम सेक्टर की आय 23% बढ़ सकती है

क्रिसिल इंटेलिजेंस के मुताबिक फार्मा, टेलीकॉम, ऑर्गनाइज्ड रिटेल, एल्यूमिनियम और एयरलाइन जैसे पांच सेक्टर ने कॉरपोरेट सेक्टर की आय बढ़ाने में योगदान दिया। एल्यूमिनियम सेक्टर की इनकम ग्रोथ जून तिमाही में 23% रह सकती है। ऑर्गनाइज्ड रिटेल की ग्रोथ 15-17%, एयरलाइन की 15% टेलीकॉम सर्विसेज की 12% और फार्मास्युटिकल्स सेक्टर की 9-11% रहने का अनुमान है।

**जून तिमाही में कंपनियों का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 19% बढ़ा**

| तिमाही | आय | ऑपरेटिंग प्रॉफिट | नेट प्रॉफिट |
|---|---|---|---|
| अप्रैल-जून 25-26 | 10.1% | 18.7% | +34% |
| अप्रैल-जून 24-25 | 10.8% | 7.0% | -3.0% |
| जनवरी-मार्च 24-25 | 11.7% | 14.0% | -13.0% |

## बिजनेस ब्रीफ

### भारत में 20 लाख ग्राहक ही बना सकेगी स्टारलिंक

**नई दिल्ली |** इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की भारत में लॉन्चिंग से पहले सरकार ने उस पर कई पाबंदियां लगा दी है। केंद्रीय संचार राज्यमंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर के मुताबिक स्टारलिंक को देश में केवल 20 लाख कनेक्शन की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा वह 200 एमबीपीएस तक की स्पीड ही प्रदान कर सकती है। ऐसे में बीएसएनएल समेत देश की अन्य टेलीकॉम कंपनियों को फिलहाल कोई जोखिम नहीं है।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी का प्रॉफिट 31 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली |** अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी का अप्रैल-जून तिमाही का कंसॉलिडेटेड मुनाफा 31% बढ़कर 824 करोड़ रुपए हो गया। अप्रैल-जून 2024-25 के दौरान ये 629 करोड़ था। कंपनी की ऑपरेशनल आय भी 31% बढ़कर 3,312 करोड़ रुपए हो गई। बीते साल की समान तिमाही में ये 2,528 करोड़ रुपए थी। कंपनी के मुताबिक उसने इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा 92.8% का एबिटा मार्जिन हासिल किया।

### इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन जून में सिर्फ 1.5% बढ़ पाया

**नई दिल्ली |** भारत की इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन ग्रोथ (आईआईपी) जून 2025 में 1.5% पर आ गई। ये 10 महीनों में सबसे कम है। इसका मुख्य कारण माइनिंग और एनर्जी सेक्टर का खराब प्रदर्शन रहा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मई के आईआईपी के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9% कर दिया,जबकि पहले इसे 1.2% रहने का अनुमान लगाया था। पिछला सबसे निचला स्तर अगस्त 2024 में शून्य था।

### लेंसकार्ट के आईपीओ को शेयरधारकों की मंजूरी

**मुंबई |** भारतीय आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट के शेयरधारकों ने एजीएम में आईपीओ के जरिए 2150 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, फिलहाल मौजूदा निवेशकों द्वारा बेचे जाने वाले शेयर की मात्रा अभी तय नहीं की गई है। मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक लेंसकार्ट का उद्देश्य 10 बिलियन डॉलर (करीब 86,000 करोड़) की मार्केट वैल्यू पर 1 बिलियन डॉलर (8,600 करोड़ रुपए) तक का आईपीओ लाना है।

### माइक्रोसॉफ्ट ने नायरा को सर्विसेज रोकी

**नई दिल्ली |** ऑयल रिफाइनिंग और मार्केटिंग कंपनी नायरा एनर्जी ने माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई है। कंपनी का आरोप है कि अमेरिकी टेक कंपनी ने बिना पूर्व चेतावनी के अहम सर्विसेज अचानक सस्पेंड कर दीं। नायरा का कहना है कि माइक्रोसॉफ्ट ने उसके डेटा, स्वामित्व वाले टूल्स और प्रोडक्ट्स तक पहुंच रोक दी है, जबकि ये भुगतान किए गए लाइसेंस के तहत खरीदे गए थे।

**अनक्लेम्ड डिपॉजिट** • दस साल से नहीं हुआ दावा

# बैंक खातों में पड़े 67 हजार करोड़ का कोई वारिस नहीं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में कुल 67 हजार करोड़ रुपए की जमा राशि ऐसी है, जिस पर अब तक किसी खाताधारक, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी ने कोई दावा नहीं किया है। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में ये जानकारी देते हुए कहा कि बैंक खातों में जमा वह राशि, जिसे पिछले 10 वर्षों से किसी ने नहीं छुआ, अब बिना दावा की जमा राशि (अनक्लेम्ड डिपॉजिट) मानी जा रही है। यह राशि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष (डीईए फंड) में स्थानांतरित कर दी गई है। कांग्रेस सांसद एम. के. विष्णु प्रसाद के सवाल का जवाब देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अनक्लेम्ड डिपॉजिट में सबसे बड़ी हिस्सेदारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की है। सरकार के मुताबिक देश के सरकारी बैंकों में जमा 58,330 करोड़ रुपए का कोई दावेदार नहीं है। प्राइवेट बैंकों में ये रकम 8,674 करोड़ रुपए है।

**पब्लिक सेक्टर बैंक:** 58 हजार करोड़ रु. अनक्लेम्ड

| बैंक का नाम | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| भारतीय स्टेट बैंक | ₹19,329.92 |
| पंजाब नेशनल बैंक | ₹6,910.67 |
| केनरा बैंक | ₹6,278.14 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | ₹5,277.36 |
| यूनियन बैंक | ₹5,104.50 |
| बैंक ऑफ इंडिया | ₹3,933.88 |
| इंडियन बैंक | ₹3,739.82 |
| आईओबी | ₹2,385.78 |
| अन्य सरकारी बैंक | ₹5,370.20 |

**प्राइवेट बैंक:** आठ हजार करोड़ रु. के दावेदार नहीं

| बैंक का नाम | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | ₹2,063.45 |
| एचडीएफसी बैंक | ₹1,609.56 |
| एक्सिस बैंक | ₹1,360.16 |
| कोटक महिंद्रा बैंक | ₹558.72 |
| आईडीबीआई बैंक | ₹589.77 |
| जम्मू-कश्मीर बैंक | ₹363.21 |
| फेडरल बैंक | ₹347.72 |
| कर्नाटका बैंक | ₹329.83 |
| साउथ इंडियन बैंक | ₹283.05 |
| करूर वैश्य बैंक | ₹258.04 |

यूपीएस चुनने की डेडलाइन सितंबर तक बढ़ाई

# यूपीएस पर अब तक सिर्फ 1.37% केंद्रीय कर्मियों ने जताया भरोसा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्र के सिर्फ 1.37% कर्मचारियों ने ही अब तक एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुना है। सोमवार को लोकसभा में वित्त मंत्रालय ने बताया कि 20 जुलाई, 2025 तक कुल 31,555 पात्र कर्मचारियों ने ये योजना अपनाई है। सरकार ने योजना के तहत विकल्प चुनने की तारीख 30 जून से बढ़ाकर इसी साल सितंबर तक कर दी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत आने वाले केंद्र के कर्मचारियों को तयशुदा भुगतान करने के लिए यूपीएस का विकल्प दिया गया है। लोकसभा में एक अलग जवाब में वित्त मंत्रालय ने कहा कि पात्रता मानदंड के अनुसार, यूपीएस के तहत अतिरिक्त लाभ के लिए 25,756 सेवानिवृत्त कर्मचारी पात्र हैं। वित्त मंत्री ने कहा, 'ये केंद्र के वे कर्मचारी हैं, जो एनपीएस के तहत 10 साल की अधिक सेवा की पात्रता पूरी करने के बाद 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले सेवानिवृत्त हुए हैं या जिनकी मृत्यु हो गई है या मौलिक नियम 56 (जे) के तहत सेवानिवृत्त हुए हैं।'

# अंडरवॉटर जैटपैक, डॉल्फिन की तरह तैरेंगे, दाम ₹27 लाख



**लंदन |** ब्रिटिश कंपनी क्यूडजेट ने अंडरवॉटर जेटपैक लॉन्च किया है। यह यूजर्स को डॉल्फिन की तरह पानी में तेजी से घूमने में मदद करेगा। बैकपैक जैसा डिवाइस 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 131 फीट की गहराई तक जा सकता है। इसे पहनकर डाइविंग का अनुभव लिया जा सकता है। इसकी बैटरी 90 मिनट तक चलती है। कीमत 27 लाख रुपए है।

## सिंधिया ने बीएसएनएल से प्रति यूजर कमाई 50% बढ़ाने को कहा



**नई दिल्ली |** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल की हालत सुधारने के साथ ही ग्राहक और कमाई बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अगले वर्ष तक बीएसएनएल से प्रति यूजर कमाई (आरपू) को 50% तक बढ़ाने को कहा है। सरकार को उम्मीद है कि पूंजीगत खर्च और रणनीतिक फोकस से आने वाली तिमाहियों में बीएसएनएल का ऑपरेटिंग कैश फ्लो बहुत बेहतर हो जाएगा। सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष बीएसएनएल के इतिहास का सबसे ज्यादा 25,000 करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च किया गया है।

## टेस्ला के लिए एआई चिप बनाएगी सैमसंग, 1.4 लाख करोड़ की डील



**न्यूयॉर्क |** इलॉन मस्क की टेस्ला ने सैमसंग के साथ बड़ी डील की है। इसके तहत सैमसंग अपने टेक्सास प्लांट में टेस्ला की अगली पीढ़ी के एआई6 चिप्स बनाएगी। ये डील 1.43 लाख करोड़ रुपए की है। मस्क ने खुद इस डील की पुष्टि की है। उनके मुताबिक ये सौदा रणनीतिक रूप से काफी अहम है। दिसंबर 2024 में बाइडन प्रशासन ने चिप्स एक्ट के तहत सैमसंग की टेक्सास स्थित सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फेसिलिटी के लिए करीब 41 हजार करोड़ रुपए की फंडिंग की घोषणा की थी। इस कानून का मकसद अमेरिका को चिप निर्माण में और आत्मनिर्भर बनाना है।

**रोजगार** • टीसीएस बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही, जेफरीज ने कहा- ये ट्रेंड और तेज होगा

# एआई के चलते आईटी में छंटनी, अप्रैल-जून तिमाही में देश की टॉप-6 कंपनियों में से 4 ने घटाई हायरिंग

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश की सबसे बड़ी आईटी सर्विस कंपनी टीसीएस ने अब तक की सबसे बड़ी छंटनी की घोषणा की है। कंपनी वैश्विक वर्कफोर्स का लगभग 2% कम करने जा रही है। इससे 12 हजार लोगों की नौकरी जाएगी। इससे प्रभावित अधिकांश कर्मचारी मीडियम से सीनियर पदों के होंगे। यह कदम बढ़ते मैक्रो इकोनॉमिक अनिश्चितता और एआई के उदय के बीच आया है। कंपनी ने कटौती का यह ऐलान ऐसे वक्त किया है, जब अप्रैल-जून तिमाही में देश की शीर्ष आईटी कंपनियों के वर्कफोर्स में गिरावट देखी गई है। छह में से सिर्फ 2 ने ही वर्कफोर्स में इजाफा किया। 14 जुलाई को एचसीएल टेक के सीईओ सी विजयकुमार ने विश्लेषकों से कहा, 'ऑटोमेशन की वजह से हमने अच्छी खासी संख्या में लोगों को हटाया है।' उधर जेफरीज का कहना है कि आईटी सेक्टर में छंटनी और बढ़ सकती है।

**सिर्फ इन्फोसिस ने बढ़ाए स्टाफ, एक साल पहले छंटनी की थी**

| कंपनी | Q1 FY25 | Q1 FY26 |
|---|---|---|
| टीसीएस | ▲5,452 | ▲5090 |
| इंफोसिस | ▼1908 | ▲210 |
| एचसीएल टेक | ▼8080 | ▼269 |
| विप्रो | ▲297 | ▼114 |
| एलटीआईमाइंडट्री | ▲284 | ▼418 |
| टेक महिंद्रा | ▲2165 | ▼214 |

स्रोत: कंपनी फाइलिंग

**एनएसडीएल आईपीओ से लगी लॉटरी**

# 2 रुपए के शेयर 800 में बेचेंगे एसबीआई, आईडीबीआई बैंक

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की पहली और सबसे बड़ी सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) इस हफ्ते 4,012 करोड़ रुपए का आईपीओ लॉन्च करेगी। ये इश्यू पूरी तरह ऑफर फॉर सेल है। इसमें मौजूदा शेयरधारक 5.01 करोड़ शेयर बेचेंगे। एक भी नए शेयर नहीं जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ के जरिये एनएसडीएल के मौजूदा शेयरधारक मसलन एसबीआई, आईडीबीआई बैंक, एनएसई, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जैसे शेयरधारक हिस्सेदारी बेचकर तगड़ा मुनाफा कमाएंगे। एसबीआई मात्र 2 रुपए के भाव पर खरीदे गए 40 लाख शेयर 760-800 रुपए की रेंज में बेचेगा। इससे उसे 320 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। आईडीबीआई बैंक को भी 2.22 करोड़ शेयर बेचने से 1,776 करोड़ रुपए मिल सकते हैं।

आईपीओ आने से पहले ही एचडीएफसी बैंक एनएसडीएल में 1% हिस्सेदारी बेचकर 702% रिटर्न कमा चुका है। एचडीएफसी बैंक ने ये शेयर औसतन 108.29 रुपए के भाव पर खरीदे थे। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस ने भी 2.97% हिस्सेदारी बेच दी है। हालांकि वह आईपीओ में शेयर नहीं बेच रहा। अनलिस्टेड मार्केट में एनएसडीएल के शेयर की कीमत 800 से 1,200 रुपए के बीच रही और अभी यह करीब 1,000 रुपए है।

**फाइनेंशियल सेक्टर में सबसे ज्यादा सौदे**

# जून तिमाही में 2.3 लाख करोड़ की डील, डेढ़ साल में सबसे कम

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत के निवेश बाजार में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। कंसल्टेंसी फर्म पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की दूसरी अप्रैल-जून तिमाही में डील गतिविधियों में 20% की बड़ी गिरावट देखी गई है। इस दौरान 697 सौदे हुए, जबकि इससे पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में 867 सौदे हुए थे। साथ ही, वैल्यू के लिहाज से यह गिरावट 22% की रही। अप्रैल-जून तिमाही में 2.27 लाख करोड़ रुपए के सौदे हुए। यह गिरावट पिछले छह तिमाहियों में सबसे अधिक है, बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और सतर्कता का संकेत है। पीडब्ल्यूसी की 'डील्स एट ए ग्लांस' रिपोर्ट के अनुसार, विलय और अधिग्रहण गतिविधियों में गिरावट देखी गई। अप्रैल जून में विलय और अधिग्रहण के 300 लेनदेन हुए, जो जनवरी-मार्च में हुए 413 लेनदेन से 27% है। यह पिछले छह तिमाहियों में सबसे बड़ी तिमाही गिरावट है। फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में केवल 47 सौदे हुए, लेकिन बड़े सौदों के कारण इसका घोषित डील मूल्य 35.5 हजार करोड़ रुपए रहा, जो इसे उच्चतम घोषित डील मूल्य वाला सेक्टर बनाता है। **पीई निवेश 12% बढ़ा:** देश में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश के अप्रैल-जून में 397 सौदे हुए। यह सालाना 12% ज्यादा, लेकिन तिमाही आधार पर 13% कम है। ये दिखाता है कि बाजार पर निवेशकों का भरोसा बना हुआ है।

**बिजनेस एंकर** गोल्ड ईटीएफ में निवेश के मामले में अन्य एशियाई देशों से आगे हैं भारत के लोग

# भारत में सोने की खपत चीन से दोगुनी, सालाना 800 टन तक पहुंची; चीन में 2013 के रिकॉर्ड लेवल से 49 फीसदी घट गई

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत और चीन में सोने की खपत का ट्रेंड एक-दूसरे के उलट है। चीन में गोल्ड की डिमांड 2013 के रिकॉर्ड लेवल से 49% घट गई है, पर भारत में सोने की खपत चीन से दोगुनी, सालाना 800 टन तक पहुंच गई।

चीन में सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी से खपत घटी है। चीनी अर्थव्यवस्था में सुस्ती भी इसका एक बड़ा कारण रही। चीन में वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के रिसर्च हेड रे जिया के मुताबिक, सोने की मांग घटी है, लेकिन मूल्य के लिहाज से गहनों की खपत बढ़ी है। 2001 से 2013 के बीच चीन में सोने की खपत 362% बढ़ी थी। लेकिन मात्रा के लिहाज से खपत 2013 से लगातार घट रही है। 2013 में सोने मांग 939 टन थी, जो 2024 में 479 टन रह गई। चीन में सोने की खपत ऐसे समय घटी है जब भारत में बीते साल इसकी खपत 800 टन से ऊपर रही। डब्ल्यूजीसी के मुताबिक, चीनी उपभोक्ताओं ने 2025 की पहली तिमाही में सोने के गहनों पर करीब 1 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। यह बीती तिमाही से 29% ज्यादा, लेकिन 2024 की पहली तिमाही से कम है।

**देश में लिस्टेड ज्वेलरी कंपनी की आय 10% से ज्यादा बढ़ी, 19 स्टोर भी जोड़े**

- भारतीय सराफा बाजार में इस माह 19 जुलाई तक सोना 28% महंगा हो गया। हालांकि मौसमी सुस्ती के कारण गहनों की बिक्री प्रभावित हुई, पर निवेश के लिए सोने की खरीद बढ़ी है।
- प्रमुख लिस्टेड ज्वेलरी कंपनियों की आय अप्रैल-जून में 10% से ज्यादा बढ़ी है। कॉरपोरेट रिटेल विक्रेताओं ने इस तिमाही 19 नए आउटलेट जोड़े। गोल्ड ईटीएफ में जून में दूसरा सबसे अधिक मासिक निवेश हुआ।
- दो महीने रुकने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने जून में 0.4 टन सोने की मामूली खरीदी की। इससे केंद्रीय बैंक का गोल्ड रिजर्व 880 टन यानी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।
- आरबीआई की लगातार गोल्ड खरीद से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा बढ़ा है। अब कुल भंडार में सोने की हिस्सेदारी 12.1% हो गई है, जो एक साल पहले 8.7% थी।

**गोल्ड ईटीएफ:** जून में भारतीयों ने 2,080 करोड़ रु. निवेश किए

भारतीय गोल्ड ईटीएफ में निवेश के मामले में अन्य एशियाई देशों से आगे हैं। जून में कुल 2,080 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। ये जनवरी के बाद सबसे अधिक मासिक निवेश है। एम्फी के डेटा के मुताबिक, भारत में गोल्ड ईटीएफ का एयूएम 64,800 करोड़ रुपए हो गया। ये सालाना 88% बढ़ा है।

# सेबी के ऑर्डर पर जवाब के लिए जेन स्ट्रीट ने मांगी मोहलत

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

अमेरिका की हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ने सेबी के 3 जुलाई के आदेश पर जवाब के लिए बाजार नियामक से और समय मांगा है। अंतरिम आदेश में लगाए गए आरोपों पर जवाब देने के लिए नियामक ने जेन स्ट्रीट को 21 दिन का समय दिया था। इस आदेश में ट्रेडिंग दिग्गज को करीब 4,843 करोड़ रुपए की अवैध कमाई लौटाने का निर्देश भी दिया गया था। जेन स्ट्रीट के एक प्रतिनिधि ने कहा, "हम सेबी के साथ सकारात्मक बातचीत कर रहे हैं और 3 जुलाई को जारी अंतरिम आदेश पर जवाब देने के लिए हमने और वक्त मांगा है।' ट्रेडिंग फर्म ने अपने बयान में कहा कि जेन स्ट्रीट ऐसे आचरण के लिए प्रतिबद्ध है जिससे भारत के पूंजी बाजारों की अखंडता बनी रहे।

### जेन स्ट्रीट की पोजिशनों पर एक्सचेंज की कड़ी नजर

एक्सचेंज जेन स्ट्रीट और उसके समूह की संस्थाओं के किसी भी भावी लेन-देन और पोजिशनों पर नजर रख रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे किसी भी तरह की हेराफेरी वाली गतिविधियों में शामिल नहीं हों। इस बीच, बाजार नियामक ने सेंसेक्स जैसे सूचकांकों और कारोबारी रणनीतियों की जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

**भास्कर एनालिसिस** • सचिन तेंदुलकर से 2512 रन पीछे हैं रूट; हर टेस्ट में औसतन 85.4 रन बनाते हैं, इस रफ्तार से 2028 में भारत दौरे पर सर्वाधिक रनों तक पहुंच सकते हैं

# रूट इसी तरह चले तो तीन साल बाद सचिन के रनों का रिकॉर्ड भारत में ही तोड़ेंगे

## करीब 30 टेस्ट में दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाज बन सकते हैं रूट

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में स्टार इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट लगातार बड़े रिकॉर्ड तोड़ते जा रहे हैं। मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट में उन्होंने 150 रन की पारी खेली और इस दौरान टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में एक साथ तीन दिग्गज; रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। 34 साल के रूट के टेस्ट में कुल 13,409 रन हो चुके हैं और उनसे आगे सिर्फ भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (200 टेस्ट में 15,921 रन) हैं।

रूट और सचिन के बीच अब 2,512 रनों का फासला है। रूट ने अब तक 157 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उन्होंने औसतन प्रति मैच 85.4 रन बनाए हैं। अगर रूट अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हैं और इसी रफ्तार से खेलते रहे, तो वे यह रिकॉर्ड अब से 30वें टेस्ट में तोड़ सकते हैं।

खास बात यह है कि सचिन तेंदुलकर का यह रिकॉर्ड रूट भारतीय सरजमीं पर ही तोड़ सकते हैं। साल 2027 के इंग्लिश सीजन तक इंग्लैंड की टेस्ट टीम का शेड्यूल तय है, जिसमें उसे करीब 26 टेस्ट खेलने को मिल सकते हैं। भारत के खिलाफ बचे हुए एक टेस्ट के बाद, इंग्लिश टीम इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट की एशेज सीरीज खेलेगी। इसके बाद 2026 में इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन-तीन टेस्ट खेलने हैं। उसी साल टीम तीन टेस्ट साउथ अफ्रीका में और दो टेस्ट बांग्लादेश में भी खेलेगी। 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में एक सेरेमनी मैच खेला जाना है। उसी साल इंग्लैंड टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर सकती है और घरेलू मैदान पर एशेज समेत कुल सात टेस्ट खेलेगी। पुराने फ्यूचर टूर प्रोग्राम के अनुसार इसके बाद इंग्लैंड का अगला दौरा भारत का होगा, जहां 2028 में पांच टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। रूट इस दौरान 187वें टेस्ट में यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।



### लंबा खेलना संभव क्योंकि... अभी भी फिट, पिछले 13 साल में सिर्फ दो टेस्ट ही मिस किए

रूट फिलहाल 34 साल के हैं और दिसंबर में 35 वर्ष के हो जाएंगे। इसका अर्थ है कि 2028 की शुरुआत में वे सिर्फ 37 साल के होंगे, जो एक टेस्ट बल्लेबाज के लिए आदर्श उम्र मानी जाती है। सचिन (जन्म 1973) ने आखिरी टेस्ट 2013 में 40+ की उम्र में खेला था। रूट ने 2012 में डेब्यू करने के बाद से इंग्लैंड के सिर्फ दो टेस्ट मिस किए हैं। इंग्लैंड ने इस दौरान 159 टेस्ट खेले हैं, जिनमें रूट ने 157 मैचों में हिस्सा लिया। एक बार उन्हें ड्रॉप किया गया था और दूसरी बार उन्होंने बच्चे के जन्म के कारण छुट्टी ली थी। रूट 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भी खेलने की इच्छा जता चुके हैं।

### इंग्लैंड के लिए ये रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं

- सर्वाधिक रन 13409
- सर्वाधिक 38 शतक
- कप्तान के तौर पर सर्वाधिक मैच (64)
- इंग्लिश कप्तान के तौर पर सर्वाधिक जीत (27)

### ये रिकॉर्ड करियर में आगे चलकर तोड़ सकते हैं

- दुनिया में सर्वाधिक रन।
- दुनिया में सर्वाधिक 51 शतक।
- सर्वाधिक टेस्ट मैच (200)
- इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक जीत (रूट 72 पर हैं। रिकॉर्ड 83 जीत जिमी एंडरसन के नाम हैं।)

### इस दशक में और भी तेज हैं रूट; 2027 की घरेलू एशेज में भी बना सकते हैं रिकॉर्ड

- रूट के हालिया फॉर्म को देखते हुए सचिन का रिकॉर्ड भारत दौरे से पहले भी टूट सकता है। 2021 से अब तक रूट ने 60 टेस्ट में प्रति मैच औसतन 93 रन बनाए हैं। इस गति से वे 27वें टेस्ट में ही यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।
- वहीं, पिछले 19 टेस्ट में तो उनके बल्ले से औसतन 101 रन प्रति मैच निकले हैं। इस रफ्तार से उन्हें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने में सिर्फ 24 टेस्ट लगेंगे, यानी 2027 की घरेलू एशेज सीरीज के दौरान यह कीर्तिमान बन सकता है।

### टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन



| 15921 | 13409 | 13378 | 13289 | 13288 |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर (200) | जो रूट (157) | रिकी पोंटिंग (168) | जैक कैलिस (166) | राहुल द्रविड़ (164) |

(कुल टेस्ट मैच)

# पाक की जर्सी पहनकर पहुंचे फैन को मैदान से बाहर किया

## मैनचेस्टर टेस्ट का मामला, जांच करेगा लंकाशायर

भास्कर न्यूज़ | मैनचेस्टर

लंकाशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने एक विवादास्पद घटना की जांच शुरू की है जिसमें इंग्लैंड और भारत के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दौरान एक प्रशंसक को पाकिस्तान की क्रिकेट जर्सी पहनने पर उसे ढकने के लिए कहा गया। प्रशंसक का नाम फारूक नजर बताया गया है। एक वीडियो में सुरक्षा कर्मचारी उसे जर्सी ढकने के लिए कहते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं एक अन्य कर्मचारी का कहना था कि यह टी-शर्ट 'राष्ट्रवादी' मानी जा सकती है। आखिर में, एक पुलिस अधिकारी फारूक को बातचीत के लिए स्टैंड्स से बाहर ले गए। अंत में फारूक ने जर्सी ढकने की बजाय स्टेडियम से बाहर जाने का फैसला किया। लंकाशायर क्रिकेट क्लब के प्रवक्ता ने कहा, 'हम इस घटना से अवगत हैं और इससे जुड़े सभी तथ्यों और संदर्भों को पूरी तरह समझने के लिए कदम उठा रहे हैं।'

## माइंड गेम # 161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | | | | 3 | | | 4 |
| | | | | 5 | | | | 7 |
| | 4 | | | | 9 | 3 | | 1 |
| | | 1 | | 3 | | | 6 | |
| | 2 | | | | 7 | | 9 | |
| | 5 | | 8 | 9 | | | | |
| 4 | | | 6 | | | 2 | 1 | 9 |
| | | 8 | 9 | 1 | | | | 3 |
| | | | | | | | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 160 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |

## वर्ड-लूप # 161




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 160 का जवाबः MEDALING

## क्रॉसवर्ड # 951



**बायें से दायें:**

1. ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला (4)। 4. सुर खींचना, तान लगाना (4)। 7. फजीहत, बदनामी (4)। 9. स्थल, भूभाग (2)। 10. मौलसिरी, वकुल (3)। 12. खरगोन (मप्र) का एक नगर (4)। 14. गर्व से छाती चौड़ी करना (2,3)। 16. दीदार, देखना (3)। 18. कमर का आभूषण (4)। 19. फैलाना, छितराना (4)। 21. चांद अंग्रेजी में (2)। 22. शत्रुता, लाग (4)। 26. घोड़ा, हय (2)। 28. वृंदावन में जहां कालिया नाग रहता था (2,2)। 30. बारीकी, सफाई, सुंदरता (4)। 31. '...' लागू एक चरित्र अभिनेत्री (2)।

**ऊपर से नीचे:**

1. ब्रज का निवासी (4)। 2. सत्यजीत रे की 1964 की प्रसिद्ध फिल्म (4)। 3. स्पर्धा, ईर्ष्या, रिस (2)। 4. दर्पण (3)। 5. मार्ग दर्शक, अगुआ (2,3)। 6. घोड़े के खुर में लगाई जाती है (2)। 8. कामना, इच्छा (3)। 11. सोहा अली खान के पति (3,2)। 13. मुख, आनन (3)। 15. अंगूठी में लगता है (3)। 17. परिणाम, अंजाम (3)। 18. कढ़ाई (5)। 20. अंतःपुर, रनिवास (4)। 23. निकाह पश्चात् का भोज (3)। 24. वह, तब (2)। 25. सूरज अंग्रेजी में (2)। 27. फतह (2)। 29. मैं का बहुवचन (2)।

**क्रॉसवर्ड 950 का उत्तर**



**इंग्लैंड दौरा** • लंबे समय तक मैदान पर रहने से बदलाव को मजबूर इंग्लिश टीम

# हराया नहीं, थकाया; भारतीय बैटर्स 30 घंटे ज्यादा क्रीज पर, ओवर भी 222 कम फेंके हैं

## अंतिम टेस्ट के लिए ओवरटन को न्यौता, भारतीय पेसर्स पूरी तरह फिट

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट में भारतीय टीम ने न सिर्फ मुकाबला ड्रॉ कराया, बल्कि अपनी जुझारू बल्लेबाजी से इंग्लिश टीम को थका भी डाला। इस मैच में जीत भले ही हाथ नहीं लगी, लेकिन भारत ने इंग्लैंड की 2-1 की बढ़त को बरकरार रहने दिया और अब ओवल में सीरीज बराबर करने का मौका उसके पास है।

इस मुकाबले की सबसे खास बात रही भारतीय बल्लेबाजों की लंबी पारी। पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद टीम इंडिया ने दूसरी पारी में 143 ओवर बल्लेबाजी कर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। नतीजा यह हुआ कि इंग्लिश टीम लगातार पांच सेशन तक मैदान पर फील्डिंग करती रही और बुरी तरह थक गई। इसी थकान का असर है कि ओवल टेस्ट से पहले इंग्लिश टीम ने तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन को स्क्वॉड में शामिल कर लिया है। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उनके सभी गेंदबाज बुरी तरह थके हुए हैं और ओवल टेस्ट के लिए उन्हें नए पैरों की आवश्यकता होगी। वहीं, भारतीय कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया है कि भारतीय कैंप में सभी पेसर्स और ऑलराउंडर्स पूरी तरह फिट हैं।

> सभी तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर फिट हैं। किसी भी चोट की कोई चिंता नहीं है। बुमराह अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। हम ओवल में सीरीज 2-2 से बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे। **– गौतम गंभीर,** भारतीय कोच



### मैनचेस्टर में तीन दिन तक मैदान पर रही इंग्लिश टीम, फील्डिंग से टूटी कमर

चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को तीन दिन फील्डिंग करनी पड़ी। भारत ने पहली पारी में 114.1 ओवर खेलकर उन्हें चार सेशनों से ज्यादा मैदान पर रोके रखा। फिर इंग्लैंड ने 157.1 ओवर बल्लेबाजी की, जिससे भारत भी लंबे समय तक फील्डिंग में रहा। दूसरी पारी में शुभमन (238 गेंद), राहुल (230 गेंद), सुंदर (206 गेंद) और जडेजा (185 गेंद) ने इंग्लिश गेंदबाजों को पूरी तरह थका दिया। स्टोक्स कई बार थके हुए कंधे और हैम्स्ट्रिंग की चोट से जूझते दिखे।

### स्टोक्स ने वर्कलोड स्वीकारा, लेकिन ओवल में खेलेंगे

> एक गेंदबाजी यूनिट के तौर पर सीरीज के आखिरी मैच से पहले सभी काफी थके हुए और दर्द से भरे हैं। हमें कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल करने के निर्णय लेने पड़ सकते हैं। पूरी सीरीज में मुझ पर काफी वर्कलोड रहा है, लेकिन मेरा अंतिम टेस्ट खेलना लगभग तय है। **– बेन स्टोक्स,** इंग्लिश कप्तान

### दोनों टीमों के बैटर्स का हर मैच में क्रीज पर कुल समय

| टेस्ट | लीड्स | एजबेस्टन | लॉर्ड्स | मैनचेस्टर | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 31.39 घंटे | 33 घंटे | 30.42 घंटे | 37.29 घंटे | 132.50 घंटे |
| इंग्लैंड | 27.29 घंटे | 23.29 घंटे | 26.37 घंटे | 24.36 घंटे | 102.11 घंटे |

### इंग्लैंड के 4 गेंदबाज 140+ ओवर गेंदबाजी कर चुके, भारत का कोई नहीं

केवल मैनचेस्टर टेस्ट ही नहीं बल्कि पूरी सीरीज में भारतीय बैटर्स ने इंग्लिश गेंदबाजों के खूब थकाया है। पूरी सीरीज में इंग्लिश टीम ने लगभग 894 ओवर गेंदबाजी की है, जबकि भारत ने सिर्फ 672 ओवर। इस दौरान इंग्लैंड के चार गेंदबाज- क्रिस वोक्स (167), ब्रायडन कार्स (155), शोएब बशीर (140.4) और बेन स्टोक्स (140), 140 से अधिक ओवर डाल चुके हैं। भारत की ओर से किसी भी गेंदबाज ने इतनी गेंदबाजी नहीं की है। केवल मोहम्मद सिराज (139), रवींद्र जडेजा (136.1) और जसप्रीत बुमराह (119.4) ने सौ से अधिक ओवर फेंके हैं। भारतीय बल्लेबाज कुल 132.83 घंटे क्रीज पर रहे हैं, जबकि इंग्लैंड के बैटर्स 102.18 घंटे। यानी, भारतीय बैटर्स 30 से ज्यादा घंटे क्रीज पर रहे हैं। खेल के दिन के हिसाब से देखें तो यह करीब चार दिन ज्यादा बैटिंग है। पांच दिवसीय टेस्ट मैच के एक दिन में करीब साढ़े सात घंटे का खेल होता है। इस दौरान एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं।

दिव्या बनीं महिला चेस चैम्पियन

# गर्वः पहली बार दशक में दो महिला ग्रैंडमास्टर



भास्कर न्यूज़ | बटुमी (जॉर्जिया)

भारत की 19 वर्षीय शतरंज सनसनी दिव्या देशमुख ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल (फिडे) वीमेंस वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में अनुभवी हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में 2.5-1.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह पहली बार है जब किसी भारतीय महिला ने यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। इस जीत से दिव्या ने भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर और चौथी महिला ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव भी प्राप्त किया। उनसे पहले कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब एक दशक के भीतर दो भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनी हैं। उनसे पहले 2023 में आर वैशाली भी ग्रैंडमास्टर बनी थीं। फाइनल में 69वें मूव पर हम्पी ने एफ पॉन लेने की भूल की। दिव्या ने मौके का फायदा उठाते हुए सटीक चालें चलीं और 75वें मूव पर हम्पी को हार मानने के लिए मजबूर कर दिया।

**हमारी चेस क्वींस**

| ग्रैंडमास्टर | साल |
|---|---|
| कोनेरू हम्पी | 2002 |
| हरिका | 2011 |
| वैशाली | 2023 |
| दिव्या | 2025 |

> दो शानदार भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक फाइनल! दिव्या देशमुख के चैम्पियन बनने पर गर्व है। **- पीएम मोदी**

> दिव्या ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया है। हम्पी के उपविजेता रहने ने देश में प्रतिभा की प्रचुरता को दर्शाया है।**– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु**

**लेजेंड्स क्रिकेटः** 23 रन से जीता इंग्लैंड

## डब्ल्यूसीएलः टीम इंडिया लगातार तीसरी हार से बाहर होने के करीब

भास्कर न्यूज़ | लीड्स

वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लेजेंड्स में इंग्लैंड चैम्पियंस ने भारत को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में उसकी लगातार तीसरी हार दर्ज करवाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 223 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। रवि बोपारा ने 55 गेंदों में 8 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 110 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में भारतीय टीम 8 विकेट खोकर केवल 200 रन ही बना सकी। टॉप-7 में से छह बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया, लेकिन यूसुफ पठान (52 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अपनी पारी को बड़ी नहीं बना सका। पाकिस्तान के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद इंडिया चैम्पियंस चार मुकाबलों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है और अब टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है।

## टूर डि फ्रांसः 112वें संस्करण के विजेता बने पोगाचार



**पेरिस** | प्रतिष्ठित साइक्लिंग टूर्नामेंट टूर डि फ्रांस के 112वें संस्करण का खिताब स्लोवेनिया के तदेई पोगाचार (बीच में) ने जीता। उन्होंने कुल चौथी बार यह खिताब अपने नाम किया। पोगाचार टूर्नामेंट में यूएई की टीम एमिरेट्स की ओर से उतरे थे। डेनमार्क के जोनस विनेगेगार्ड दूसरे और जर्मनी के फ्लोरियन लिपोविट्ज तीसरे स्थान पर रहे।

टेनिसः पहली बार टॉप-10 में पहुंचे मिनॉर

## 3 मैच पॉइंट बचाकर वॉशिंगटन ओपन के चैम्पियन बने डी मिनॉर

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन



ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनॉर वॉशिंगटन ओपन के रोमांचक फाइनल में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 5-7, 6-1, 7-6(3) से मात देकर चैम्पियन बने। पहला सेट गंवाने और निर्णायक सेट में पिछड़ने के बाद डी मिनॉर ने तीन मैच पॉइंट बचाकर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने करियर का 10वां खिताब जीता। इसके साथ ही वह पहली बार वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचे। वहीं, महिला सिंगल्स में कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने रूस की अन्ना कालिन्सकाया को 6-1, 6-2 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। यह डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में उनकी पहली ट्रॉफी है।

**भास्कर खास** इंग्लिश मिडफील्डर लूसी ने इंग्लैंड को लगातार दूसरा यूरो कप जिताने में अहम भूमिका निभाई

# लूसी ब्रॉन्जः टूटे पैर के साथ 598 मिनट यूरो कप खेलीं

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

शेर्लोट हार्पर

स्विट्जरलैंड में आयोजित महिला फुटबॉल यूरो कप 2025 का खिताब इंग्लैंड ने जीता। इंग्लिश टीम ने फाइनल में स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। 120 मिनट तक यह मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था। इस दौरान इंग्लैंड की स्टार डिफेंडर लूसी ब्रॉन्ज मैदान से बाहर गईं तो उनके चेहरे पर आंसू थे, लेकिन आंखों में गर्व भी था। वे फाइनल में 106वें मिनट तक खेलीं, और वह भी तब, जब टूर्नामेंट की शुरुआत से ही उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर था।

33 वर्षीय लूसी ब्रॉन्ज ने टूर्नामेंट में कुल 598 मिनट खेले। वह हर मैच की शुरुआती एकादश में थीं। हर टैकल में उन्होंने पूरी जान लगा दी, जबकि 31 मई को पुर्तगाल के खिलाफ नेशंस लीग मुकाबले में ही उन्हें पता चल गया था कि वे गंभीर रूप से चोटिल हैं। उनकी शिन बोन (घुटने से नीचे की हड्डी) टूट चुकी थी। उनके दूसरे पैर में भी एक अलग चोट थी, जिस पर सफेद पट्टी बंधी हुई थी। इसके बावजूद उन्होंने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं छोड़ा। यूरो 2025 में सिर्फ तीन खिलाड़ियों ने उनसे ज्यादा मिनट खेले; गोलकीपर हैना हैम्पटन (630 मिनट), डिफेंडर एलेक्स ग्रीनवुड (625 मिनट) और मिडफील्डर कीरा वॉल्श (599 मिनट)।



### लूसी का मिडिल नेम 'टफ' है, जिसका अर्थ ही मजबूती

- लूसी का पूरा नाम है लूसी टफ ब्रॉन्ज। यह उनकी मां का शादी से पहले का सरनेम था। इसका हिंदी में अर्थ ही 'मजबूत' होता है।
- यूरो कप फाइनल में लूसी इंग्लैंड के लिए 36वीं बार किसी मेजर टूर्नामेंट मैच में खेल रही थीं, जो इंग्लिश टीम के लिए सर्वाधिक है।

इंग्लैंड की मैनेजर सरीना वाइगमैन ने कहा, 'उसकी मानसिकता पागलपन है। अविश्वसनीय है। वह किसी और ही मिट्टी की बनी है।' ब्रॉन्ज का जुनून समझना मुश्किल नहीं, अगर उनकी कही ये बात सुनेंः 'मैंने हमेशा कहा है कि इंग्लैंड के लिए खेलने के लिए मैं कुछ भी करूंगी। मैंने अपना सब कुछ इंग्लैंड के लिए झोंक दिया।' ब्रॉन्ज ने बताया कि दर्द कम करने के लिए उन्होंने थोड़ी-बहुत दवा ली, लेकिन डोज सीमित रखनी पड़ी। उन्होंने हर मैच खेला, लेकिन सभी ट्रेनिंग सेशंस में हिस्सा नहीं ले सकीं।

लूसी सिर्फ मैदान पर उतरी नहीं, बल्कि उनका प्रदर्शन इंग्लैंड के अभियान के लिए निर्णायक भी रहा। क्वार्टर फाइनल में स्वीडन के खिलाफ लूसी ने अपने चोटिल पैर पर खुद ही पट्टी बांधी, मैच में गोल किया और फिर शूटआउट में निर्णायक पेनल्टी लेकर इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया। टीम की साथी जेस कार्टर ने कहा, 'वो जिद्दी है, दर्द में भी खेलती है। लेकिन उससे बड़ा विजेता कोई नहीं।'

## एशिया कप से पहले हॉन्ग कॉन्ग के कोच बने सिल्वा

भास्कर न्यूज़ | कॉजवे बे (हॉन्ग कॉन्ग)

श्रीलंका के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज कौशल सिल्वा को एशिया कप से पहले हॉन्ग कॉन्ग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। 39 वर्षीय सिल्वा ने 2011 से 2018 के बीच श्रीलंका के लिए 39 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 28.36 की औसत से 2,099 रन बनाए। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उनके नाम 13,932 रन दर्ज हैं। कोचिंग के क्षेत्र में सिल्वा पहले ही श्रीलंका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टीमों के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, यह पहली बार है जब वह किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर को हॉन्ग कॉन्ग और अफगानिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले से होगी।



## नीदरलैंड्सः लग्जरी क्रूज का विरोध, यह एक लाख की आबादी वाले शहर के जितना प्रदूषण फैलाता है

भास्कर न्यूज़ | एम्सटर्डम

फोटो नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम की है। जहां सोमवार तड़के एम्सटर्डम पासेज टर्मिनल पर डॉकिंग के लिए पहुंच रहे एक लग्जरी क्रूज शिप 'सेलेब्रिटी एक्लिप्स' के खिलाफ जलवायु कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। करीब 30 'एक्सटिंक्शन रिबेलियन' के कार्यकर्ताओं ने कायक (छोटी नावों) में सवार होकर सेलेब्रिटी एक्लिप्स का रास्ता रोक दिया। दरअसल, रॉयल कैरिबियन ग्रुप की सहायक कंपनी 'सेलेब्रिटी क्रूजेस' द्वारा संचालित 'सेलेब्रिटी एक्लिप्स' एक लग्जरी ओशन लाइनर है।

- प्रदर्शनकारी इसे 'तैरता हुआ पर्यावरणीय विनाश' बताते हैं। 2010 में लॉन्च किया गया था। यह 317 मीटर लंबा और 36 मीटर चौड़ा है। इस पर करीब 2,850 यात्री और 1,250 क्रू सदस्य सवार हो सकते हैं। एक औसत क्रूज जहाज हर दिन करीब 250,000 लीटर ईंधन जलाता है, जिससे भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड निकलते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्रूज जहाज एक दिन में जितना कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन करता है, वह एक छोटे शहर के बराबर होता है।
- सेलेब्रिटी एक्लिप्स क्रूज रोज लगभग 950 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन करता है। जो नीदरलैंड्स के एक लाख लोगों की आबादी वाले हार्लेम या डेल्फ्ट जैसे छोटे शहरों का कुल दैनिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (900–1000 टन) से अधिक है।

**भास्कर नॉलेज**

## बोटॉक्स के इंजेक्शन से क्यों ब्रिटेन में फैली दुर्लभ बीमारी?

**लंदन** | ब्रिटेन में सौंदर्य के पीछे भागते ट्रेंड ने अब एक गंभीर स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। हाल के हफ्तों में यहां बोटुलिज्म नाम की एक जानलेवा दुर्लभ बीमारी के 38 मामले सामने आए हैं। जानते हैं कि यह संकट कैसे फैला और इसके पीछे की असली वजहें क्या हैं।...

- **बोटुलिज्म क्या है और यह कितना खतरनाक?** यह एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है जो क्लोस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया से निकलने वाले टॉक्सिन से होती है। इसका असर स्ट्रोक जैसा दिख सकता है। मांसपेशियों में कमजोरी, सांस लेने में तकलीफ, और आंखों की रोशनी तक प्रभावित हो सकती है।
- **ब्रिटेन में यह संक्रमण कैसे फैल रहा है?** पुष्ट मामलों में पाया गया कि इन लोगों को 'बोटॉक्स' जैसा दिखने वाला अवैध-अप्रमाणित टॉक्सिन इंजेक्ट किया गया था। ये इंजेक्शन अधिकतर गैर-मेडिकल व्यक्तियों द्वारा लगाए गए थे। कुछ मामलों में तो उपयोग की गई दवाएं पशु-उपयोग के लिए बनी थीं।
- **बोटुलिनम टॉक्सिन वाले इंजेक्शन क्या होते हैं?** ब्रिटेन में कुछ ब्यूटी क्लीनिक बोटुलिनम टॉक्सिन वाले इंजेक्शन बेचते हैं, जो चीन या अन्य देशों से बिना अनुमोदन मंगाए जाते हैं। इन्हें बोटॉक्स जैसा बताया जाता है, पर इनमें डोज कंट्रोल व कोई गारंटी नहीं होती।
- **मरीजों को किस तरह के लक्षण दिखे हैं?** अधिकतर महिलाओं को इंजेक्शन के बाद थकान, धुंधली दृष्टि, बोलने और खाने में दिक्कत जैसे लक्षण दिखे। कुछ को आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखना पड़ा।
- **सरकार-स्वास्थ्य एजेंसियों की क्या प्रतिक्रिया है?** मामले की गंभीरता के चलते ब्रिटेन हेल्थ एजेंसी ने अलर्ट जारी किया है और सभी ब्यूटी क्लीनिक से लाइसेंस और टॉक्सिन सोर्स की जानकारी मांगी है। वहीं, सरकार कॉस्मेटिक इंजेक्शनों पर रेगुलेशन लाने की तैयारी में है।

**लोकसभा में विशेष चर्चा** • विपक्ष ने पूछा- पहलगाम में चूक की जिम्मेदारी किसकी?

# जब पाकिस्तान घुटनों पर था तब सरकार ने किन शर्तों पर सीजफायर कियाः हुड्डा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार को लोकसभा में हुई बहस में पक्ष-विपक्ष ने एक-दूसरे को जमकर घेरा। इस दौरान कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार से सवाल किया कि जब पाकिस्तान घुटनों पर था, तब सीजफायर किन शर्तों पर किया गया? हुड्डा ने कहा, जब हम ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान पर भारी थे, तभी सरकार ने युद्धविराम का फैसला क्यों किया? देश चाहता था कि पाकिस्तान को वैसा ही जवाब दिया जाए जैसा 1971 में इंदिरा गांधी ने पाक के दो टुकड़े कर के दिया था।

हुड्डा ने यह भी पूछा कि अमेरिका ने सरकार से पहले युद्धविराम की घोषणा कैसे कर दी? अमेरिका भारत के साथ पाकिस्तान की बराबरी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 28 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत को व्यापार की धमकी देकर सीजफायर कराया। वह भारत के फाइटर जेट गिरने तक की बात कह चुके हैं लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार भी उनकी बातों का खंडन नहीं किया है। सरकार को तय करना होगा कि उसे अमेरिका से हाथ मिलाना है या आंख दिखानी है।

### अनुराग ठाकुरः कांग्रेस चीन को अक्साई चिन सौंपकर ब्लंडर और सरेंडर कर चुकी



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, गजवा-ए-हिन्द व भारत को हजार टुकडों के मंसूबे पाले बैठे जिहादी हमारी सेना के सामने 48 घंटे भी नहीं टिक पाए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने इतिहास में कितने ही ब्लंडर और सरेंडर किए हैं। कांग्रेस ने कश्मीर मुद्दे को यूएन में ले जाकर सरेंडर किया, चीन को अक्साई चिन और कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपकर सरेंडर किया।

### बैजयंत पांडाः भारत शांति का हाथ बढ़ाता रहा पर पाक ने आतंक का रास्ता अपनाया

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा, पाक का आतंकवाद को प्रायोजित करने का इतिहास है। देश ने इसे रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। यहां तक कि पीएम मोदी ने भी कोशिश की। भारत ने हर बार शांति का हाथ बढ़ाया जबकि पाकिस्तान ने हर बार आतंक का रास्ता अपनाया।

### ललन सिंहः विपक्ष के लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता दिखाई नहीं दे रही है

पंचायती राज मंत्री व जदयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि विपक्षी लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता दिखाई नहीं दे रही है। विपक्ष बार-बार कहता है कि प्रधानमंत्री बोलते नहीं है, उन्हें बोलना चाहिए। अरे प्रधानमंत्री जी बोलते नहीं हैं, वह एक्ट करते हैं। वह एक्ट करके अपनी ताकत दिखाते हैं।

VS

### प्रणिति शिंदेः हमारी विदेश नीति शर्मनाक है... पड़ोसी चीन के साथ हाथ मिला रहे हैं



कांग्रेस सांसद प्रणिति शिंदे ने कहा, भारत की विदेश नीति शर्मनाक हो गई है। हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश, नेपाल व श्रीलंका- जो कभी भारत के करीबी हुआ करते थे, चीन से हाथ मिला रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की छवि इतनी कमजोर कभी नहीं हुई थी। हमें वो दौर याद आता है जब इंदिरा गांधी के सामने पाक ने सरेंडर किया था। उन्होंने पूछा कि पहलगाम में चूक की जिम्मेदारी किसकी है?

### वेंकटेशनः सऊदी से लौटने पर कश्मीर जाने के बजाय पीएम बिहार के चुनाव में लग गए

सीपीआईएम सांसद वेंकटेशन ने कहा कि जब देश पहलगाम हमले से दुखी था, तब पीएम सऊदी अरब से लौटने के बाद कश्मीर जाने के बजाय बिहार में चुनाव प्रचार करने चले गए। हम सबके दिलों में देश था। हम सबकी भावनाएं एकजुट थीं पर आपके दिलों में चुनाव थे।

### कल्याण बनर्जीः क्या कोई 90 रन पर पारी घोषित कर सकता है... मोदीजी ने कर दी

चर्चा के दौरान तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने भी बात रखी। इस दौरान उन्होंने जल्द सीजफायर को लेकर सवाल उठाए और कहा कि मोदीजी ने 90 रन पर पारी घोषित कर दी। उन्होंने कहा, कभी सुना है... 90 रन हो गया कोई बोलेगा इनिंग्स डिक्लेयर। यह सिर्फ मोदीजी कर सकते हैं।

**यूपी** • बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में हादसा

## बंदरों ने तार तोड़ा, करंट फैलने से भगदड़; 2 लोगों की मौत, 32 घायल

भास्कर न्यूज़ | बाराबंकी



श्रावण सोमवार मास के अवसर पर जलाभिषेक के दौरान बाराबंकी के हैदरगढ़ स्थित अवसानेश्वर मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई, जिसमें दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए। हादसे की वजह मंदिर परिसर में बंदरों द्वारा तोड़ी गई बिजली की तार को बताया गया, जो टिन की छत पर गिर गई और करंट फैलने से अफरा-तफरी मच गई जिला प्रशासन के अनुसार, मृतकों में 22 वर्षीय प्रशांत और एक 30 वर्षीय अन्य श्रद्धालु शामिल हैं, जिनकी इलाज के दौरान त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर किया गया है, जबकि 26 अन्य घायलों का इलाज हैदरगढ़ सीएचसी में चल रहा है। योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। बता दें कि यह हादसा एक दिन पहले उत्तराखंड के हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में हुई भगदड़ के बाद सामने आया है, जहां 8 श्रद्धालुओं की जान गई थी।

## साइबर हमले के बाद रूस में सौ से अधिक उड़ानें रद्द, अफरा-तफरी

एजेंसी | मॉस्को

रूस की सरकारी एयरलाइन एअरोफ्लोट पर साइबर हमले के चलते सोमवार को आईटी सिस्टम ठप हो गया, जिससे 100 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई देर से चलीं। मॉस्को एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई और सहयोगी कंपनियों की उड़ानें भी प्रभावित हुईं। यूक्रेनी हैकर समूह 'साइलेंट क्रो' और बेलारूसी 'साइबर-पार्टिजन्स' ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रूसी अभियोजक कार्यालय ने आपराधिक जांच शुरू की है। क्रेमलिन ने घटना को 'बेहद चिंताजनक' बताया है।

## पाकिस्तानः पीएम शहबाज के खिलाफ 2 दिनों में कोर्ट की अवमानना का दूसरा केस

**इस्लामाबाद** | पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जवाद ख्वाजा ने पीएम शहबाज शरीफ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना को लेकर याचिका दायर की है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 7 मई को सैन्य अदालतों में नागरिकों को अपील का अधिकार देने के लिए 45 दिन में कानून बनाने का निर्देश दिया था, जिसका पालन नहीं हुआ। 26 जुलाई को डॉ. आफिया सिद्दीकी केस में अवमानना नोटिस के बाद यह दो दिनों में पीएम के खिलाफ दूसरा अवमानना मामला है।

## बैंकॉक में 61 साल के व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग के बाद की खुदकुशी; 6 की मौत

**बैंकॉक** | थाईलैंड के बैंकॉक के ओ टॉर कॉर फूड मार्केट में सोमवार को हगोलीबारी में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 सिक्योरिटी गार्ड भी शामिल हैं। बाद में हमलावर ने खुद को भी गोली मार खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 61 वर्षीय नोई प्राइडन के रूप में हुई है।

## हादसा होने तक की रिकॉर्डिंग है, इसके बाद 10 खास मिनट की नहीं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त एअर इंडिया विमान एआई-171 में हादसे के तुरंत बाद ब्लैक बॉक्स रिकॉर्डिंग बंद हो गई थी। हादसे के समय तक की सारी रिकॉर्डिंग है। लेकिन, उसके बाद की नहीं। जबकि, एफएए और आईसीएओ मानकों के अनुसार हादसे के बाद भी 10 मिनट तक रिकॉर्डिंग चलना अनिवार्य है। एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में भारतीय समयानुसार 13:39:11 बजे तभी रिकॉर्डिंग बंद होने का जिक्र है, जब इंजन दोबारा स्टार्ट करने की कोशिश हुई और वह बिल्डिंग से टकराया। इससे पहले, 13:39:05 बजे 'मेडे कॉल' हुई।

इंजन फेल या पॉवर लॉस की स्थिति में हादसे के बाद भी विमान में रिकॉर्डर इंडिपेंडेंट पॉवर सप्लाई (रिप्स) वाले ब्लैक बॉक्स की रिकॉर्डिंग बैटरी से जारी रहनी चाहिए। लेकिन यह दोनों इंजन का फ्यूल बंद होने के 8 सेकेंड बाद बंद हो गई। इस पर विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। क्या रिप्स सक्रिय नहीं हुआ? इस सवाल के बारे में प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई जिक्र नहीं है।

## थाईलैंड-कंबोडिया संघर्षविराम को तैयार, मलेशिया ने की मध्यस्थता

भास्कर न्यूज़ | कुआलालंपुर

थाईलैंड और कंबोडिया ने सोमवार को मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तुरंत और बिना शर्त संघर्षविराम पर सहमति जताई। यह फैसला सीमा पर 5 दिन से जारी घातक झड़पों के बाद आया है, जिनमें अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है और 2.6 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। अनवर ने बताया कि थाई कार्यवाहक पीएम फुमथाम वेचयाचाई और कंबोडियाई पीएम हुन मानेत ने आपसी विश्वास बहाली की दिशा में स्पष्ट बातचीत की और मंगलवार मध्यरात्रि से संघर्षविराम लागू करने पर सहमति दी। दोनों देशों के सैन्य और सरकारी अधिकारी तनाव घटाने के लिए वार्ता करेंगे। हुन मानेत ने कहा कि वह चाहते हैं कि 3 लाख विस्थापित लोग जल्द घर लौट सकें।

## बिहारः विधानसभा से अस्पताल तक बारिश का पानी भरा







**पटना** | तस्वीरें बिहार की राजधानी पटना की है जहां भारी बारिश के चलते सोमवार को शहर के कई हिस्सों के जलमग्न होने की स्थिति खड़ी हो गई। पटना में विधानसभा (पहली फोटो) और गार्डनीबाग अस्पताल (दूसरी फोटो), पटना जंक्शन सहित शहर के अन्य इलाकों में जलजमाव की स्थिति बनी रही। विधानसभा में पानी भरने के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई, सावन सोमवार पर कई लोगों को मंदिरों में पानी के बीच ही पूजा करनी पड़ी।

**भास्कर खास** चैटजीपीटी के शुरुआती डेवलपर शेंगजिया झाओ मेटा के सुपरइंटेलिजेंस एआई ग्रुप के चीफ साइंटिस्ट बने

# चैटजीपीटी को 'समझदार' बनाने वाले झाओ मेटा में; बॉट को इंसानों जैसे सोचने की क्षमता दी, गूगल व डीपसीक ने भी अपनाया... अब एआई को नैतिक बनाने के पक्षधर

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने शेंगजिया झाओ को कंपनी के नए सुपरइंटेलिजेंस एआई ग्रुप का चीफ साइंटिस्ट नियुक्त किया है। झाओ ओपन एआई के लोकप्रिय चैटबॉट चैटजीपीटी के शुरुआती डेवलपर्स में शामिल रहे हैं। मेटा का यह नया ग्रुप ऐसे एआई मॉडल विकसित करेगा, जो इंसानों जितना या उससे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

झाओ ओपन एआई प्रमुख शोधकर्ता रह चुके हैं। वहां रहते हुए उन्होंने चैटजीपीटी-4 जैसे ग्राउंडब्रेकिंग मॉडलों के विकास में अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने एआई की दुनिया में क्रांति ला दी है। जानिए, झाओ का प्रेरक सफर...

**चीफ साइंटिस्ट** पद मिलने के बाद झाओ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखी... - 'एएसआई (आर्टिफिशियल सुपरइंटेलिजेंस) को सिर्फ शक्ति के लिए नहीं, बल्कि मानवता को सशक्त बनाने के लिए रचना।' यह सोच तकनीकी दुनिया में नैतिक दिशा की ओर इशारा करती है- जहां एआई का उद्देश्य नियंत्रण नहीं, सहयोग है।



झाओ 2014 में चीन की सिंघुआ यूनिवर्सिटी से एक्सचेंज स्टूडेंट के तौर पर अमेरिका की राइस यूनिवर्सिटी पहुंचे। यूनिवर्सिटी के विशाल परिसर में घूम रहे झाओ को अंदाजा भी नहीं था कि एक दशक बाद, वह हमारे समय की सबसे शक्तिशाली टेक्नोलॉजी में से एक के केंद्र में होगा... जिज्ञासु, शांत स्वभाव के झाओ उस दौरान ऐसे सवाल पूछ रहे थे, जिनके आसान जवाब नहीं होते। सिंघुआ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भी उनकी प्रतिभा से हैरान थे। वे उन्हें ऐसा छात्र मानते हैं जो समस्याओं को हल करने मात्र से संतुष्ट नहीं था, वह जानना चाहता था कि आखिर समस्या है ही क्यों? बस यही जिद उन्हें शीर्ष तक ले आई। 2015 में पढ़ाई के दौरान उन्हें गूगल एक्सीलेंस स्कॉलरशिप मिली। 2016 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग में पीएचडी प्रोग्राम से जुड़ने के बाद वे सिलिकॉन वैली की एआई क्रांति के केंद्र में पहुंच गए। लेकिन स्टार्टअप फेम या इंस्टेंट फंडिंग के बजाय वे उस चीज के करीब रहे, जिससे ज्यादा प्यार था... डीप रिसर्च। अगले छह बरस में उन्होंने खुद को ऐसे विषयों में डुबो दिया, जो आगे चलकर जनरेटिव एआई, रीइन्फोर्समेंट लर्निंग और मल्टी मॉडल सिस्टम का डीएनए बन गए। झाओ इस बात से रोमांचित थे कि कैसे मशीनें न सिर्फ भाषा को प्रोसेस कर सकती हैं, बल्कि उससे सीख भी सकती हैं, तर्क भी कर सकती हैं और अंततः इंसानों की तरह बातचीत भी कर सकती हैं।

स्टैनफोर्ड के बाद झाओ ओपनएआई से जुड़ गए। लोगों का ध्यान ओपन एआई के नेतृत्व पर था, पर झाओ छिपे हुए वास्तुकार थे, जिन्होंने चैटजीपीटी-4, जीपीटी 4.1 और 03 जैसे चुस्त संस्करणों को बनाने में अहम भूमिका निभाई। इन मॉडलों ने दिखाया कि एआई कितनी सहजता से इंसानों जैसी भाषा समझने के साथ उसे पैदा कर सकता है। उन्होंने ओपन एआई के पहले एआई रीजनिंग मॉडल o1 के विकास में भी योगदान दिया। इस मॉडल ने 'चेन-ऑफ-थॉट' कॉन्सेप्ट को लोकप्रिय बनाया, जिससे एआई ज्यादा तार्किक व जटिल समस्याओं को हल करने में सक्षम बना। बाद में गूगल और डीपसीक जैसी कंपनियों ने भी इस अवधारणा को अपनाया।

झाओ की कहानी... करियर पाथ नहीं, ब्लूप्रिंट है। उन्होंने सफलता के लिए हड़बड़ी नहीं की। इसे धीरे-धीरे, परत दर परत सबसे कठिन क्लास व लैब में गढ़ा। सिंघुआ के कठोर अनुशासन से लेकर राइस के खुलेपन व स्टैनफोर्ड की गहराई तक... यह सफर ऐसी मानसिकता दिखाता है जो सीखने को इनोवेशन के इंजन के रूप में महत्व देती है।

नेतन्याहू के **गाजा में भुखमरी नहीं** दावे से ट्रम्प असहमत

## मैंने टीवी पर गाजा के बच्चों की तस्वीरें देखीं, वे बहुत भूखे नजर आ रहे हैंः ट्रम्प

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत



पीएम स्टारमर व राष्ट्रपति ट्रम्प।

**टर्नबेरी (स्कॉटलैंड)** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को गाजा में मानवीय संकट और यूक्रेन युद्ध को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर के साथ स्कॉटलैंड के टर्नबेरी स्थित अपने गोल्फ क्लब में हुई बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के इस दावे से सहमत नहीं हैं कि 'गाजा में भुखमरी नहीं है।'

ट्रम्प ने कहा- 'मैंने टीवी पर गाजा के बच्चों की तस्वीरें देखीं, वे बहुत भूखे नजर आ रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें खाना मिले।' उन्होंने दोहराया कि अमेरिका गाजा में मानवीय सहायता भेजने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'इसराइल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खाना लोगों तक पहुंचे।'

- **पुतिन को नई डेडलाइनः** यूक्रेन को लेकर ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रति नाराजगी जताई और पहले दी गई 50 दिन की डेडलाइन को घटाकर 10 से 12 दिन कर दिया। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि रूस इस अवधि में युद्ध नहीं रोकता तो नई पाबंदियां लगाई जाएंगी।

दैनिक भास्कर समूह | • 3 भाषाएं • 12 राज्य • 61 संस्करण

# दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर • मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली
पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | झारखंड | बिहार
दिव्य भास्कर • गुजरात | महाराष्ट्र
दिव्य मराठी • महाराष्ट्र



## न्यूज़ ब्रीफ

### चर्च में कॉन्सर्ट से बिशप नाराज, कलाकारों को बाहर निकाला



**लंदन** | लंदन की एक चर्च में अजीबोगरीब मामला सामने आया। यहां एक नाराज बिशप ने लंदन के एक चर्च में चल रही कॉन्सर्ट को मंच पर आकर बीच में ही रोक दिया। मंच पर आए बिशप ने गायकों से कहा कि वे यहां से बाहर निकल जाएं। यह घटना होलबोर्न की सेंट एंड्रयूज चर्च की है, जहां 'सिटी एकेडमी वॉयसेस' म्यूजिक ग्रुप का कॉन्सर्ट चल रहा था। इस घटना के बाद वहां मौजूद दर्शकों ने नाराजगी जताई। हालांकि इसके बाद भी कार्यक्रम हुआ। पहले दर्शकों को लगा कि यह सब 'स्क्रिप्टेड' है, पर ऐसा नहीं था।

### महिला दोस्त के साथ जाने पर सवाल किया तो पत्नी को जलाया

**लातूर** | महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक महिला फातिमा कुरैशी (25) ने जब अपने पति से उसकी महिला दोस्त के साथ बाहर जाने को लेकर सवाल किया तो पति ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला 70% तक जल चुकी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई को पति-पत्नी के बीच महिला दोस्त को लेकर बहस हुई थी। इसी दौरान पति ने अपनी महिला दोस्त की मदद से पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### हैदराबादः बैडमिंटन खेलते हुए युवक गिरा, मौके पर ही मौत



**हैदराबाद** | हैदराबाद में रविवार रात गुंडला राकेश (26) बैडमिंटन खेलते हुए अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। राकेश प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह दोस्तों के साथ शहर के उप्पल इलाके में एक एकेडमी में बैडमिंटन खेल रहा था। मैच के दौरान वह अचानक गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सख्ती** • कुत्तों के काटने से मौतों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया

# कुत्तों के काटने के 37 लाख केस सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये डरावना

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के हमलों के कारण रेबीज से होने वाली मौतों की घटनाओं पर सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने इसे बेहद चिंताजनक और डराने वाला बताया। यह रिपोर्ट दिल्ली में छह साल की बच्ची छवि शर्मा की मौत से जुड़ी हुई है, 30 जून को उसे एक कुत्ते ने काट लिया था। इलाज के बावजूद 26 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि रिपोर्ट में जो तथ्य दिए गए हैं, वे बेहद परेशान करने वाले हैं।

कोर्ट ने कहा कि हर दिन दिल्ली और आसपास केई इलाकों में कुत्तों के काटने के सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। कई मामलों में रेबीज फैल रहा है, खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आ रहे हैं। बेंच ने रिपोर्ट को जनहित याचिका के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि यह रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश के सामने उचित आदेशों के लिए रखी जाए।

### 'डॉग बाइटिंग' के कारण रेबीज से 54 लोगों की मौत



| राज्यवार मामले (लाख में) | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 4,85,345 |
| तमिलनाडु | 4,80,427 |
| गुजरात | 3,92,837 |
| कर्नाटक | 3,61,494 |
| बिहार | 2,63,930 |
| केरल | 1,15,046 |
| दिल्ली | 25,210 |

- पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने 22 जुलाई को लोकसभा में बताया कि 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट्स के मामले और 54 लोगों की संदिग्ध रेबीज से मौतें दर्ज हुईं।
- साल 2024 में 5,19,704 से अधिक पीड़ित 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे थे। कुत्तों के काटने से प्रभावित हर सात पीड़ितों में एक बच्चा शामिल था।
- साल 2023 में कुत्तों के काटने के देशभर में 30.5 लाख और 2022 में 21.9 लाख मामले सामने आए।
- सबसे ज्यादा कुत्ते काटने के मामले महाराष्ट्र में सामने आए। वहीं दिल्ली में कुत्तों के काटने के मामलों में साल दर साल 143 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इससे पहले 15 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खिलाने के लिए तय जगह की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने कहा था कि लोग कुत्तों को खाना देना चाहते हैं तो घरों में दें, बेंच ने कहा था कि दोपहिया वाहन चालकों और सुबह टहलने वालों को कुत्तों के हमले का खतरा बना रहता है।

## स्पेन में 'बैटल ऑफ फ्लॉवर्स': झांकियों की 133 साल पुरानी परंपरा



**स्पेन** | वेलेंसिया शहर के 'पैसेदे ला अल्मेडा' में 27 जुलाई को 'बैटल ऑफ फ्लॉवर्स' मेला आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह मेला वर्ष 1891 से आयोजित हो रहा है। इस परंपरागत उत्सव के दौरान करीब 40 सजी-धजी झांकियों की भव्य परेड निकाली जाती है। इस दौरान दर्शक एक-दूसरे पर करीब डेढ़ मिलियन गुलनार (कार्नेशन) फूल उड़ाए जाते हैं। ये फूल मुख्यतः पीले, नारंगी और लाल रंग होते हैं, जो पूरे परेड को एक जीवंत और रंगीन रूप देते हैं।

### हिमाचलः बाढ़ में अनाथ हुई नीतिका को सरकार ने बनाया 'राज्य की बेटी'

**शिमला** | हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से आई बाढ़ में माता-पिता और दादी को खो चुकी 10 महीने की नीतिका को राज्य सरकार ने 'राज्य की बेटी' घोषित किया है। अब उसकी परवरिश, पढ़ाई और भविष्य की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। यह हादसा 30 जून और 1 जुलाई की रात मंडी के तलवाड़ा गांव में हुआ था। नितिका के पिता रमेश (31) की प्राकृतिक आपदा में मौत हो गई, जबकि मां राधा देवी (24) और दादी पूर्णु देवी (59) अब तक लापता हैं। रमेश घर में पानी घुसने से रोकने के लिए बाहर निकले थे।



**स्टडी** • 23.5% किशोर चला रहे डेटिंग एप

# डेटिंग एप्स से किशोरों में डिप्रेशन का खतरा बढ़ा

एजेंसी | वॉशिंगटन

डेटिंग एप्स उपयोग का उपयोग इन दिनों किशोरों में बढ़ गया है। 23.5% किशोरों ने पिछले छह महीने में डेटिंग एप्स का उपयोग किया। यह आंकड़ा पहले के अनुमानों से कहीं ज्यादा है। रिसर्च में यह भी पाया गया कि जो किशोर बार-बार डेटिंग एप्स का इस्तेमाल करते हैं, उनमें मेजर डिप्रेसिव डिसऑर्डर के लक्षण ज्यादा पाए गए। शोधार्थी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की विशेषज्ञ प्रोफेसर फेलो लिलियन ली के मुताबिक, जो किशोर कभी-कभी डेटिंग एप्स का इस्तेमाल करते हैं, उनमें तुलनात्मक रूप से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं कम दिखीं। लेकिन जो बार-बार इन एप्स का इस्तेमाल करते हैं, उनमें डिप्रेशन और रिस्की बिहेवियर की संभावना ज्यादा पाई गई।

स्टडी में 149 अमेरिकी किशोरों को शामिल किया गया, जिनमें से 35 ने डेटिंग एप्स का इस्तेमाल किया। यह स्टडी कीबोर्ड एक्टिविटी के आधार पर की गई, जिससे पूरे समय तक नजर रखी गई। इससे सटीक रिजल्ट मिले। हालांकि, इसमें प्रोफाइल लाइक या डिस्लाइक जैसी एक्टिविटी को ट्रैक नहीं किया गया।



### एक्सपर्ट्स ने बताईं डेटिंग एप्स से जुड़ी मुख्य चिंताएं

- **ऑनलाइन शिकार बन सकते हैं किशोरः** डेटिंग एप्स पर किशोरों को फर्जी प्रोफाइल बनाकर इमोशनल रिलेशनशिप में फंसाया जा सकता है। इसके बाद उनसे निजी जानकारी लेकर ब्लैकमेल किया जा सकता है।
- **किशोरों को नहीं पता होता कि सामने वाला कौन हैः** किशोर यह नहीं समझ पाते कि जिससे वे ऑनलाइन बात कर रहे हैं, वह असल में कोई साइबर क्रिमिनल भी हो सकता है।
- **डेटिंग एप्स से नहीं सीखते हेल्दी रिलेशनशिपः** डेटिंग एप्स किशोरों को यह सिखाते हैं कि रिश्ते आसानी से बनाए और तोड़े जा सकते हैं। जबकि असल जिंदगी में रिश्ते निभाने के लिए बातचीत, समझदारी और सहनशीलता की जरूरत होती है। इसलिए पैरेंट्स को चाहिए कि वे उन्हें ऑफलाइन एक्टिविटीज में शामिल करें।

पटना जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए

## कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बना दिया, राजस्व अफसर पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | पटना

पटना में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जिले के मसौढ़ी प्रखंड से एक कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बन गया। देखते ही देखते सोशल मीडिया पर यह वायरल हो गया। सोमवार को मामले में जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने संज्ञान लिया। इसके बाद डॉगी बाबू का निवास प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया। उन्होंने मसौढ़ी अनुमंडल के एसडीओ को मामले में जांच का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट के बाद अंचल अधिकारी प्रभात रंजन के लिखित बयान पर मसौढ़ी थाना में कुत्ते की तरफ से आवेदन देने वाले अज्ञात व्यक्ति, आईटी सहायक राकेश कुमार और राजस्व अधिकारी मुरारी चौहान पर केस दर्ज किया गया है। वहीं जिला प्रशासन ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से राजस्व अधिकारी मुरारी चौहान को निलंबित करने की अनुशंसा की है।



**बिहार** • आपदा में एंबुलेंस नहीं, अस्पताल पहुंचेगा, मिला भीष्म क्यूब

# 20 मिनट में 200 बेड, 12 मिनट ओटी

भास्कर न्यूज़ | फुलवारीशरीफ

आपदा या युद्ध जैसी स्थिति में अब अस्पताल खुद चलकर मरीजों के पास पहुंचेगा। एम्स पटना को हाईटेक पोर्टेबल ट्रॉमा सेंटर आरोग्य मैत्री के तहत भीष्म क्यूब मिल गया है। यह 20 मिनट में पूरी तरह 200 बेड का अस्पताल बन जाएगा। 12 मिनट में ऑपरेशन थिएटर (ओटी) तैयार हो जाएगा। यह तकनीक रक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट में तैयार की गई है। हाईटेक हेल्थ भीष्म को पहली बार जनवरी में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रदर्शित किया गया था। अब इसकी एक यूनिट एम्स पटना को सौंपी गई है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने भीष्म क्यूब देश के सभी एम्स को दिया है। इस क्यूब में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और मॉनिटरिंग डिवाइस जैसी सुविधाएं मिलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूक्रेन को भी यह पोर्टेबल अस्पताल गिफ्ट किया था। अब यह तकनीक आम जनता की जान बचाने के लिए भारत में इस्तेमाल होगी। भीष्म क्यूब्स को एक ऐसे ढांचे पर रखा जाता है, जो एडजस्टेबल एवं मजबूत होता है। इसे वायु, समुद्र, भूमि तथा ड्रोन के जरिए लाया व ले जाया जा सकता है।

### 29 जुलाई को भीष्म क्यूब का होगा लाइव डेमो



भीष्म क्यूब बिजली, पानी, जीवनरक्षक दवाओं, जांच उपकरण और टेली मेडिसिन जैसी सुविधाओं से लैस है। इसे पहाड़ी, ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में तुरंत तैनात किया जा सकता है। एम्स पटना में 29 जुलाई को इसका लाइव डेमो होगा। यह ट्रॉमा केयर की क्रांति है। आपदा के समय मरीज की जान बचाने के लिए यह सबसे असरदार समाधान है। इसमें एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, मॉनिटरिंग डिवाइस जैसी सुविधाएं हैं।

**सर्वेः निकोरे एसोसिएट्स की रिपोर्ट जारी**

### महिलाओं को बस किराए में सब्सिडी से 50% तक बचत

एजेंसी | कोलकाता

देश के पांच राज्यों में किए गए एक सर्वे में सामने आया है कि जिन शहरों में महिलाओं को बस किराए में पूरी छूट दी गई है, वहां उनकी ट्रांसपोर्ट लागत में 30 से 50% तक की बचत हो रही है। इन पैसों को महिलाएं खाने-पीने, इलाज और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी खर्चों में इस्तेमाल कर रही हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि किराया सब्सिडी से महिलाओं के लिए रोजगार के मौके भी बढ़े हैं। इस रिपोर्ट को निकोरे एसोसिएट्स ने फ्री राइड्सः 'बियॉन्ड अ मल्टी-स्टेट असेसमेंट ऑफ वीमेन'स बस फेयर सब्सिडी स्कीम्स इन अर्बन इंडिया' नाम से तैयार किया है।

**कम आय वाली महिलाओं के लिए राहतः** कम आय वाली महिलाओं के लिए रोजाना का बस किराया एक बड़ी बाधा था। जब यह खर्च हटा दिया गया, तो उन्हें न सिर्फ सफर की सहूलियत मिली, बल्कि वे आर्थिक रूप से ज्यादा सक्रिय हो पाईं। पूरी तरह किराया माफ शहरों में दिल्ली, बेंगलुरु और हुबली-धारवाड़ शामिल है। यहां महिलाओं को पूरी तरह से बस किराया माफ है। जिन शहरों में बस सेवा अच्छी है, वहां महिलाओं को रोजगार के ज्यादा मौके मिले हैं।

**सोशल मीडिया ट्रेंड** • 1.3 अरब से ज्यादा बार देखा जा चुका है चैलेंज

## दुनियाभर में छाया 'निक्की मिनाज चैलेंज', 2013 में म्यूजिक वीडियो से हुई थी शुरुआत

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

सोशल मीडिया पर आए दिन नए चैलेंज देखने को मिलते हैं, जिन्हें आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक पूरा करते हुए दिखाई देते हैं। इसी क्रम में इन दिनों सोशल मीडिया पर एक नया चैलेंज वायरल हो रहा है, जिसे 'निक्की मिनाज चैलेंज' कहा जा रहा है। इस चैलेंज की खास बात यह है कि इसमें लोग एक पैर पर बैठकर दूसरे पैर को क्रॉस करते हैं और इस मुश्किल पोज को ऊंची हील्स पहनकर खतरनाक जगहों पर दोहराते हैं।

यह पोज पहली बार साल 2013 में निक्की मिनाज के म्यूजिक वीडियो में देखा गया था। अब यह फिर से दुनियाभर में वायरल हो गया है। इस चैलेंज में लोग किचन काउंटर पर रखे बर्तनों, बच्चों के झूलों यहां तक कि सॉफ्ट ड्रिंक के कैन पर भी यह पोज बना रहे हैं।



### चैलेंज के लिए बैलेंस और आत्मविश्वास जरूरी

इस ट्रेंड को निकी मिनाज चैलेंज के नाम से अब तक 1.3 अरब से ज्यादा बार देखा जा चुका है। हालांकि यह चैलेंज देखने में मजेदार है, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसे करने के लिए बैलेंस और आत्मविश्वास जरूरी है। बिना तैयारी के इसे करना खतरनाक हो सकता है।

### यह चैलेंज बिजनेस प्रमोशन का जरिया भी बना

कुछ लोगों ने इस चैलेंज को अपने बिजनेस प्रमोट करने के लिए भी इस्तेमाल किया। 'फेंटी ब्यूटी' के सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट हुआ, जिसमें एक महिला ब्रांड के प्रोडक्ट्स की स्टैक पर यह पोज करती दिखी। कुछ मांएं बच्चों के खिलौनों के ढेर पर बैठकर यह पोज करती नजर आईं।

### मां की स्किन ने बचा ली 8 महीने के बेटे की जान

एजेंसी | अहमदाबाद

अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में झुलसे 8 महीने के ध्यान्श की जान उसकी मां मनीषा ने न सिर्फ बचाई, बल्कि इलाज में भी मदद की। हादसे में ध्यान्श को 36% और मनीषा को 25% जलने की चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने मां की स्किन लेकर ध्यान्श की गहरी जलन वाली चोटों पर ग्राफ्टिंग की। अब दोनों की हालत में सुधार है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। यह हादसा 12 जून को हुआ था, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 241 विमान में सवार थे और बाकी जमीन पर मौजूद लोग थे। ध्यान्श और उसकी मां को पांच हफ्ते तक प्लास्टिक सर्जरी और इंटेंसिव ट्रीटमेंट दिया गया। अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ. रुत्विज पारिख ने बताया कि ध्यान्श को थर्ड डिग्री बर्न हुआ था। ऐसे में उसकी स्किन को रिप्लेस करने के लिए मां की स्किन का इस्तेमाल किया गया। क्योंकि बच्चों के शरीर पर स्किन कम होती है।

## छत्तीसगढ़ः कॉलम, बीम और स्लैब में खर्च हो गए एक करोड़, टंकी बनी ही नहीं

ठाकुरराम यादव | रायपुर



*आजकल जिंक एल्युमिनियम के ओवरहैड टैंक की नई तकनीक आई है। रुदा में सिविल वर्क पूरा होने के बाद एल्युमिनियम टंकी लगाई जाएगी। सप्लाई में देरी की वजह से अब तक टंकी लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया है।*
**– संजीव बृचपुरिया,** अधीक्षण अभियंता दुर्ग पीएचई

जल जीवन मिशन योजना में पीएचई की एक और करतूत सामने आई है। दुर्ग जिले के रुदा ग्राम पंचायत में पीएचई के अफसरों ने करीब एक करोड़ की लागत से पानी टंकी बनाई है। टंकी के कॉलम, बीम और स्लैब डालने में ही पूरे पैसे खर्च हो गए। वर्टिकल वॉल यानी पानी स्टोर करने वाली टंकी बनाने के लिए पैसे ही नहीं बचे। ठेकेदार ने उसी हालत में स्ट्रक्चर बनाकर अफसरों को सौंप दिया। गांव के लोगों ने जब इस संबंध में अफसरों से पूछा तो उनका कहना है कि अब अलग से टंकी लगाएंगे। दैनिक भास्कर ने जब इस संबंध में पीएचई के कुछ पुराने अफसरों से बात की तो पता चला कि छत्तीसगढ़ में आज तक ऐसी टंकी कभी नहीं बनी।

### चाय बेचने वाले ने दी थी रक्षा राज्यमंत्री को धमकी

भास्कर न्यूज़ | रांची

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को फोन और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नित्यानंद पाल को सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। वह ट्रेन में चाय बेचता है। बोकारो जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर बांगा बाजार का रहने वाला है। फिलहाल वह धनबाद के हरिहरपुर स्थित विशनपुर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने रक्षा राज्य मंत्री को दो मोबाइल नंबर 6209401932 और 9431706452 से धमकी भरे कॉल और मैसेज भेजे थे। एक सिम कार्ड को उसने तोड़कर फेंक दिया था, जबकि दूसरा लगातार इस्तेमाल कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नौवीं कक्षा तक पढ़ा है। बताया कि वह पहले भी इंटरनेट से नंबर निकालकर कई अफसरों और नेताओं को धमकी दे चुका है।



आरोपी नित्यानंद

**भास्कर खास** पवित्र सिंह बने प्रेरणास्रोत, इनके ट्रेंड 62 युवक भारतीय सेना में सिलेक्ट

# हादसे में बाजू गंवाई पर हिम्मत नहीं छोड़ी... हैंडीकैप्ड वर्ग में 400 मीटर दौड़ में 3 मेडल जीते, अब 125 युवकों को दे रहे फ्री ट्रेनिंग

सिमरनजीत सिंह | संगरूर



ट्रॉफी को चूमते पवित्र सिंह

पंजाब के गांव संगतपुरा निवासी पवित्र सिंह भवानीगढ़ स्पोर्ट्स स्टेडियम में 125 से अधिक लड़के-लड़कियों को खेलों और रक्षा सेवाओं में भर्ती के लिए तैयार कर रहे हैं। वह प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं। 11 मई, 2016 को एक सड़क हादसे में पवित्र सिंह की दाहिनी बाजू कंधे से काटनी पड़ गई। उस समय वह खुद सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे थे और टेस्ट पास भी कर चुके थे। हादसे के महज 2 माह पहले उनका विवाह हुआ, पर एक घटना ने उनकी जिंदगी को नए मोड़ पर ला दिया। उन्होंने न केवल खुद को संभाला, बल्कि समाज के लिए नई मिसाल पेश की।

### खुद मास्टर कैडर परीक्षा की तैयारी कर रहे, बोले-युवाओं के सपने पूरे करना है लक्ष्य



पवित्र ने अपने जीवन को फिर पटरी पर लाने के लिए अस्पताल से घर तक सैर करने के लिए पैदल चलना शुरू किया। जैसे बाजू के टांके काटे गए तो दौड़ लगानी शुरू की और फिर हैंडीकैप्ड वर्ग में 400 मीटर दौड़ में राज्य स्तर पर 3 मेडल जीते। उन्होंने एक हाथ से पगड़ी बांधनी सीखी और बाएं हाथ से लिखना भी। बाद में उन्होंने बीए, बीएड और एमए की पढ़ाई पूरी की। अब वह मास्टर कैडर की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें खुद पर यकीन है कि वह अध्यापक चुने जाएंगे। पवित्र का कहना है कि खेल अकादमियां भर्ती की तैयारी कराने के नाम पर हजारों रुपए वसूलती हैं, जो गरीब परिवारों के लिए संभव नहीं है। उन्होंने ठान लिया कि वह युवाओं से कोई फीस नहीं लेंगे। उनकी ट्रेनिंग से अब तक 62 युवा भारतीय सेना में भर्ती हो चुके हैं। उनका कहना है कि अब युवाओं के सपनों को पूरा करना लक्ष्य है। ट्रेनिंग लेने वाले गुरसेवक, आकाशदीप का कहना है कि पवित्र उनके लिए सिर्फ कोच नहीं, बड़े भाई हैं।

सीएम आज बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-स्मृति स्तूप का उद्घाटन करेंगे

# 72 एकड़ में बना स्तूप तैयार, यहां बुद्ध के अस्थि कलश के दर्शन कर सकेंगे

भास्कर न्यूज़ | पटना

वैशाली में बने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-स्मृति स्तूप का उद्घाटन मंगलवार को होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उद्घाटन करेंगे। 72 एकड़ के इस कैंपस में भगवान बुद्ध के अस्थि कलश के दर्शन होंगे। यह आधुनिक भारत का पहला निर्माण है, जिसमें सिर्फ पत्थर का इस्तेमाल हुआ।

उद्घाटन समारोह में 15 देशों के बौद्ध भिक्षु व धर्मावलंबी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का अस्थि अवशेष 6 जगहों से प्राप्त हुआ। इसमें वैशाली के मड स्तूप से जो अस्थि अवशेष मिले, वह सबसे प्रामाणिक है। इसका जिक्र चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। वैशाली ने दुनिया को पहला गणतंत्र दिया।



वैशाली में बना बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-स्मृति स्तूप।

प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001